पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, रविवार, 26 जनवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक– 281 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन– 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23

## शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशबन्धु परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

## आज अवकाश

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में रविवार, 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक मंगलवार, 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

– प्रबंधक

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र को किया संबोधित

# संविधान हमारी सामूहिक अस्मिता का मूल आधार

**नई दिल्ली**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। अपनी स्पीच की शुरुआत उन्होंने देश को बधाई देकर की। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामूहिक सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है। किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है। भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इस काल खंड में भारत की चेतना जागी। इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।



राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमें उन वीरों को याद करना चाहिए जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कुछ के नाम प्रसिद्ध हुए, तो कुछ को हाल ही में पहचान मिली। इस साल हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जो ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतीक हैं जिनके योगदान को अब सही तरीके से माना जा रहा है। 20वीं सदी की शुरुआत में इन संघर्षों ने एक संगठित आजादी की लड़ाई का रूप लिया। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात थी कि महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर और बाबासाहेब अंबेडकर जैसे महान लोग हमारे साथ थे, जिन्होंने देश को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने में मदद की। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे देश की सभ्यता का हिस्सा रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात के वडनगर में देश के पहले आर्कियोलॉजिकल एक्सपेरिमेंटल म्यूजियम का काम पूरा होने वाला है। यह म्यूजियम एक आर्कियोलॉजिकल साइट से जुड़ा हुआ है। इस जगह पर इंसानों की बस्ती होने के लगभग 800 वर्ष ईसा पूर्व के साक्ष्य मिलते हैं। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हाल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सरकार ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा की

# नागेश्वर रेड्डी, जगदीश केहर को पद्म विभूषण

- श्रीजेश को पद्म भूषण और पैरालंपिक विजेता हरविंदर को पद्म श्री सम्मान
- 139 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया

**नई दिल्ली**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। जाने माने चिकित्सक डी नागेश्वर रेड्डी और न्यायमूर्ति जगदीश सिंह केहर को पद्म विभूषण, साहित्यकार ए सूर्य प्रकाश, गजल गायक पंकज उदास (मरणोपरांत) और हाकी खिलाड़ी पी आर श्रीजेश को पद्म भूषण तथा ब्राजील के वेदांता गुरू जोनास मसेटी और दिव्यांग तीरंदाज और पैरालंपिक विजेता हरविंदर सिंह सहित 139 हस्तियों को प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों की शनिवार देर रात घोषणा की गई।

**7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण व 113 पद्म श्री शामिल**

देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल इन पुरस्कारों में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं, दस विदेशी, एनआरआई, पीआईओ और ओसीआई श्रेणी के हैं। तेरह हस्तियों को ये पुरस्कार मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में जैसे–कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## विशेष सम्पादकीय

# नव–घोषित आजादी के बाद का गणतंत्र दिवस

–डॉ. दीपक पाचपोर

रविवार को पड़ रहा गणतंत्र दिवस (75वां) भारतीयों के लिये उनके नागरिक जीवन के लिहाज़ से लिये बेहद अहम बन गया है क्योंकि उस पर खतरे अब पहले के मुकाबले अधिक साफ दिखाई देने लगे हैं। पिछले 11 वर्षों से केन्द्र की सत्ता पर बैठी भारतीय जनता पार्टी ने कुछ समय पहले जिस प्रकार से स्वतंत्रता का 'अमृत महोत्सव' मनाया था, उसी तर्ज़ पर वह गणतंत्र दिवस के नाम पर बड़ा ढोल पीट रही है, जबकि स्वतंत्रता दिवस हो अथवा गणतंत्र दिवस, शोर–शराबा नहीं मांगते वरन सरकार से नागरिक स्वातंत्र्य की अक्षुण्णता और संवैधानिक प्रणाली लागू रखने की गारंटी चाहते हैं। सरकार का काम भी यही है। देश में आई तमाम अच्छी–बुरी सरकारों ने अपनी समझ और क्षमता के जरिये चाहे जो काम किये हों, कम से कम नागरिक अधिकारों और संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने से सभी बचते रहे। आपातकाल अपवाद ज़रूर है और विपक्ष, मीडिया तथा सामान्यजन इसके लिये तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनकी कांग्रेस सरकार को पर्याप्त कोस चुके हैं। पार्टी इस पर अफसोस जता चुकी है। खामियाजा भी भुगत चुकी है और जो नुकसान उसने किया उसके मुआवजा स्वरूप देश की जनता को कई–कई गुना अधिक लौटा भी चुकी है।

भारत 'घोषित इमर्जेंसी' के रूप में दर्ज उस काले अध्याय को इस कदर व इतना भूल चुकी थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उसे याद दिलाने के लिये विभिन्न कार्यक्रम तक करने पड़े हैं। हालांकि उसका उद्देश्य अपने 'अघोषित आपातकाल' को न्यायसंगत साबित करने के लिये है। आज संविधान के समक्ष जो चुनौतियां उपस्थित हैं, उनकी शुरुआत यहीं से होती है। आजादी व संविधान की रक्षा के नाम पर मोदी ने देश को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक सभी आधारों पर अपने कब्जे में ले लिया है। नागरिकों को जितनी तरह की स्वतंत्रताएं उनके अधिकारों के जरिये संविधान प्रदान करता है, वे एक–एक कर मोदी सरकार ने हस्तगत कर ली हैं। आपातकाल केवल लोगों को जेलों में बन्द कर देना, कर्फ़्यू लगा देना ही नहीं होता है बल्कि जन अधिकारों को अप्रत्यक्ष तरीकों से छीन लेना या उन्हें अप्रभावी बना देना भी होता है। नागरिक अधिकार केवल किताबों में दर्ज नहीं रहने चाहिये वरन वे वास्तविकता में उपलब्ध कराये जाते भी दिखने चाहिये।

संविधान जिन मूल्यों पर जोर देता है वे देश को एक समतामूलक, न्यायपूर्ण तथा धर्मनिरपेक्ष समाज बनाने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## गोंड मुरिया जनजाति के कलाकार पंडी राम मंडावी को पद्मश्री



**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। पद्मश्री पुरस्कारों की सूची में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के गोंड मुरिया जनजाति के जाने–माने कलाकार पंडी राम मंडावी का नाम शामिल किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण और लकड़ी की शिल्पकला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा।

पंडी राम मंडावी, जो 68 वर्ष के हैं, पिछले पांच दशकों से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उसे नई पहचान भी दिला रहे हैं। उनकी विशेष ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## 11 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को मिलेगा राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के 11 पुलिस अफ्सर.कर्मियों को राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक के लिए चयन किया गया है। इस आशय की घोषणा शनिवार को की गई।

विशिष्ट सेवा पदक पाने वालों में लालजी सिन्हा टीआईए भुवनेश्वर साहू एसआई, संजय पोट्टाम एसआई, बुधराम कोर्सा हेडकॉस्टेबल, कमलेश मरकाम कॉस्टेबल, श्रीमती अंजू कुमारी डीएसपी, दिनेश भास्कर कॉस्टेबल, छतराम गुरुपंच एसआई, हेमला नानडू हेडकॉस्टेबल, पारस मिंज हेडकॉस्टेबल, और मनोज पूनेम कॉस्टेबल शामिल हैं।

## ईडी का अब रायपुर में पूर्ण जोनल ऑफिस

- जॉइंट डायरेक्टर प्रभात की नियुक्ति

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ की राजधानी में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए अपने सब.जोनल ऑफिस को पूर्ण जोनल ऑफिस में प्रोन्नत कर दिया है। इसके साथ ही यहां संयुक्त निदेशक जॉइंट डायरेक्टर की नियुक्ति की गई है। ईडी् के नए आदेश के तहत प्रभाकर प्रभात रायपुर के पहले जॉइंट डायरेक्टर होंगे। उनकी नियुक्ति 12 अन्य जॉइंट डायरेक्टर्स के साथ की गई है।

अब तक रायपुर का सब.जोनल ऑफिस मुंबई जोनल ऑफिस के अंतर्गत काम कर रहा था। लेकिन प्रभाकर प्रभात के कार्यभार संभालने के साथ ही रायपुर का यह कार्यालय स्वतंत्र रूप से कार्य करेगा और सीधे दिल्ली स्थित मुख्यालय के अधीन होगा। रायपुर में ईडी का कार्यालय लगभग आठ साल पहले स्थापित हुआ था। बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ में मनी लॉन्ड्रिंग ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤





## छत्तीसगढ़ की पावन धरा में माँ मातंगी दिव्य धाम द्वारा

# माँ बंगलामुखी विशाल महायज्ञ

WORLD BOOK OF RECORDS - AN EXCLUSIVE HONOUR

**विश्व रिकार्ड पुस्तक का आयोजन कर वर्ल्ड रिकार्ड बनने जा रहा है जो आज तक विश्व में पहले कभी नहीं हुआ और शायद न कभी होंगा**

## आमंत्रण...

आपका सादर स्वागत करते हुए हम आपको यह सूचना देना चाहते हैं, विश्व में पहली बार माँ बंगलामुखी विशाल महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 11 हजार किलो मिर्वी की मां बगलामुखी यज्ञ में आहुति डाली जाएगी, सृष्टि के निर्माण से लेकर आज तक ऐसा पहली बार होने जा रहा है, इस यज्ञ में विशेष बात ये है इतनी मिर्वी जलने पर किसी को थोड़ी सी भी खराश या खांसी नहीं होती है और यही संकेत होता है माँ बंगलामुखी यज्ञ के सफल होने का, यह महायज्ञ पूरी तरह से निशुल्क है और सभी भक्तगणों को इस पुण्य अवसर पर भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है।

यह महायज्ञ विशेष रूप से माँ बंगलामुखी के आशीर्वाद से शत्रु दमन, नकारात्मक ऊर्जा का नाश, जीवन में सुख–शांति और समृद्धि लाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस महायज्ञ में सम्मिलित होकर आप अपनी सभी कठिनाइयों और समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

### माँ बंगलामुखी अनुष्ठान से होने वाले लाभ :-

1. शत्रु दमन माँ बंगलामुखी की उपासना से शत्रुओं का नाश होता है और उनके प्रभाव से मुक्ति मिलती है।
2. सभी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा का नाश, हवन और अनुष्ठान से घर और कार्यस्थल पर नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है, जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का संचार होता है।
3. व्यक्तिगत समृद्धि इस यज्ञ के माध्यम से आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।
4. मनोकामनाओं की पूर्ति इस अनुष्ठान से आपकी सभी अधूरी इच्छाएं पूरी होती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।
5. आध्यात्मिक उनति यह महायज्ञ आपके आत्मिक और मानसिक विकास में सहायक होता है, जिससे आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति का संचार होता है।

**आपका भाग्य और जीवन संजीवनी बनाकर इस महायज्ञ में सहभागी बनें और माँ बंगलामुखी के आशीर्वाद से सभी समस्याओं से मुक्ति पाएं...**

हम आपको इस पुण्य अवसर पर सादर आमंत्रित करते हैं और आपके उत्तम स्वास्थ्य, समृध्दि और सुख–शांति की कामना करते हैं।

### माँ बगलामुखी महायज्ञ अनुष्ठान

माँ बंगलामुखी हिंदू धर्म की एक अत्यंत शक्तिशाली देवी हैं, जो शत्रु नाश, विवाद समाधान और न्याय में विजय दिलाने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी पूजा विशेष रूप से उन व्यक्तियों द्वारा की जाती है जो शत्रुता, मानसिक कष्ट, कोर्ट–कचहरी के मामलों और जीवन के अन्य संघर्षों से जूझ रहे होते हैं। माँ बगलामुखी का यज्ञ अनुष्ठान न केवल शत्रुओं से मुक्ति दिलाने में मदद करता है, बल्कि यह साधक के जीवन में शांति, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। इस लेखा में हम माँ बंगलामुखी के महत्व, उनके यज्ञ अनुष्ठान के लाभ और पौराणिक कथाओं के संदर्भ में उनके आशीर्वाद को समझेंगे।

### माँ बंगलामुखी का महत्व

माँ बंगलामुखी का स्वरूप शांति और शक्ति का अद्भुत संयोजन है। वह शत्रुओं को परास्त करने, संकटों को दूर करने और किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से मुक्ति पाने के लिए पूजी जाती हैं। उनका नाम 'बंगलामुखी' इस बात का प्रतीक है कि वह शत्रु की शक्ति को नष्ट करने के साथ–साथ उनके शब्दों और कार्यों को भी निष्क्रिय कर देती है। माँ बंगलामुखी का पूजन विशेष रूप से ऐसे व्यक्तियों के लिए किया जाता है जो अपने जीवन में शत्रुता, झगड़ों और मानसिक दबाव से जूझ रहे होते हैं। माँ बंगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और वह अपने शत्रुओं से सहजता से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। उनके यज्ञ अनुष्ठान से साधक का व्यक्तित्व और प्रभाव पूरे समाज और दुनिया पर पड़ता है, जिससे वह शांति, सम्मान और सफलता की ओर अग्रसर होता है।

### माँ बगलामुखी यज्ञ अनुष्ठान के लाभ

माँ बंगलामुखी का यज्ञ अनुष्ठान एक प्रभावशाली साधना है, जो शत्रु नाश, विवादों से मुक्ति और जीवन में मानसिक शांति प्राप्त करने में सहायक है। इस यज्ञ के माध्यम से व्यक्ति के समस्त संकट समाप्त होते हैं और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

1. शत्रु नाश और शत्रुता से मुक्ति इस यज्ञ का प्रमुख लाभ शत्रु नाश और शत्रुता से मुक्ति प्राप्त करना है। साधक का शत्रु स्वतः नतमस्तक हो जाता है, उसकी शक्ति समाप्त हो जाती है और वह अपनी शत्रुता छोड़ देता है। शत्रु के मुकाबले में व्यक्ति को विजय प्राप्त होती है, जिससे जीवन में शांति और सुख की प्राप्ति होती है।
2. विवादों और कोर्ट–कचहरी से मुक्ति यज्ञ का दूसरा प्रमुख लाभ यह है कि यह कोर्ट के मामलों और विवादों में सफलता प्राप्त करने के लिए भी अत्यधिक प्रभावी है। जो व्यक्ति कोर्ट–कचहरी के मामलों में उलझा हुआ है, वह इस यज्ञ से न्याय में विजय प्राप्त करता है और लंबित मामले जल्दी सुलझ जाते हैं।
3. **व्यक्तित्व पर प्रभाव–** माँ बगलामुखी के यज्ञ अनुष्ठान से साधक का व्यक्तित्व सम्मानित और प्रभावशाली बनता है। यह साधना समाज में उच्च स्थान और प्रतिष्ठा दिलाने में मदद करती है। यज्ञ के प्रभाव से व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह अपनी कठिनाइयों को सरलता से पार कर जाता है।

### यज्ञ अनुष्ठान में आवश्यक सामग्री और विधि

माँ बगलामुखी का यज्ञ विशेष प्रकार की सामग्री और विधियों के साथ किया जाता है, जो इसे और अधिक शक्तिशाली बनाता है।

1. पीले वस्त्र और हल्दी की माला इस यज्ञ में साधक को पीले वस्त्र पहनने चाहिए, क्योंकि पीला रंग माँ बगलामुखी की ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। साथ ही, हल्दी की माला का उपयोग भी अनिवार्य होता है, जो शुद्धता और सकारात्मकता का प्रतीक है।
2. पीली सरसों और सूखी लाल मिर्च इस यज्ञ में पीली सरसों और सूखी लाल मिर्च का उपयोग विशेष रूप से किया जाता है। पीली सरसों समृद्धि, शांति और शक्ति का प्रतीक मानी जाती है, जबकि लाल मिर्च शत्रुओं से सुरक्षा और नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने में सहायक होती है। यह यज्ञ तब तक अधूरा माना जाता है जब तक इसमें सूखी लाल मिर्च का समावेश न किया जाए।
3. मौली और पिला भोजन यज्ञ के दौरान हाथ में मौली बांधना आवश्यक होता है, जो शुद्धता और संयम का प्रतीक है। साथ ही, यज्ञ के दौरान पिला भोजन (पीला चावल, हल्दी, आदि) का सेवन करना चाहिए, क्योंकि यह विशेष रूप से माँ बगलामुखी की कृपा प्राप्त करने के लिए जरूरी।

### विशेष रुप से पूजा करने वाले व्यक्तियों के लिए...

माँ बगलामुखी की पूजा का विशेष महत्व उन व्यक्तियों के लिए है जो उच्च स्थान पर काम करते हैं और जिनके शत्रु अधिक होते हैं।

1. राजनेता और पुलिस अधिकारी राजनेता, पुलिस अधिकारी, और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी विशेष रूप से माँ बंगलामुखी की पूजा करते हैं, क्योंकि इनके पास अधिक शत्रु होते हैं, जो उनकी राजनीतिक या प्रशासनिक सत्ता को चुनौती देते हैं। इस पूजा से इन व्यक्तियों को अपनी शक्ति को मजबूत करने, शत्रुओं से मुक्ति पाने और अपने कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।

2. पत्रकार और अन्य उच्च स्थान पर कार्यरत लोग पत्रकारिता, मीडिया, और अन्य उच्च स्थानों पर कार्यरत व्यक्तियों को भी शत्रुता का सामना करना पड़ता है। ऐसे में माँ बगलामुखी का यज्ञ अनुष्ठान उन्हें अपनी स्थिति को सुरक्षित रखने और शत्रुओं से निपटने के लिए प्रभावी उपाय प्रदान करता है।

3. साधारण लोग और शत्रुता से पीड़ित व्यक्ति सामान्य जनमानस जो शत्रुओं से पीड़ित हैं, उनके लिए भी यह यज्ञ अत्यंत लाभकारी है। वे शांति और शत्रुओं से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं, जो उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है।

4. शत्रुओं के प्रभान को समाप्त करना मिर्ची को हवन में जलाने से शत्रुओं की नकारात्मक ऊर्जा, काली शक्तियों और बुरी नजर का प्रभाव खत्म होता है। यह माना जाता है कि मिर्ची जलाने से उत्पन्न धुआं शत्रु के दुष्प्रभाव को काटता है।

5. संकल्प को सिद्ध करना जब साधक मिर्चौं को आहुति के रूप में अर्पित करता है, तो यह उसकी तीव्र इच्छा और संकल्प का प्रतीक होता है। इसे देवी बंगलामुखी तक पहुंचाने का माध्यम माना जाता है।

6. हवन के प्रभाव को बढ़ाना मिर्ची से निकलने वाला धुआं हवन की ऊर्जा को चारों दिशाओं में फैलाने में मदद करता है। यह शत्रुओं के मनोबल को कमजोर करता है और साधक को आंतरिक शक्ति प्रदान करता है।

7. तीखापन और उग्रता का प्रतीक मिर्ची देवी बंगलामुखी की उग्र और विजयी शक्ति का प्रतीक है, जो शत्रुओं को स्थिर और शांत कर देती है। शत्रु दमन मिर्ची जलाने का तात्पर्य यह है कि शत्रु की कड़ी से कड़ी शक्ति भी देवी की कृपा से नष्ट हो सकती है।

8. इसे केवल पु. गुरुदेव श्री डॉ. प्रेमा साई महाराज के मार्गदर्शन एवं देखरेख में ही किया जाता है, क्योंकि मिर्ची का उपयोग शक्तिशाली तांत्रिक प्रक्रियाओं में होता है।

### पौराणिक कथाएँ और माँ बंगलामुखी का आशीर्वाद

माँ बगलामुखी की पूजा का उल्लेख पौराणिक कथाओं में भी मिलता है। रामायण और महाभारत में कई प्रमुख पात्रों ने माँ बंगलामुखी से आशीर्वाद प्राप्त किया था, जिनकी पूजा से उन्हें शत्रुओं पर विजय मिली थी।

1. रावण भी करते थे बंगलामुखी यज्ञ लंकापति रावण ने शत्रुओं का नाश कर विजय प्राप्त करने के लिए माँ की पूजा की। लंका विजय के दौरान जब इस बात का पता भगवान श्रीराम को लगा तो उन्होंने भी माँ बंगलामुखी की आराधना की थी। रावण पर विजय पाने के लिए श्रीराम ने उनके आशीर्वाद से शक्ति प्राप्त की।

2. **पांडवों का उदाहरण–** महाभारत में पांडवों ने भी माँ बंगलामुखी की पूजा की थी, ताकि वे कौरवों से युद्ध में विजय प्राप्त कर सकें। माँ बंगलामुखी की कृपा से पांडवों को युद्ध में विजय मिली और कौरवों का नाश हुआ।

**निष्कर्ष :** माँ बंगलामुखी का यज्ञ अनुष्ठान शत्रु नाश, विवादों से मुक्ति और मानसिक शांति के लिए एक अत्यधिक प्रभावशाली उपाय है। यह न केवल उच्च पदस्थ व्यक्तियों के लिए, बल्कि सामान्य जनमानस के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। यदि कोई व्यक्ति शत्रुता, विवादों या अन्य मानसिक कष्टों से जूझ रहा है, तो वह माँ बगलामुखी के यज्ञ अनुष्ठान के माध्यम से सफलता, शांति और समृद्धि प्राप्त कर सकता है।

**नोट :- महायज्ञ में शामिल होने के लिये पीला वस्त्र धारण करना अनिवार्य है।**

# लगेगी अर्जी, बनेगा पर्चा, कटेंगे दुख दर्द...

## छत्तीसगढ़ का पहला दिव्य दरबार

आइए आज जानते हैं छत्तीसगढ़ के त्रिकालदर्शी चमत्कारी माँ मातंगी दिव्य धाम के महिमा के बारे में जहां केवल भारत देश ही नहीं अनेक देशों से लोग आकर माथा टेकते हैं।

किसी भी शक्ति या ज्ञान की व्याख्या, माँ मातंगी की महिमा के बिना अधूरी है। माँ मातंगी की असीम कृपा से ही वर्षों से हम विद्या और शक्ति को समझने के योग्य बन पाए हैं।

माँ मातंगी अपने आप में ज्ञान का सागर है... जिकी बूंद भर से ही मनुष्य जीवन सफल हो जाता है।

माँ मातंगी, माँ पार्वती के शक्ति का ही प्रतिरूप है और भगवान शंकर की अर्धशक्ति है। माँ मातंगी दस महाविद्याओं में से नौवीं विद्या है।

मतंग, भगवान शिव का नाम है, इनकी शक्ति, माँ मातंगी है। यह हरा वर्ण और चंद्रमा को मस्तक पर धारण करती है। चारभुजाओं में इन्होंने कपाल, खड्ग, वीणा और वेद धारण किए हैं। कला, संगीत, ज्ञान और शक्ति... इन सबका प्रतिरूप माँ मातंगी ही है।

ये वो रूप था... जो ज्ञान, संगीत और कला से भरपूर था। कला के माध्यम से जटिल से जटिल ज्ञान को भी आसान किया जा सकता है। एक सच्चा कलाकार अपनी कला से जन साधारण के हृदय तक पहुंच सकता है और यही लक्ष्य था माँ पार्वती के माँ मातंगी स्वरूप का।।

माँ मातंगी ने ऋषि मार्कण्डेय जी का आह्वान किया और उन्हें मार्कण्डेय पुराण की रचना ककरेन के लिए प्रोत्साहित किया ताकि इस पुराण के माध्यम से माँ मातंगी द्वारा सारंचित विद्याओं और कलाओं का प्रसार विश्व भर में हो सके।

ऋषि मार्कण्डेय जी के बाद ये प्रसार रूका हुआ था लेकिन इस कलयुग में ऋषि मार्कण्डेय के पश्चात, माँ मातंगी के सबसे बड़े उपासक डॉ. प्रेमा साई महाराज ने ये कार्यभार अपने कंधों पर संभाला।

वर्तमान में माँ मातंगी का डॉ. प्रेमा साई महाराज से बड़ा भक्त, पूरे विश्व में नहीं है। डॉ. प्रेमा साई महाराज ने कठिन तपस्या कर माँ मातंगी का वरदस्त प्राप्त किया है।

डॉ. प्रेमा साई महाराज के माँ मातंगी धाम में एक आलौकिक मंदिर की स्थापना की गई है.. जहां माँ बगलामुखी, माँ मातंगी और माँ छिन्नमस्ता की प्रतिमाएं विद्यमान है। मंदिर में बहुत सी घंटियां बंधी देखी जा सकती है। दूर-दूर से भक्त सुख शांति के लिए और अकाल मृत्यु से बचने के लिए यहां घंटिया बांधने आते हैं।

यहां अलग-अलग रंगों के नारियल भी चढ़ाए जाते हैं। हर रंग के नारियल का अलग महत्व है। कोई कृपा हेतु तो कोई मनोकामना पूर्ण हेतु चढ़ाया जाता है।

यहां एक नोटो सो भरा थैला भी है। भक्त इस थैले से कृपा हेतु एक नोट लेकर जाते हैं।

माँ मातंगी दरबार में आनेवाले हर अनुयाई का पर्चा बनता है। डॉ. प्रेमा साई महाराज द्वारा इस पर्चे में पहले से ही उस याचक की समस्याओं का विवरण लिख दिया जाता है और समाधान स्वयं डॉ. प्रेमा साई महाराज, माँ मातंगी के आशीर्वाद से करते हैं।

यहां ध्यान देने योग्य बात ये भी है कि माँ मातंगी को तंत्र ज्ञान की सरस्वती भी कहते हैं और इस मंदिर में जब भूत प्रेत से पीड़ित भक्त आते हैं तो माँ मातंगी की कृपा से, मंदिर प्रांगण में वो बच्चे की तरह खेलने लगते हैं और कुछ ही पल में भूत प्रेत मंदिर में ही रह जाते हैं और भक्त पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर वापिस जाते हैं।

पूरे विश्व में किसी भी तरह का काला जादू, इंद्रजाल या कोई भी तंत्र... माँ मातंगी के आगे निष्क्रिय हो जाता है।

हिन्दू धर्म के अनुसार, माँ के तीन ओज पूर्ण नेत्र हैं और माँ रत्नों से जड़ित सिंहासन पर आसीन है। माँ मातंगी के संग तोता भी है जो वाणी और वाचन का प्रतीक माना जाता है। माँ मातंगी समता का प्रतीक है।

माँ मातंगी केवल ऐसी देवी हैं जो इंद्रजाल या किसी भी तरह के जादू के प्रभाव को नष्ट कर देती हैं।

अक्षय तृतीया अर्थात वैशाख शुक्ल की तृतया को, माँ मातंकी की जयंती आती है।

एक मान्यता के अनुसार माँ मातंगी, हनुमान जी और शबरी के गुरु, मतंग ऋषि की पुत्री है। मतंग ऋषि के यहां माँ दुर्गा के आशीर्वाद से एक कन्या ने जन्म लिया था जिसका नाम मातंगी रखा गया था।

अर्थात... शक्ति प्रतिरूप और विद्या की भंडार माँ मातंगी की कृपा के बिना वाणी, विद्या या शक्ति में परांगत होना असंभव है। माँ मातंगी का आशीर्वाद हर मनुष्य के लिए है क्योंकि माँ कभी कोई भेदभाव नहीं करती इसीलिए माँ समानता का प्रतीक भी है।



**गुरूदेव श्री डॉ. प्रेमासाई जी महाराज**

इसीलिए माँ मातंगी के दरबार में जो कोई भी सम्पूर्ण निष्ठा से आता है... माँ उसकी सब समस्याओं का निवारण करती है। माँ के आशीर्वाद मात्र से ही जन्म जन्म के कार्य सिद्ध हो जाते हैं और जीवन सफल हो जाता है। और माँ मातंगी के आशीर्वाद को जन साधारण तक पहुंचाने का कार्यभार, वर्तमान में उनके सबसे बड़े परम भक्त, डॉ. प्रेमा साई महाराज के कंधों पर हैं, जिसका पालन माँ मातंगी दरबार में अति निष्ठा से किया जाता है।

**तिथि : 27-28-29 जनवरी, 2025 समय : सुबह 9 बजे से...**

**स्थल : माँ मातंगी दिव्य धाम, धमतरी रोड, जी.जामगांव, बिरेझर, तहसील-कुरूद (छ.ग.)**

**संपर्क - 9256390109 I 8767972448 /aghormarg2021 /@maamatangidivyadham**

# देश

**उवाच**

"उत्तर प्रदेश सरकार और पूरा अधिकारी तंत्र सिर्फ वीआईपी लोगों की मेहमान नवाजी और फोटो खिंचवाने में लगा हुआ है जिस वजह से आम श्रद्धालु भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं। महाकुंभ में व्यवस्था के नाम पर गुजराती कंपनियों को ठेका देकर सिर्फ भ्रष्टाचार हो रहा है।"

-अजय राय, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 07.0 |
| मुंबई | 28.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 22.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 22.0 |

# 'भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र'

■ मुर्मू ने चनाव आयोग की ओर से आयोजित मतदाता दिवस समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत न केवल सबसे पुराना, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा, सबसे विविध, युवा और समावेशी लोकतंत्र है। उन्होंने कहा है कि चुनावों में हमारे समावेशी लोकतंत्र की प्रभावशाली झलक दिखाई देती है और चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश तथा समाज के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण संकेत है।

राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को यहां आयोजित 15वें मतदाता दिवस समारोह में कहा कि चुनाव आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह चुनाव आयोग ने समावेशी और संवेदनशील चुनाव प्रबंधन का एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने गणमान्यों का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने पिछले तीन लोकसभा चुनावों में लगातार 66 प्रतिशत मतदान के आंकड़े को छूने के लिए चुनाव आयोग और मतदाताओं की बढ़ी हुई भागीदारी के लिये बधाई दी। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को लेकर प्रसन्नत व्यक्त की और इसे सामाजिक और राष्ट्रीय प्रगति का संकेत बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने संबोधन में भारतीय मतदाताओं की सूझबूझ और बुद्धिमत्ता की प्रशंसा की और कहा कि वे देश के लोकतंत्र के अंतिम संरक्षक बने रहेंगे।




चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश, समाज के समग्र विकास का संकेत : द्रौपदी मुर्मू

### आलोचना को बताया लोकतांत्रिक लोकाचार का अभिन्न अंग

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनावों के दौरान, चुनाव आयोग दुनिया में जनशक्ति का सबसे बड़ा पूल बन जाता है। उन्होंने कहा कि आलोचना लोकतांत्रिक लोकाचार का अभिन्न अंग है, लेकिन दुनिया भर के लोग कानूनी अनुरूपता, सटीकता, पारदर्शिता और गति को स्वीकार करते हैं, जिससे भारत चुनावों की निगरानी और संचालन करता है, जो शायद दुनिया में बेजोड़ है। अपने स्वागत भाषण में डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि भारत में लोकतंत्र मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, सुरक्षा बलों, स्वयंसेवकों, मीडिया और अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से फलता-फूलता है, जो चुनाव की पवित्रता को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुमार ने राष्ट्रपति को इंडिया वोट्स 2024 ए सागा ऑफ डेमोक्रेसी शीर्षक वाली चुनाव आयोग की कॉफी टेबल बुक की पहली प्रति भेंट की। यह प्रकाशन पाठकों को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भारत की लोकतांत्रिक यात्रा की एक झलक प्रदान करता है, जिसमें ज्वलंत दृश्य और सम्मोहक कथाएं प्रदर्शित की गई हैं।

इसके अलावा, चुनाव आयोग प्रकाशन, बिलीफ इन द बैलट ह्यूमन स्टोरीज शेपिंग इंडियाज 2024 इलेक्शन की एक प्रति भी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राष्ट्रपति को भेंट की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने 22 प्राप्तकर्ताओं को सर्वश्रेष्ठ चुनावी व्यवहार पुरस्कार प्रदान किए, जिसमें चुनाव प्रबंधन, सुरक्षा प्रबंधन, मतदाता शिक्षा और समावेशिता में उनके उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाया गया। यह पुरस्कार 2024 के लोकसभा और 2024 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रबंधन में कई श्रेणियों में असाधारण योगदान को मान्यता देते हैं। जम्मू और कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव आयुक्त को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का पुरस्कार दिया गया।

### चुनाव आयोग को उसकी सेवा के 75 वर्ष पूरे होने पर दी बधाई

राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग को उसकी सेवा के 75 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए 18 लोकसभा चुनाव और 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने में चुनाव आयोग की भूमिका की सराहना की। मतदान से जुड़े अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व के बारे में उन्होंने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इस अवसर पर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुख/उप प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि मेघवाल ने कहा कि पिछले 75 वर्षों के सफर में भारतीय चुनाव आयोग ने लोगों में विश्वास पैदा करके लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने घर से मतदान, तीसरे लिंग के मतदाताओं को मतदान के लिए सशक्त बनाना, ब्रेल मतदाता पहचान पत्र और मतदान केंद्रों पर रैंप जैसी चुनाव आयोग की पहलों की सराहना की और कहा कि यह चुनाव प्रक्रियाओं को आसान और समावेशी बनाने की दिशा में उत्साहजनक प्रयास हैं।

# गांवों व दिल्ली के बीच दिलों की दूरी होगी कम : अमित शाह

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित वाइब्रेंट विलेज के सरपंचों, उप-सरपंचों, महिला उद्यमियों और छात्रों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों को देश के अभिन्न हिस्से के रूप में सशक्त बनाने और उनके विकास के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के इतने साल बाद भी जो गांव दुर्गम सीमांत क्षेत्रों में स्थित हैं, वहां यह एहसास दिलाना बहुत जरूरी है कि वे भारत का ही हिस्सा हैं और बाकी सारा भारत उनकी चिंता कर रहा है।

जब हम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की बात करेंगे, तो इसमें सड़कों का निर्माण होगा, जिससे भौतिक दूरी भी कम हो जाएगी। दूरसंचार की कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे सूचना की दूरी भी समाप्त होगी। सड़कों के निर्माण के साथ-साथ रेलवे, सड़क और हवाई मार्ग से नजदीकी कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कार्यक्रम गांवों और दिल्ली के बीच दिलों की दूरी को कम करने के लिए है। जब देश का प्रधानमंत्री, देश के पहले गांव में रहने वाले हर व्यक्ति को राष्ट्रीय उत्सवों में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजता है और उन्हें सम्मानित करता है, तो इस प्रकार से दिलों की दूरी खत्म हो जाती है। यह कार्यक्रम सिर्फ भौतिक दूरी नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी को भी समाप्त करने का प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 से सर्व समाज के विकास की योजनाएं लागू की जा रही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लद्दाख में डीजल जमने की समस्या को हल करने के लिए तेल कंपनियों को बजट दिया गया और रिसर्च के बाद न जमने वाला डीजल उपलब्ध कराया गया। सीमांत गांवों से सब्जियां और फल खरीदे जाएंगे, ताकि उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। अमित शाह ने प्रधानमंत्री के विजन को साझा करते हुए कहा कि सीमांत गांवों के विकास के लिए कल्चर, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन और विकास के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। यह वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम तभी सफल होगा जब इन गांवों में विकास की सशक्त योजनाएं लागू होंगी।



■ केंद्रीय गृह मंत्री ने की बाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरुआत

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ ने की सुबियांतो से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात की और दोनों देशों की आपसी संबंधों पर चर्चा की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि दोनों नेताओं की इस मुलाकात के दौरान विचार विमर्श दोनों देशों के दीर्घकालीन संबंधों और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर केंद्रित रहा। सुबियांतो रविवार को कर्तव्य पथ पर 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में मुख्य अतिथि होंगे।

### मुंबई की फर्नीचर मार्केट में लगी भीषण आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में गोरेगांव पूर्व के रहेजा बिल्डिंग में एक फर्नीचर बाजार में शनिवार को भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लाखों रुपये का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार आग पूर्वाह्न 11 बजे खडकपाड़ा फर्नीचर मार्केट में लगी और दखते ही देखते आग ने लगभग दो हजार वर्ग मीटर में फैली एक बड़ी भूतल इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। लेवल-तीन की आग ने तेजी से लकड़ी के फर्नीचर, प्लास्टिक, थर्माकोल और प्लाईवुड जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्रियों से भरी 5-6 इकाइयों को अपनी चपेट में ले लिया।

### जापान दौरे पर जाएंगे मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान की 4 दिवसीय यात्रा के लिए 27 जनवरी को रवाना होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ.यादव का मध्य प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने का संकल्प आकार लेने लगा है। देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कारवां जापान की 4 दिवसीय यात्रा के लिये 27 जनवरी को रवाना होगा।

### केसीआर की बहन सकलम्मा का निधन

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बड़ी बहन सकलम्मा का निधन हो गया है। वह 82 वर्ष की थी। सकलम्म उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं और सिकंदराबाद के यशोदा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। चिकित्सा देखभाल के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती गई और शुक्रवार आधी रात को उनका निधन हो गया। केसीआर की आठ बहनों में से पांचवीं बहन सकलम्मा राजन्ना सिरसिला जिले के एल्लारेड्डीपेट मंडल के पेदिरा गांव की रहने वाली थीं।

# भाजपा को विकास से नहीं, केवल चुनाव से मतलब : तेजस्वी यादव

**पटना,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने बिहार पहुंच रहे हैं। इसी बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं है। इन्हें केवल चुनाव से मतलब है। पटना में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो बार-बार कहते रहे हैं कि अब बिहार में चुनाव आने वाला है। मैंने पहले भी कहा था कि हर दो दिन में कूद-कूदकर कोई न कोई बिहार आएगा। इन लोगों को बिहार की तरक्की और बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं है। केवल चुनाव से मतलब है। कैसे सत्ता में बने रहें। उन्होंने कहा कि अब तक बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया। विशेष पैकेज क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव आएगा तो वे लोग बड़ी-बड़ी बातें करेंगे। कई आश्वासन दिए जाएंगे और चुनाव के बाद सब भूल जाने वाले लोग हैं। ये लोग काम करने वाले नहीं हैं। लोगों के बीच जाकर जुमलेबाजी करना, झूठ बोलना, झूठे आश्वासन देना है, यही इन लोगों का काम है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी जेपीसी से जुड़े एक सवाल के जवाब में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अब जेपीसी में मामला गया है तो जो नियम-कायदा है, उससे चर्चा होना चाहिए। अगर कोई तानाशाही दिखाए तो यह गलत बात है। जेपीसी बोर्ड बना है, लेकिन यह असंवैधानिक बिल है। जिसका कोई भी तर्क नहीं है। इन सब चीजों का कोई मतलब नहीं है।



प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर कसा तंज

# युवा देश के भविष्य के नायक : राजनाथ

■ वीर गाथा के सुपर-100 विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय शिक्षा धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को 'वीर गाथा' के सुपर-100 विजेताओं को सम्मानित किया, जिनमें 66 लड़कियां शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि युवा भारत के भविष्य के नायक हैं और वे वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। प्रोजेक्ट वीर गाथा के तहत शनिवार को राजधानी दिल्ली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में प्रत्येक विजेता को 10 हजार रुपए नकद, एक पदक और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ये सुपर-100 लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों में से हैं, जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखेंगे। सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने परियोजना के इस चौथे संस्करण में 1.76 करोड़ से अधिक छात्रों की अखिल भारतीय भागीदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि यह शिक्षा के माध्यम से वीरों को पहचान प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि वीर गाथा जैसी पहल स्कूली छात्रों को वीर वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता और बलिदान के बारे में शिक्षित करती है और साथ ही युवा दिमाग की रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह पहल देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को विकसित करने में मदद करेगी, जिससे छात्रों को राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरणा मिलेगी। प्रोजेक्ट वीर गाथा की शुरुआत साल 2021 में वीरता पुरस्कार विजेताओं की वीरता, निस्वार्थ बलिदान और साहस की प्रेरक कहानियों और इन बहादुरों की जीवन गाथाओं को छात्रों के बीच प्रसारित करने के उद्देश्य से की गई थी, ताकि उनमें देशभक्ति की भावना पैदा हो सके। प्रोजेक्ट वीर गाथा के जरिए स्कूली छात्रों को वीरता पुरस्कार विजेताओं के वीरतापूर्ण कार्यों और बलिदान पर आधारित रचनात्मक गतिविधियों को करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। वीर गाथा परियोजना के तीन संस्करण क्रमशः 2021, 2022 और 2023 में आयोजित किए जा चुके हैं। देश के 1.76 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 में भाग लिया। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों/जवानों की बहादुरी और बलिदान के सम्मान में कविताएं, पेंटिंग, निबंध, वीडियो आदि भेजे हैं। वीर गाथा परियोजना संस्करण पहले और दूसरे संस्करण के दौरान, 25 विजेताओं (सुपर 25) का चयन किया गया और उनका सम्मान शिक्षा मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में किया गया।



**प्रोजेक्ट वीर गाथा में चयनित होना कोई छोटी उपलब्धि नहीं : सिंह**

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रोजेक्ट वीर गाथा में चयनित होना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आप देश का भविष्य हैं। आप सभी पूरी दुनिया में देश को गौरवान्वित करेंगे क्योंकि आपमें प्रतिभा है। जो 100 युवा चयनित हुए हैं, उनमें से 66 लड़कियां हैं। इनमें से एक मणिपुर से है। मैं सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देता हूं।

# डब्ल्यूईएफ यात्रा का प्रमुख उद्देश्य सिर्फ समझौतों पर हस्ताक्षर करना नहीं : नायडू

**अमरावती,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की अपनी यात्रा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व आर्थिक मंच की यात्रा का मुख्य उद्देश्य सिर्फ समझौतों पर हस्ताक्षर करना नहीं था, बल्कि दुनिया भर के प्रभावशाली लोगों से मिलकर यह जानना था कि दुनिया किस दिशा में जा रही है। नायडू ने कहा कि दावोस नेटवर्किंग के लिए एक महत्वपूर्ण जगह है, जहां दुनियाभर के देश प्रमुख और मंत्री मिलते हैं। वह यह भी कहते हैं कि दावोस का असली उद्देश्य केवल समझौता ज्ञापनों या निवेश से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि यह ज्ञान बढ़ाने और नई-नई रुझानों को जानने के लिए एक बेहतरीन मौका है। साथ ही उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स समेत कई प्रमुख लोगों से मुलाकात की और यह महसूस किया कि उनका देश उनसे मिलने के लिए वीजा, नियुक्तियों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम कर सकता है। सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को अपनी विपक्षी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधा। नायडू का ये बयान वाईएसआरसीपी के वी विजयसाई रेड्डी के राज्यसभा से इस्तीफे के बाद आया है। नायडू ने बिना किसी पार्टी या नेता का नाम लिए हुए एक रिपोर्टर के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी को बार-बार अपने नेताओं के पलायन का सामना क्यों करना पड़ रहा है, इसका उनके पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं है।



■ दावोस बैठक पर बोले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री

### आलोचकों को चंद्रबाबू नायडू ने दिया जवाब

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपनी दावोस यात्रा पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कुछ आलोचनाओं को करारा जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि उनका प्रतिनिधिमंडल खाली हाथ लौट आया और केवल उनके आत्म-प्रचार पर ध्यान केंद्रित किया गया, जबकि दूसरे राज्य समझौतों में सफल रहे।

# बीरेन ने ड्रग माफिया से लड़ाई जारी रखने का लिया संकल्प

**इंफाल,** 25 जनवरी (एजेंसयां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन ने कहा कि सरकार ड्रग माफिया से लड़ना जारी रखेगी। बीरेन ने शनिवार को लैमडेंग स्थित जैव-चिकित्सा अपशिष्ट उपचार में 315 किलोग्राम ड्रग का भी निपटान किया। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों को भी सजा दी गई है। मणिपुर की पहाड़ियों में पोस्ता की खेती को नष्ट करने के प्रयास के बावजूद, अवैध गतिविधियाँ पाई गईं और राज्य पुलिस ने सेना, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की मदद से पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि एक संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कांगपोकपी जिले में 35 एकड़ में पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया।



# बिहार की सत्ता पर कब्जे को बेचैन भाजपा : दीपंकर

**दरभंगा,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिहार की सत्ता पर कब्जा करने को बेचैन है। भट्टाचार्य ने शनिवार को लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में दरभंगा प्रमंडल स्तरीय बदलो बिहार समागम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के सामने चुनौती यह है कि संविधान एव लोकतंत्र बचाने के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव और खुद 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जो कमी रह गई थी, उसे इस बार पूरा कर देना है। संविधान-लोकतंत्र एवं आजादी पर खतरे के खिलाफ जारी देशव्यापी प्रतिवाद में बिहार को अग्रिम मोर्चे पर खड़ा होना होगा। पूरे देश की नजर बिहार पर है। हम जब बदलाव की बात कहते हैं, तो केवल सत्ता एवं सरकार में बदलाव नहीं,बल्कि जनता के विभिन्न तबकों, संघर्षशील ताकतों और आम नागरिकों के बुनियादी सवालों को बिहार की राजनीति का केंद्रीय एजेंडा बना देने और जनपक्षीय नीतियों की दिशा में बिहार को आगे बढ़ाने का आह्वान है।

इसी उद्देश्य से नौ मार्च को गांधी मैदान में 'बदलो बिहार महाजुटान' हो रहा है। हम राज्य की सभी संघर्षशील ताकतों से इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील करते हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार के लिए एजेंडा तय हो, बुनियादी मुद्दों से भटकाने के प्रयासों को सफल नहीं होने दें।



■ बदलो बिहार समागम को किया संबोधित

**सम्मान** — *सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों व कार्मिकों को 56 पदकों ने किया सम्मानित*

# पांच वीरता पदक तो पांच विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक

**नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व संभालने वाले विश्व के सबसे बड़े सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के कर्तव्य परायण एवं निष्ठावान सदस्यों को विभिन्न पदकों से नवाजा गया है। जवानों और अधिकारियों के विभिन्न कर्तव्यों के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित अनुपम साहस।**

और शौर्य के साथ ही उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के सम्मान में, भारत के राष्ट्रपति द्वारा गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों व कार्मिकों को 56 पदकों द्वारा सम्मानित किया गया है। इन पदकों में 5 वीरता पदक (1 मरणोपरांत और 4 सेवारत), 5 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 46 सराहनीय सेवा के लिए पदक शामिल हैं। वीरता के लिए पदक (मरणोपरांत) मुख्य आरक्षक गिरिजेश कुमार उद्दे, 145 बटालियन। वीरता के लिए पदक (सेवा के दौरान) निरीक्षक (जीडी) जीतू देवरी, 61 बटालियन, आरक्षक (जीडी) रतन कुमार योगी, 75 बटालियन आरक्षक (जीडी) अवधेश कुमार यादव, 123 बटालियन, संयुक्त राष्ट्र मिशन, कांगो (आईएनडीएफपीयू-2)। कांस्टेबल (जीडी) भागीरथ सिंह राठौड़-120 बटालियन।

वहीं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को पुलिस, अग्निशमन, होम गार्ड और सिविल डिफेंस के 942 कर्मियों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति-पदक पाने वाले 101 कर्मी भी शामिल हैं। इनमें से 85 पुलिस सेवा, अग्नि शमन सेवा के पांच, सिविल डिफेंस और होम गार्ड के सात और सुधारात्मक सेवा के चार कर्मी शामिल हैं। सेना और वायु सेना के आठ जांबाजों को उनके शौर्य और पराक्रम के लिए गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को शौर्य चक्र और वायु सेना पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई। रक्षा मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें दो जवान सेना के और छह वायुसेना के हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 49 व्यक्तियों को जीवन रक्षा पदक श्रंखला पुरस्कार-2024 प्रदान करने को मंजूरी दी है।

इनमें से 17 सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, 9 उत्तम जीवन रक्षा पदक तथा 23 जीवन रक्षा पदक सम्मिलत हैं। छह व्यक्तियों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया गया है। जीवन रक्षा पदक श्रंखला के पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में मानवीय प्रकृति के सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों, सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक, एवं जीवन रक्षा पदक, में प्रदान किया जाता है। जीवन के सभी क्षेत्रों से जुड़े व्यक्ति इन पुरस्कारों के पात्र हैं। यह पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार के अलंकरण में पदक, केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं एकमुश्त मोद्रिक भत्ता शामिल है।



■ विशिष्ट सेवा राष्ट्रपति-पदक से 101 कर्मी सम्मानित

# साहित्य

# गिरजे का कंगूरा

■ आनंद प्रकाश जैन

हस्तिनापुर पांडवों की प्रसिद्ध नगरी थी। आजकल वहाँ पर जैनियों के दो मंदिर हैं- एक दिगंबरियों का और दूसरा श्वेतांबरियों का। यहाँ के दिगंबर मंदिर और महाराष्ट्र जनपद में सरधने के सबसे ऊँचे कँगूरे वाले गिरजाघर में कुछ आपसी संबंध भी है। यह संबंध कैसे बना- यह कहानी उसी की है।

समरो की बेगम विधवा थी, हजरत ईसा में विश्वास रखती थी और सरधने के इलो की एकमात्र कठोर शासिका थी। दीवान संगमलाल जैन युवा थे, खूबसूरत और साथ ही बेहद धर्मभीरू !

दसलाक्षणी पर्व समाप्त हो चुका था । चतुर्दशी निराहार व्रत से निवृत्त हो दीवान संगमलाल पड़वा के दिन बेगम से उत्सव की स्वीकृति लेने महल में पहुँचे थे। सब जरूरी कामों में निश्चय दीवान का होता था और अंतिम स्वीकृति बेगम की होती थी ।

बहुत देर हो गई। दीवान के आने पर बेगम कभी इतनी देर नहीं लगाती थी। अचानक सिर उठाकर दीवान ने देखा-परी की तरह सजी हुई सरधने की निरंकुश शासिका की गंभीर पदचाप बाजाखाने की खिड़की के सामने जाकर रुक गई।

'दीवान!' बेगम ने सूरज की ओर दृष्टि गड़ाए हुए पुकारा।

'श्रीमती जी!' दीवान ने उत्तर दिया।

'तुम्हें मैं इस वक्त कैसी लगती हूँ?' बेगम ने अप्रत्याशित प्रश्न किया ।

'खूबसूरत!' दीवान ने उत्तर दिया।

'बहुत खूबसूरत?' बेगम खिल उठी।

'बहुत ही खूबसूरत!' दीवान ने आँखें बंद कर लीं।

'कितनी?' बेगम ने विभोर होकर पूछा।

'मेरी माँ भी अगर शाही लिबास में होती तो ऐसी ही लगती।'

'दीवान!' बेगम गुस्से से चिल्लाई ।

स्थिति बिगड़ चुकी थी। दीवान संगमलाल इसकी चपेट में आ चुके थे। उन्होंने घबराकर सिर झुका लिया।

'किसलिए आए थे?' बेगम ने कठोर होकर पूछा ।

'जैनियों के उत्सव के लिए आपकी मंजूरी के लिए।' संक्षिप्त उत्तर देते हुए दीवान ने कागज खोलकर बेगम के सामने रख दिया।

बेगम ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए और बोली, 'जाओ!'

दीवान सिर झुकाए बालाखाने से उलटे पैरों बाहर निकल गए। उस दिन उत्सव हुआ, किंतु आश्चर्यचकित होकर लोग यह देखते रह गए कि श्रीजी की गद्दी के लिए दीवान संगमलाल की नीलामी बोली नहीं बोली गई। कुछ सोचते-सोचते दीवान ने पूरा दिन दीवानखाने में व्यतीत कर दिया। अपने निश्चय की पक्की थी बेगम, दीवान उसकी आदतों से अच्छी तरह वाकिफ थे। बेगम के क्रोध का शिकार उनका बेटा स्वयं हो चुका था । उसे उसने चरित्रहीनता के आरोप में सूली पर चढ़वा दिया था । बालाखाने की घटना भी रंग लाएगी। आज की शाम खैरियत से गुजर जाना मुश्किल बात थी। जब कभी बेगम क्रोधित होती तो उसकी निगाह सबसे पहले अपराधी के गर्वोन्नत मस्तक की ओर रहती थी और बाद में उस गरदन को उड़ा देने का आदेश हो जाता था ।

अंधकार हो जाने पर कुछ निश्चय कर दीवान संगमलाल पगड़ी सिर पर रख, बेगम के महल की ओर चले। एक बार बेगम जो निश्चय कर लेती तो उसे कुछ इधर से उधर होते दीवान ने कभी नहीं देखा था।

ड्योढ़ी पर पहुँचे तो लौंडी आदाब बजा लाई। दीवान आँखें नीची किए अंदर चले आए। हाथ जोड़कर ताजीम से खड़े खवास से कहलवाया, 'दीवान साहब कदमबोसी चाहते हैं।'

आरामगाह में पड़ी बेगम ने अपनी खास लौंडी से पुछवाया, 'क्या काम है?'

यह तो बिल्कुल नई बात थी। आज तक हर एक खास और आम बात किसी बिचौलिए के जरिए बेगम ने नहीं कहलवाई थी । यह उपेक्षा मिश्रित मान है या क्रोध ? दीवान ने फिर कहलवाया, 'हुजूर को अभी फुरसत न हो तो नाचीज फिर कभी हाजिर हो जाए? '

वह उत्तर से मिलता-जुलता प्रश्न था। दीवान ने कभी बेगम के सामने अपने को नाचीज नहीं कहा था। समरू की बेगम का दीवान और नाचीज ! बेगम के दिल पर यह बात सीधे जाकर तीर की तरह लगी। हुक्म हुआ कि उन्हें सीधे आरामगाह में भेजा जाए।

'हे भगवान्,' दीवान ने सोचा, 'क्या सब अनहोनी आज ही घटेगी? बेगम अपनी आरामगाह में मुझसे बात करेगी!' वह आश्चर्य से खवास के पीछे-पीछे एक सुंदर से कमरे में पहुँचे। अपनी तीन साल के दीवान के पद ग्रहण के बाद उन्होंने पहली बार इस कमरे में प्रवेश किया था। वह कभी यहाँ नहीं आए थे।

उन्हें मोढ़े पर बैठने का इशारा किया, बेगम ने पूछा, 'अब क्यों आए हो?'

बेगम के यौवन- प्रदर्शन से घबराकर दीवान की नजरें फिर झुक गई। वह बोले, 'डर था कि आपके दर्शन किए बिना यों ही चला गया तो कहीं रात को सूली पर न चढ़ा दिया जाऊँ।'

यह सुना तो बेगम ज्यादा देर गंभीर न रह सकी। उनकी ओर करवट लेते हुए मुसकराकर उसने पूछा, 'क्यों, तुम्हारे लिए सूली पर चढ़ने से पहले मेरे दर्शन करना क्या जरूरी था?'

'जी हाँ, बहुत जरूरी था । '

दीवान के इस उत्तर को पाकर बेगम ने छत की ओर देखा और हँसते हुए पूछा, 'क्यों?'

'सुना है कि मरने से पहले, बिना मालिक के दर्शन किए नौकर को स्वर्ग नसीब नहीं होता।'

मालिक और नौकर ! आशा के प्रतिकूल दीवान के उत्तर से बेगम बेशक खुश तो नहीं ही हुई, लेकिन इस बात से बेगम को दीवान की अब तक की उसके प्रति की गई वफादारी अवश्य ध्यान आ गई। उसका क्रोध तिरोहित हो गया। उसने पूछा, 'क्या चाहते हो?'

दीवान ऐसे ही सवाल की प्रतीक्षा कर रहे थे। बोले, 'मैं जानता हूँ, आपके गुस्से से बचना मुश्किल है। इससे पहले कि मैं सूली पर चढूँ, मैं चाहता हूँ कि गृह कलह में अपनी जान बच जाने के एवज में जो मनौती मैंने माँगी थी, वह पहले पूरी हो जाए, ताकि मरने के बाद उसका बोझ कंधों पर न रखा रह जाए।

राजगृह में काफी झगड़ा और खून खराबी होने के बाद ही बेगम का सिक्का चला था। एक बार उसके और दीवान के जानलेवा फंदे में फँस जाने पर दीवान ने यह मनौती मानी थी कि अगर वह बेगम को इस फंदे से बचा सके तो अपनी जन्मभूमि शाहपुर में एक विशाल जैन मंदिर बनवा देंगे। यह तो पता नहीं कि उनके बचने में इस मनौती का कहाँ तक भाग रहा, किंतु इसके बाद तीन साल तक एक व्यवस्था में फँसे रहने के कारण दीवान को उसका खयाल तक न रहा। समरू की बेगम को मालूम था कि यह मनौती दीवान ने अपने लिए नहीं, बल्कि स्वयं बेगम के लिए माँगी थी।

आज मौत को अपने सिर पर मँडराता देख दीवान ने उसकी चर्चा न करके वह अपनी जान बचने के एवज की बात की थी। उससे दीवान के प्रति बेगम का मोह द्विगुणित हो गया। उसके ऊपर से दीवान की उसके प्रति उपेक्षा से उसके नेत्र आर्द्र हो आए और उसने पीठ फेरकर कहा, 'आप जाइए, छुट्टी का परवाना पहुँच जाएगा।' वह थोड़ा रुकी और फिर बोली, 'सूली से पहले ही।'

अनुभवी दीवान बेगम के उन आँसुओं को अपनी आँखों से नहीं देख सके। लेकिन उसकी आँखों की नमी देखकर उनके मन:प्रदेश में एक ठंडी-सी सिहरन दौड़ गई। घर पर उनकी सुंदर-सी पत्नी है, बच्चा है, किंतु क्या किसी के प्यार की तुलना बेगम के मोह से की जा सकती है?

उसी रात एक तेज घोड़ी पर सवार होकर दीवान संगमलाल शाहपुर की ओर दौड़ पड़े। अगले दिन सुबह मंदिर की नींव रख दी गई। सात दिन तक ताबड़तोड़ मेहनत की गई। आठवें दिन वेदी की प्रतिष्ठा कराके दीवान संगमलाल ने पूजा की और साष्टांग दंडवत् कर निरंकार निर्लेप पारसनाथ की मूर्ति के सामने गिर पड़े। सकल जनों को सुनाते हुए उन्होंने कहा, 'हे भगवन्, यदि बेगम के क्रोध से मेरी रक्षा हो तो हस्तिनापुर के उजड़े हुए वनखंड में एक मंदिर और बनवाऊँगा, वहाँ हर वर्ष हजारों धर्म के दीवाने जाकर धर्मलाभ करेंगे।' निर्विकार भगवान् ज्यों के त्यों ही बने रहें और अपने मन की भावना से आप ही संतोष प्राप्त कर दीवान संगमलाल रोते हुए घरवालों से बिदा ले सरधने की ओर चल दिए। किंतु बेगम का गुप्तचर उनसे पहले सरधने रवाना हो चुका था ।

अगले रोज बेगम के हुजूर में हाजिर होते ही सबसे पहले बेगम ने पूछा, 'तुमने नए जैन मंदिर में कुछ मनौती मानी है?'

दीवान ने नतमस्तक होकर कहा, 'जी हाँ!'

'तुम समझते हो, दीवान, ' बेगम ने चहलकदमी करते हुए पूछा, 'यह मनौती माँगकर तुमने कितनी बड़ी तोहमत हम पर लगाई है? जिसे तुम दुनिया की सबसे बड़ी ताकत मानते हो, उसे तुमने हमारे खिलाफ भड़काने की कोशिश की है। हमने तुम पर ऐसा कोई जोर नहीं डाला, न ही तुम्हें मजबूर किया। औरत ऊँचे-से-ऊँचे पद पर भी बैठ जाए, तो भी वह चाहेगी कि कोई छाती ऐसी भी हो, जो उसे जीत ले। हमने तुम्हें उसका एक मौका दिया था। मगर अफसोस, दीवान! तुम हमारी जात की नब्ज को पहचानने में कासिर रहे। '

दीवान ने उसी मुद्रा में बिना किसी भाव को मुख पर लाए उत्तर दिया, 'मुझे अपनी गलती का आभास है । '

अचानक घूमकर कठोर दृष्टि से देखते हुए बेगम ने कहा, 'तब क्यों तुमने हमें उस बगावत में हलाक नहीं होने दिया? क्यों तुमने हमारी जान के एवज खुदा को उसका बड़ा घर बनवा देने का लोभ दिया? क्या तुम अपनी गलती को ठीक करने के लिए तैयार हो ?'

'मुझे अफसोस है, बेगम, ' दीवान ने असहमति को दूसरी तरह बयान करते हुए कहा, 'मेरा मजहब इसकी इजाजत नहीं देता।'

'और तुम एक गैरमजहबी जान पर मनौती मान सकते हो, और उसके ऊपर इतना बड़ा मंदिर बनवा सकते हो! मोहब्बत के लिए मजहब में अजीब फतवे हैं! ईसामसीह की कसम, तुम्हारी जगह अगर और कोई होता तो उसके मजहब का नामोनिशान हमारे इलाके में नजर न आता। दुनिया में रहकर दुनिया की मोहब्बत पर ईमान लाने और उसकी कद्र करने की इजाजत जिसका मजहब नहीं देता, वह समरू की बेगम का दीवान नहीं रह सकता। जाओ, चौबीस घंटे के अंदर अपनी जान की सलामती लेकर हमारी रियासत की हद से बाहर निकल जाओ।'

दीवान बिना पीठ फेरे ही झुकते हुए बाहर निकल गए। समरू की बेगम के कोप से वे सही-सलामत रहे थे, किंतु किस बेगैरती और बेइज्जती के साथ!

बुझे मन से पंडितों, संगसाजों और राजों व बिरादरी के दूर-दूर के मुखियाओं को साथ लेकर दीवान संगमलाल अपनी मन्नत पूरी करने के लिए हस्तिनापुर की ओर कूच कर गए। पंडितों ने शास्त्रों का अवलोकन किया। उन्होंने हस्तिनापुर की जमीन को देखकर मंदिर का एक स्थान निश्चित किया । लेकिन वहाँ हस्तिनापुर के आसपास के गाँवों के आदि-निवासी गूजरों का वृक्ष देवता पीपल खड़ा था । वह पीपल का पेड़ वहाँ से हटाकर ही मंदिर की नींव वहाँ पड़ सकती थी । उन्हें प्रलोभन देने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन इस प्रश्न को लेकर एक तुमुल विरोध ग्रामीण जनता की ओर से उठ खड़ा हुआ। संगमलाल को धमकी दी गई कि अगर पेड़ कट गया तो उनकी जान की खैर नहीं। पंडितों से फिर विचार-विमर्श हुआ। शास्त्रों के अनुसार और कोई स्थान मंदिर बनाने के लिए इतना उपयुक्त दिखाई नहीं दिया।

शनै:-शनै: जैन समुदाय के लोग वहाँ एकत्रीत होने लगे। रात के अँधेरे में एक तेज आरे से उस पेड़ को काटने के लिए पहलवानों को लगा दिया गया। पंद्रह मिनट में वृक्ष कटकर धरती पर गिर पड़ा। हजारों की संख्या में जनसमूह, गूजरों के गोल-के-गोल अपने देवता की रक्षा करने के लिए हस्तिनापुर की ओर निकल पड़े। जैसे ही पेड़ कटा, वैसे ही उस जगह पर नींव की ईंट रखकर दीवान संगमलाल बहली पर सवार हो, तेज बैल जुतवाकर, वायुवेग से बहसूमे की ओर प्रस्थान कर गए। गूजरों को पंछी के उड़ जाने का पता चला, तो सैकड़ों घोड़े बहली के पीछे-पीछे अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े।

आधे रास्ते में ही घोड़ों ने बहली को पकड़ लिया। छतरी पर सैकड़ों लाठियाँ पड़ीं और उसकी झिर्री- झिर्री उड़ गई। इससे पहले कि दीवान अपने किए के नतीजे को भुगतते, पीछे से मार-काट शुरू हो गई। सिर उठाकर दीवान ने उधर देखा तो पाया, वे समरू की बेगम के सिपाही थे। थोड़ी देर में खेत साफ हो गया, लेकिन डर अभी बाकी था। सिपाही बहली को अपनी रक्षा में लेकर जल्दी से बहसूमे के राजा के महल की ओर बढ़ चले । अगले दिन प्रात: सिपाहियों के नायक से दीवान ने पूछा, 'तुम्हें किसने भेजा था?'

'बेगम साहिबा ने।' नायक ने उत्तर दिया।

'कहाँ हैं बेगम साहिबा ? '

'शाहपुर का जैन मंदिर लूटने के लिए कल रात ही वे रवाना हो चुकी हैं।'

दीवान ने यह सुना तो स्तंभित रह गए। उन्हें बेगम का यह मिजाज समझ में नहीं आया।

दीवान ने तुरंत एक घोड़ा लिया और शाहपुर की ओर दौड़ पड़े। वहाँ जाकर मालूम हुआ कि मंदिर तो पहले ही लुट चुका था; बेगम ने लूट के माल के सात ऊँट भरे थे। उजड़े हुए मंदिर को दीवान ने एक बार खड़े होकर निहारा। उन्होंने तुरंत घोड़े की रास मोड़ी और सरधने की राह पर उसे सरपट दौड़ा दिया। दीवान करीब-करीब बेहोशी की हालत तक पहुँच गए थे। सरधने के करीब पहुँची बेगम ने ऊँट पर बैठे-बैठे दीवान को घोड़े की पीठ से गिरते देखा । दीवान की सेवा-शुश्रूषा शुरू हो गई। अपनी रानों पर दीवान का सिर रखे बेगम उनके मुँह में जल टपकाती रही।

आँखें खुलीं तो दीवान की नजर बेगम पर पड़ी। वे जल्दी से उठ गए और उससे पूछा, 'आपने उन लोगों से मुझे क्यों बचाया?'

बेगम ने गंभीर होकर जवाब दिया, 'अहसान का बदला चुकाना था।'

'आपने यह भी नहीं सोचा कि मंदिर लूटकर आपने हजारों लोगों की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुँचाई है?'

बेगम उठकर खड़ी हो गई। बोली, 'काश कि हस्तिनापुर में वह पीपल का पेड़ कटवाते हुए भी तुम यही सोचते!'

दीवान निरुत्तर हो गए। वे बोले, 'लेकिन यह मंदिर आपकी जान के एवज में बनाया गया था ।'

'हूँ,' बेगम बोली, 'फिर तो मेरी जान की एवज में तुम्हें मंदिर नहीं, बल्कि गिरजाघर बनवाना चाहिए था । ' क्या कहते?

दीवान चुप हो गए। बेगम के अंदर जो यह धार्मिक पक्षपात की भावना उत्पन्न हुई थी, उसका कारण दीवान ही तो थे । वह निराश होकर उन्होंने अंतिम बात कही, 'किंतु मंदिर में मेरी जान बचने की मनौती भी तो शामिल थी।'

'उसके लिए तुम्हें एक ऊँट वापस किया जाता है। हम बुतशिकन नहीं हैं, चलो।' और बेगम का काफिला एक ऊँट वहीं छोड़कर आगे बढ़ चला। दीवान वहाँ खड़े उस काफिले को पीछे से तब तक देखते रहे, जब तक वह उनकी आँखों से पूरी तरह ओझल होकर एक धब्बे के रूप में परिवर्तित नहीं हो गया।

उसके बाद गिरजाघर बना और तब तक बनता रहा, जब तक कि मंदिर की लूट की एक-एक पाई उसमें खर्च नहीं हो गई। उसके तैयार हो जाने पर बेगम ने हुक्म दिया कि गिरजे का कंगूरा राजधानी के तमाम धार्मिक भवनों से ऊँचा रहे । बिना और कुछ कष्ट के एक जैन मंदिर की जरा-सी ऊँचाई को गिरजे के कंगूरे के मुकाबले कम करने के लिए, उसके एक कलश को उखाड़कर अलग कर दिया गया।

गिरजाघर के इस कंगूरे में छिपा था - प्रेम से प्रवंचित एक नारी का सिर ऊँचा करके चलने का अभिमान!

## ग़ज़ल

■ फ़ख़ अब्बास

रेशम ज़ुल्फ़ के तार भी बातें करते हैं
उस के तो रुख़सार भी बातें करते हैं

इतना वक़्त मैं देता हूँ उस लड़की को
अब तो मेरे यार भी बातें करते हैं

सौ अफ़्साने बन जाते हैं दोनों के
हम दोनों दो चार भी बातें करते हैं

हर इक शे%र नहीं हो सकता अच्छा शे%र
शाइ%र कुछ बे-कार भी बातें करते हैं

इतने ज़ख़्म दिखाता हूँ मैं आए दिन
मुझ को तो ग़म-ख़्वार भी बातें करते हैं

---

रोती हुई आँखों का वो मंज़र नहीं देखा
छोड़ आए तो फिर हम ने पलट कर नहीं देखा

कुछ वो भी समझने का तकल्लुफ़ नहीं करते
कुछ हम ने ज़बाँ से कभी कह कर नहीं देखा

शायद उसी कमयाब को कहते हैं तबस्सुम
हम ने तिरे चेहरे पे जो अक्सर नहीं देखा

हम हुस्न ब-अंदाज़-ए-हसीं देखने वाले
सच बात है तुझ सा कोई पैकर नहीं देखा

इस ज़ख़्म का ज़ालिम को तो एहसास बहुत है
जिस ज़ख़्म को हम ने कभी गिन कर नहीं देखा

हम को तो सर-ए-हश्र थी इक और कसक भी
जाते हुए हम ने रुख़-ए-दिलबर नहीं देखा

## कालाहांडी के स्याह पक्ष का जीवंत दस्तावेज़

■ श्री अमरेंद्र किशोर

एक लंबे समय से हमारे देश में 'कालाहांडी' भूख, कुपोषण, सूखे और पिछड़ेपन का पर्याय बना हुआ है। श्री अमरेंद्र किशोर की पुस्तक 'मजदूरों की मंडी कालाहांडी' इन्हीं स्याह पक्षों का सांगोपांग विवेचना करती है। हालाँकि, कालाहांडी कभी प्राकृतिक संसाधनों यथा, जल, जमीन और जंगल से समृद्ध था, लेकिन लूटमारी और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन ने इसकी तस्वीर को रंगीन से श्याम-श्वेत बना दिया और आदिवासियों के जीवन को भी बेरंग कर दिया।

आज कालाहांडी के आदिवासी पानी और दो वक्त के भोजन के लिए तरस रहे हैं। निश्चित जीवकोपार्जन के अभाव में वे मजदूर बन गये हैं। सौदागरों ने उन्हें देसी शराब और तंबाकू की लत लगा दी है। प्रशासन, राजनीतिज्ञों और नशे के कारोबारियों ने आदिवासियों को इंसान से कीड़ा-मकौड़ा बना दिया है। कुछ रुपयों के लिए बच्चे, बेटियाँ और ननदें बेची जा रही हैं। रसुखदारों के यौन पिपासाओं के कारण कालाहांडी में अनब्याही माँओं की संख्या में इजाफा हो रहा है।

समाज के पारिस्थितिक तंत्र में आस्था और धर्म की अहम भूमिका होती है। ये इंसान के जीवन को सरस व सहज बनाते हैं, लेकिन धर्म के ठेकेदारों ने कालाहांडी के आदिवासियों से उनके देवी-देवताओं को छीन लिया और उन्हें उनकी आस्था, धर्म, पूजा के अधिकार आदि से महरूम कर दिया. आज मन की अशांति और जठराग्नि ने उनके जीवन को विद्रूप बना दिया है।

**प्रकाशक**-बुकस्मिथ, रोहिणी, सेक्टर-13, नई दिल्ली-110085
प्रकाशन वर्ष-2024
मूल्य (पेपरबैक) 999 रूपये
समीक्षक-सतीश सिंह, अहमदाबाद

कालाहांडी में विकास करने के सरकार के कई दावे हैं, जिनमें गाँव को निकतम शहर से जोड़ना, मुफ्त में चावल वितरण, आर्थिक सहायता देना, बिजली की उपलब्धता, स्कूल, प्राथमिक अस्तपताल की सुनिश्चितता आदि हैं, लेकिन लेखक पुस्तक में इन दावों की पोल खोलता नज़र आता है।

संक्षेप में यह पुस्तक आदिवासियों के शोषण, प्राकृतिक संसाधनों की लूट, प्राशासनिक कुव्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक विसंगतियां और कागज़ पर विकास करने की कहानी है। साथ ही, यह देश के दूसरे प्रदेशों में रह रहे आदिवासियों की भी कहानी कहती नज़र आती है। पुस्तक की सामग्री व भाषा-शैली के सरस, सहज और रोचक होने के कारण यह पाठकों को एक बैठक में पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।




हास्य-व्यंग्य

## किम् आश्चर्यम ?

# यक्ष-युधिष्ठिर वार्ता

■ विनोद कुमार

सभी प्रश्नों का यथोचित उत्तर प्राप्त होने से प्रसन्न यक्ष ने युधिष्ठिर से अगला प्रश्न पूछा -'गणतंत्र दिवस क? अर्थात गणतंत्र दिवस क्या है?'

दार्शनिक, तार्किक और वैज्ञानिक प्रकृति वाले प्रश्नों से इतर लोकतांत्रिक प्रश्न सुनकर युधिष्ठिर आश्चर्यचकित हो यक्ष की ओर देखने लगा। लंबी सांस ली, फिर मुस्कुराते हुए बोला- हे यक्षराज ! सवाल जितना लघु है इसके उत्तर की प्रकृति उतनी ही दीर्घ है। बहरहाल, गणतंत्र दिवस का आशय आर्यावर्त भूखंड पर आयोजित होने वाले ऐसे लोकतांत्रिक महोत्सव से है, जो जन, गण और गणमान्य द्वारा विगत सात दशकों से समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रोत्सव के दौरान कर्मचारी, अधिकारी, पदाधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर तत्परता दिखाने में जुट जाते हैं। बैठक, विशेष बैठक, आपात बैठक, अनिवार्य बैठक, अपरिहार्य बैठक, शांति समिति की बैठक का एक सत्र समाप्त होता नहीं कि दूसरा सत्र प्रारंभ हो जाता है।मेटा उपभोक्ताओं द्वारा टिकट साइज फोटो और देशभक्ति शायरी से ओतप्रोत तिरंगा व्हाट्सएप्प स्टेटस से फेसबुक स्टोरी तक फहराया जाने लगता है। रक्त से फेफड़ा तक हीमोग्लोबिन की बजाय नेशनलोबिन प्रोटीन का निर्बाध प्रवाह होने लगता है। इस दिन रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट सदृश सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम देखने को मिल जाता है।



भारत माता सहित चाचा, बापू को याद कर जय-जयकार करने और नारा लगाने वाले नौनिहाल और स्कूली बच्चें जलेबी और चाकलेट की आस में एक सप्ताह पूर्व से देशभक्ति गीतों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के रिहर्सल में जुट जाते हैं।

जलेबी,बुंदी बेचने वाला हलुवाई, तिरंगा सिलने वाला दर्ज़ी, विद्यालय के शिक्षक आदि के दैनिक गतिविधियों में मानसिक रूप से गणराज्य के प्रति आस्था और भौतिक रूप से कार्य बोझ में समानुपातिक वृद्धि देखने को मिल जाती है।

शुभकामना संदेश के बीच अखबारों के मुखपृष्ठ से संपादकीय पृष्ठ तक राष्ट्रीय भावनाओं से अभिप्रेरित आलेख स्थान छेक लेता हैं। जन सरोकार से जुड़े समाचार की बजाय पत्रकार बंधु राष्ट्रीय पर्व शुभकामना संदेश विज्ञापन का टारगेट पूरा करने हेतु विज्ञापन दाता की तलाश में जुट जाता है।

इस दिवस पर पाठकों द्वारा समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ से आखिरी पृष्ठ तक प्रकाशित विज्ञापनों के बीच समाचार को ढूँढने का असफल प्रयास किया जाता है।

तीन रंगों से सराबोर लोगो वाले न्यूज़ चैनलों पर शहीदों के विशेष कार्यक्रम, राष्ट्र धर्म की वार्ता और राष्ट्र धर्म पर वार्ता से संबंधित देशभक्ति व राष्ट्रीयता वाला खुशफहमी का संचार चहुँओर प्रसारित होने लगता है। भ्रष्टाचार, अत्याचार, महंगाई, बेरोज़गारी आदि दुनियादारी की बजाय देशदारी पर चर्चा होने लगती है। चैनलों का प्राइम टाइम पड़ोसी मुल्कों की अपेक्षा स्वराष्ट्र को ताकतवर सिद्ध करने की? बहसबाज़ी और हो हल्ला में निकल जाता है।

मनोरंजन चैनल पर बोर्डर, हिंदुस्तान की कसम,आँखें, शहीद,कर्मा, उपकार आदि फिल्मों का प्रसारण और पुनर्प्रसारण होने लगता है। टेम्पो और बसों में द्विअर्थी अश्लील या भोजपुरी गीतों की बजाय %मेरा रंग दे बसंती चोला, मेरे देश की धरती, ऐ मेरे वतन के लोगों,कर चले हम फ़िदा...% आदि गीत गूँजायमान होने लगती है।

**इस राष्ट्रोत्सव के दौरान कर्मचारी, अधिकारी, पदाधिकारी विधि व्यवस्था को लेकर तत्परता दिखाने में जुट जाते हैं। बैठक, विशेष बैठक, आपात बैठक, अनिवार्य बैठक, अपरिहार्य बैठक, शांति समिति की बैठक का एक सत्र समाप्त होता नहीं कि दूसरा सत्र प्रारंभ हो जाता है।**

विभिन्न सरकारी विभागों के बीच परेड और विभागीय उपलब्धि के प्रदर्शन की होड़ लगी रहती है।

माननीय से लेकर छुटभैया नेता तक राष्ट्र गान को याद करने एवं झंडोत्तोलन के औपचारिकता की तैयारी में भिड़ जाते हैं। चुनावी वायदों और सरकारी योजनाओं का कागज़ी शिलान्यास करने वाले जननायक जाति और कौम के मोह से परे झंडोत्तोलन स्थल अथवा मंचों से राष्ट्रीयता से प्रेरित नारों का उद्घोष करते दिख जाते हैं। नौनिहाल से नौकरी पेशा तक, ग्राम प्रधान से गणराज्य प्रधान तक विधि-विधान से इस उत्सव में सहभागिता दिखाने लगते हैं। विशुद्ध राष्ट्रीय विचारों से मिश्रित आक्सीजन राष्ट्र मंडल में व्याप्त होने लगता है। उपरोक्त घटनाक्रम का समूहन ही गणतंत्र दिवस है।

युधिष्ठिर के ज्ञान की प्रशंसा करते हुए यक्ष ने आखिरी प्रश्न पूछा- किम् आश्चर्यम अर्थात आश्चर्य क्या है?

युधिष्ठिर विनम्रता से - जनै:, गणै:, तथाकथितै: महानुभावै: च गणतन्त्रदिवसस्य स्वातन्त्र्यदिनस्य च अवसरे राष्ट्रियभक्ति: आचरिता भवति, ये च स्वस्य भ्रष्टप्रथाभि: देशम् रिक्तं कृतवन्त:, कलङ्कितं च कृतवन्त:। तत् एव आश्चर्यम्। अर्थात भ्रष्ट आचरणों से देश को खोखला और कलंकित करने वाले जन, गण और तथाकथित गणमान्यों द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय भक्ति का प्रदर्शन किया जाता है। यही आश्चर्य है।

## हाना

करिया अक्षर भइंस बरोबर
अनपढ़ मनखे बर लिखे अक्षर जइसे भइंस ह करिया करिया दिखथे तइसने अक्षर ज्ञान नइ होय ले अक्षर मन ओमन ल दिखथे।

## शब्द अरथ

1. छंदझ्या-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइ्या- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# नंदावत शब्द के पीरा काबर

छत्तीसगढ़ी भाषा म शब्द ह हिन्दी ले जादा हावय। हिन्दी के शब्द सागर के बहुत अकन शब्द ह विकास के भेंट चढ़गे। छत्तीसगढ़ी भाषा के सब्द सागर म घलो बहुत अकन शब्द सुखागे अउ बहुत अकन ह सुखावत हावय। ये शब्द ल जियाय के कोशिश करबो तभो अब ये ह नई बांचर काबर? विकास के भेंट चढ़गे।

शब्द चाहे कोनो क्षेत्र के होवय, सबो डाहर विकास के दौर चलत हावय। सब ले पहिली बदलाव अइस पहिरावा म। सलूखा गमछा नंदागे, जैकेट अउ नेपकीन आगे। पोलखा, लुगरा, लुगरी, साया के जगह ब्लाउज, साड़ी, पेटीकोट आगे। ककवा कंघी, चूड़ी, बांचे हावय, फेर कोम्ब बेंगल होय म समय नई लागय। पहुंची, नाग मोहरी, एंठी,ढरकऊवा, सुता सुंड़रा, पुतरी सांटी करनफूल ह नंदागे त ये सब्द ह अब इतिहास बनगे, येला कोन सुरता करही। नवा जिनिस आगे। नेकलेस कंगन, पायल, करधन अभी बांचे हावय।

कलेवा के बात कर लेथन छत्तीसगढ़ राज बने के बाद ठेठरी, खुरमी, खाजा, पिड़िया, फरा, चीला, चांउर रोटी अब घर-घर आवत हावय ये ह बने बात आय। फाइव स्टार होटल मन म चावल आटा के रोटी के संग-संग भात के पातर, रोटी मिलत हावय। फर ल फरहा घलो कहिथे होटल मन म मिलत हावय , येखर कई रुप हावय। डोसा, ईडली, ढोकला संग अपन मितानी बढ़ावत हावंय। सब्द सागर म कुछ नवा सब्द आवत हे। करी लाड़ू, पूरन लाड़ू, पपची, छिटहा लाड़ू ह कोनो-कोनो मेर तीर तार म सांस लेवत हावय।

बारी, बखरी के बात घलो हो जाय, खेती-किसानी के गोठ घलो हो जाय। घुरूवा, गोबर खातू, तो हावय फेर गोबर गैस प्लांट घलो आगे। ये ह नवा नाम आय, बांस के झऊंहा चरिहा, दौरी सब्द ह नंदाइस काबर,येखर चलान खतम होगे, पिलास्टिक के टुकनी, सूपा आगे। ये नंदाय हवय फेर मरे नइए अभी जियत हावय अउ उत्साह ले जियत हावय। येला अपन घर लाय के जरुरत हावय।त

कुछ शब्द मन भले नंदावत हावंय च्राचरज्ज शब्द ला सुन के तो मैं ह अचरज म पर गेंव। येखर जगह अब बहुत गांव मन न लोहा के गेट लग गे हावय। राचर शब्द हा राचर के लकड़ी संग फेंका में। बने होतिस के ये राचर के थोरिक रूप बदल के लकड़ी के राचर राहन देतिन। नांगर तो हावय, जोतई शब्द ह घलो हावय फेर बहुत जगह टेक्टर आगे नांगर ह दूरिहावत अवय। मोला तो लागथे के नांगर ह भांठा ह बइठे हावय अउ हमन ल निहारत हावय, 'मोरे भरोसा हजारों साल अन्न उपजाय हव आज मोला बहिरा देव। कोनो बात नइये में तो टेक्टर के पाछू म बहठे हावंव फेर नांव बदलगे हावय। नाव कतको बदलव, फेर.नांगर के दांता बिना खेत कइसे जोतहु? मैं तुंहर काम म हर जगह रइहुं नाम बदल-बदल के।

कुआं के मछरी ह 'फिश' होगे, सूरुजमुखी ह 'सनफ्लावर' होगे। रमकेरिया हा 'लेडी फिंगर' होगे, शब्द ह भागत हावय। हमन कतको पकड़ लन धरावत नइये।

कहां गए वो अम्मारी पटवा के सुक्सा, भाटा मखना के खोईला। मखना बरी, मुरई करी? अब आगे सोयावरी। खाना बनाए के तरीका बदलगे, नाव बदलगे। मसरी बटकर मसूर कड़ही होगे, तिंवरा सब कभु-कभु खाय बर मिलथे। सब भाजी नंदागे, मछरिया, सकती, तिनपनिया भाजी ह तो दूज के चंदा होगे हावय। मिलगे त तिहार मना, नई मिलिस त सुक्खा। भजकट्टैया तो अब खाय बर नई मिलय जेन जिनिसवं नई मिलय ओखर नाव ह नंदावत हावय। चुल्हा सब्द ह गैस चूल्हा के रूप म हावय। अधरा, गोरसी शब्द ल गांव के मन नई बोलय। जेवन, कुची, सुपेती, गोड़धोना ह अंतिम सांस लेवत हावय।

बिहाव के रीति-रिवाज बदलत हावय कतको शब्द ह गवावत हावय। पिंवरी लुगरा ह लाली म बदलगे। छत्तीसगढ़ी के जतका सब्द हावय ओला बांध के कइसे रखें जाय। नवा सब्द आवत हावय तेखर सुवागत करना जरुरी हावय। कुछ अंग्रेजी के सब्द घलो छत्तीसगढ़ी म समागे हावय।'डिफेक्ट, गेट, स्टेंड, हेडेक जइसे सब्द ह तो अइसे घुरगे हावय जइसे पानी म नून। नून ले सुरता आगे अबके बहुत लइका मन नून ल नई जानय अमृत नमक आगे हावय त नमक ल जानथे।

अइसन तो लिखत-लिखत रात पहा जही। अतेक बात लिखे। मतलब हावय कुछ छत्तीसगढ़ी सब्द ल तो बचा नई सकन वो ह शब्दकोष के शोभा बनही अइसना सब्द मन ल लिख देबे त ओला पांच ह सब्द कोस म खोज-खोज के पढ़ही। आज के दिन जेन शब्द मन चलत हावय तेन ल बचाय जा सकथे। कइसे? ओखर घेरी-बेरी उपयोग करके, ओ सब्द मन ल लेखन म जगह दे के ओला नवा जीवन देय जा सकत हावय। कतेक शब्द ल सकेल के बीजहा कस जतन करबो। तेज हवा म अंधेर पानी म कुछ शब्द ह करगा के रूप म जनम लेथे अउ मेटा जथे। कुछ शब्द ह पसहर के रूप ले के सबके सेवा करथे। हर साल कुछ न कुछ सब गंवावत हावय त कुछ नवा सब्द अपन रंग, रूप ल बगरावत हावय। येला जतने के जरूरत हे अउ येला अपन शब्द भंडार के कोठी म जगह देय से परही। आज हमन ये शब्द के कतका उपयोग करत हावन, हमन कतका छत्तीसगढ़ी बोलथन एखर बारे म फेर कभू बोलबो। अब जेवन के बेरा होगे उठे बर परही। नंदावत शब्द के पीरा काबर/ विकास चाही न सब ला त येला स्वीकार करव।

**सुधा वर्मा**

# सपना के पांखी

महराजिन के चुनाव जीते के पाछू वार्ड म विकास के काम दिखे लागिस। नाली बजबजावत रहे तेन साफ होय लागिस, सड़क खंचवा खनाय रहिस तेन सिरमिट के नांवा सड़क बनगे,पीये के पानी ठीक से नल म नि आवत रहिस ओहू समे म मिले धर लिस। गली म बिजली घलो लग गे जेकर ले रतिहा आय-जाए म कोनों किसम के डर-भय नि रहय।

कहिनी

पं.सिरीधर श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी रहिस। जबर सिधवा, ऊंचपुर फकफक उज्जर देहें अऊ माथा के भरभर त्रिपुंड चन्दन के टीका लगाय रहे। चुटइया जबर लंबा अऊ मोटहा रहिस, ते पाय के कतको झन चोटइया वाले महाराज के नांव ले चिन्हारी करंय। पं.सिरीधर पोथी पुरान के जबर गुनिक कतको अकन दोहा-चौपाई अऊ श्लोक ल मंतरा कस मुअखरा पढ़त रहय। ओहर धोती कुर्ता पहिरे, पांव म खड़ाऊ पहिर के रेंगय।पं.सिरीधर संतोषी किसिम के रहिस ते पाय के कतको झन संतोषी महराज घलो कह देवंय। श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर ओतका जादा बड़े नि रहिस फेर ओकर महत्ता जबर रहय।

ओहर मंदिर के पूजा-पाठ करय,काकरो धार्मिक अनुष्ठान,बर-बिहाव ,कथा घलो बांचे जावे। जजमान मन कतको दे देवय ओला झोंक लेवय कोनों प्रकार के अऊ देवा कहिके कभू नि रुंगे ते पाय के सबोझन संतोषी महराज कहबेच करय। पूजा-पाठ करवाय बर सबो बलाबेच करंय। चेला-चपाटी मन घर म पूजा-पाठ एतका जादा रहय के महराज जी ल फुर्सत नि रहय। कभू-कभू तो आने दिन करबो कहिके करारा कर देवय।

पूजा-पाठ करे म सबो डहर चिन्हारी होगे रहिस। लक्ष्मीनारायण मंदिर शहर के बीचोबीच म रहिस,मंदिर के पाछू कोती महराज मन के रहे के ठउर-ठीहा रहिस। ऊंहा अपन गोसाईंन सबितरी अऊ दू झन लइका संग रहय। पूजा-पाठ अऊ कथा-भागवत के चढ़ोतरी ले गुजर-बसर समे के समे हो जावत रहय। समे कतका बेर केरवट लेथे गम नि मिले। नगर निगम के ठउका चुनाव के बेरा आय रहिस। जेन जघा म मंदिर रहय ओहर वार्ड क्रमांक-20 म आवत रहिस जेन ह अनारक्षित महिला सीट होगे रहय। महराज जी के प्रभाव घलो उहीच वार्ड म जादा रहय।

जेन वार्ड म महराज मन रहंय तेन वार्ड म कोनों किसिम के विकास कारज नि होय रहिस ते पाय के सबो जनता मन कतको परेशानी ल झेलत रहिन। पहिली के पार्षद रहिन तेमन कुछू काम नि करे रहे। चुनाव के लकठियाय म कतको झन अपन-अपन दावेदारी करे बर धर लिन। चुनाव के बेरा म कतको शिक्षित, मिलनसार शुभचिंतक, सुख-दुख के संगवारी, बुधियार तको मन बिल भितरी ले बहिराय के आरो देखे म मिल जाथे।

महिला सीट रहे के खातिर उहीच वार्ड के एकझन जजमान पिलउ ह एकदिन पंडित जी करा जाके कहिथे- हमर वार्ड क्रमांक 20 म कुछु विकास कारज नि होवत हे महराज! एकठन गोठ कहत हौं महराज नराज झन होइहा।

-ले गोठिया न पिलउ का बात आय तेन ल? महराज कहिस! नराज नि होइहा त कहत हौं।

थोरिक डरावत पिलउ कहिस- ले गोठिया न काय बात आय तेन ल ओमा का के नराज होये के बात हे भई? महराज मुसकावत कहिस!

-हमर वार्ड म आज तक कोनों विकास के कारज नि होय ते पाय के आपमन के महराजिन ल पार्षद चुनाव म ए पइत प्रत्याशी बनातेन कहिके अंदाजे हावन महराज। पिलउ सकपकावत कहिस! अऊ ठउका ए वार्ड ह सामान्य महिला सीट होगे हावे। बतावत कहिस।

-अरे भई! हमन ल अपन पूजा-पाठ ले फुरसत नि मिले कहा के चुनई -फुनई एकर ले हमन दूरिहा रहिथन, राजनीति के दांव-पेंच ल नि समझ सकन ग। महराज अपन जजमान ल कहिस।

- ए दारी सामान्य महिला सीट हावे तेकर ले कहत हंव थोरिक चेत करव महराज। पिलउ फेरेच कहिस!

-त तैं सुन पिलउ आज हमन दूनोझन सलाह हो जावत हन फेर बताहूं। महराज कहिस। संझा जुवार मंदिर के पूजा आरती भोग के बाद रतिहा अपन महराजिन सबितरी संग सलाव होय बर धर लिन। पिलउ आय रहिस अऊ कहत हावे के ए दारी के पार्षद चुनाव म तोला उम्मीदवारी करे बर कहत हांवै तोर का बिचार हे बता? महराज अपन गोसाईंन ल कहिस! पिलउ आय रहिस त ओला काय बोले हौ? साबितरी कहिस!

-घर म सलाव हो जावत हन तेकर पाछू बताहूं कहे हंव। महराज कहिस!

-पिलउ ठीक कहत हावे ए दारी हमरो भाग ल आजमा के देख लेथन मउका मिलत हे त। साबितरी खुशी मन ले कहिस।

-ठीक कहत हस तैं वइसे ए वार्ड क्रमांक 20 म हमर जजमान घलो जादा हावें। महराज कहिस!

दूसर दिन पिलउ फेर आइस-का सलाव होय हौ महराज? पैलगी करत पिलउ पूछिस!

-बइठ पिलउ.....कुर्सी कोती इशारा करत महराज कहिस। देख पिलउ हमन चुनाव ल जानन नहीं पूजा-पाठ के करइया तो आन। महराज कहिस!

-आप मन तियार भर हो जावौ बाकी कुछू करे बर नि लागय हमन सब देख लेबो । पिलउ कहिस!

-देख अइसनहा हे त महराजिन ल तियार करत हौं। महराज कहे लागिस! फेर पाछू कोनों प्रकार के धोखा नि होना चाही। पिलउ ल समझावत कहिस।

-ठीक हे महराज चिंता करे के बात नि हे। पंदोलत पिलउ कहिस। एमा धोखा के बातेच नि हे।

दूसरावन दिन वार्ड के मन सबो जुरमिल के पार्षद बर फारम भरे कलेक्टर आफिस के निर्धारित ठउर म महराज अऊ ओकर गोसाईंन सबितरी संग जाके भर के आगिन। उहीच वार्ड ले केकती घलो फारम भरे रहिस। केकती घलो आकब करे म कम नि रहिस। अपन वार्ड के जबर कमइलिन, मिलनसार अऊ बने गोटकारिन घलो रहय। जेन दिन फारम के स्कूटनी होइस तेमा केकती के फारम म कुछ कमी पाय गिस ते पाय के फारम रिजेक्ट हो गिस अऊ महराजिन सबितरी निर्विरोध चुनाव जीत गिस। सबोझन महराज अऊ महराजिन ल बधाई देवत रहिन। चुनाव जीते के बाद कोनों किसिम के देखावा जादा नि करिन।

महराजिन के चुनाव जीते के पाछू वार्ड म विकास के काम दिखे लागिस। नाली बजबजावत रहे तेन साफ होय लागिस, सड़क खंचवा खनाय रहिस तेन सिरमिट के नांवा सड़क बनगे,पीये के पानी ठीक से नल म नि आवत रहिस ओहू समे म मिले धर लिस। गली म बिजली घलो लग गे जेकर ले रतिहा आय-जाए म कोनों किसम के डर-भय नि रहय। सबो के राशन कारड घलो बनगे। वृद्धा, विधवा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाईक रहिन तेमन ल मिले लागिस। कतको झन ल प्रधानमंत्री आवास घलो देवाइस। वार्ड के सबो मनखे महराजिन साबितरी के कारज ल सहरावत खुश रहिन।

अइसने करत पं. सिरीधर अऊ महराजिन के मान सम्मान अऊ बाढ़त गिस।बढ़िया कारज करंय ते पाय के हर बार चुनाव म उहीच मन निर्विरोध चुनाव जीत जावत रहिन।लगातार चार पंचवर्षीय तक उहीच वार्ड ले कभू महराज पार्षद बने त कभू महराजिन।धीरे-धीरे पद -प्रतिष्ठा पूरा शहर म फइल गे।पं. सिरधर मन म सोचत रहिस के च ए पइत के चुनाव म महापौर के फारम भरबेच करहूँ च।महराज के मन म च्च*लोभ के पीकी फुटे* च्च धर लिस।महापौर के सपना देखत रहय।

महापौर बने के सपना ल सिरजाय बर पं. सिरीधर तियारी करे लागिस। तिहार-बार लकठियाय त बड़का-बड़का फ्लेक्स चउंक-चौराहा म टंगवाबेच करे। घाम के दिन जघा-जघा शरबत पानी पियावय,जड़कल्ला म कम्मल बांटे, तीजा म माई लोगन मन के सम्मेलन करवा के लुगरा बांटे, राखी तिहार म घलो लुगरा अऊ मिठई बंटवाबेच करे।डाक्टर, वकिल,साहित्यकार, लोक कलाकार सबो मन के मंदिर म ओसरी-पारी सम्मेलन करवाए सबो ल नरियल अऊ साल भेंट करत जावे।सबो समाज के मुखिया मन के घलो सम्मेलन करवाईस।पं.सिरधर महापौर बने के अपन जम्मो ताकत ल झोंक दिस।जघा-जघा सोर घलो होवत रहिस के च ए पइत पं. सिरीधर महापौर बन जाही अइसे लागत हावे।

चुनाव लकठियावत गिस एती पं.सिरीधर के तियारी घलो बाढ़त गिस।शहर के सबो वार्ड म पं.सिरीधर के गोठबात होवय जेमा कहंय के ए च पइत महराज महापौर बनबेच करही च।चुनाव आयोग डहर ले चुनाव के तियारी होय लागिस।मतदाता सूची तियार होइस अऊ ओकर प्रकाशन होगिस।महापौर पद के आरक्षण करे के दिन राज्य निर्वाचन आयोग डहर ले निर्धारित होइस।एती महराज पहिली ले टी.बी. ल समाचार सुनहूं कहिके चालू करके बइठे रहिस।

महराज जी पहिली समाचार चेनल लगाइस, त ओमा विज्ञापन आवत रहिस। विज्ञापन घलो जबर लंबा तक चलत रहय, असकटा के रिमोट ल दबा के आने समाचार चेनल लगाइस ओमा एंकर अऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री संग प्रयाग महाकुंभ के गोठबात होवत रहय,फेर तुरतेच आने चेनल लगाईस। ओमा ठीक समाचार बोलइया समाचार बोले के शुरू करत रहय। रायपुर, बिलासपुर,दुरुग रायगढ़,सरगुजा अऊ बस्तर कोती के आरक्षण ल बतावत गिस । महराज कान ल बने टेंड़ के सुनत रहय,जइसे कोरबा के नांव लेवत रहिस तइसने... लाईट गोल होगे। भइगे महराज तो लाईन वाला मन ल भंसेड़े के शुरु कर दिस। इहीच बेरा रहिस लाइट गोल करे बर। मने मन बड़बड़ावत रहय।

-आज महराज ल नींद नि आवत रहय। सुकवा उवे के पहिली ले जाग गे रहिस। पंगपंगाती भिनसरहा होईस तंह ले महराज जी असनान करके पूजा-पाठ ल जल्दी कर डारिस, पेपर म समाचार पढ़े बर पेपर बंटोइया ल अगोरत रहय। पेपर बंटोइया घलो आने दिन कस जल्दी नि आइस थोरिक अबेर होगिस त पेपर बंटोइया ऊपर भड़कत अऊ खिसियावत रहय, तइसनहे पेपर बंटोइया आइस। झटकुन पेपर ल देखे धर लिस। पहिली पेज के ऊपर म बड़का हेडिंग म लिखाय रहे छत्तीसगढ़ के सबो 'नगर निगम,नगरपालिका अऊ नगर पंचायत के आरक्षण सूची!

ऊपर ले पढ़त उतरत गिस कोरबा करा आइस त कोरबा के आघू म 'अनुसूचित जनजाति महिला' - लिखाय रहे। महराज ल विश्वास नि होत रहिस अपन चश्मा ल फेर बने पोंछ के देखिस। कोरबा महापौर के पद अनुसूचित जनजाति महिला रहिस।

आरक्षण सूची ल देख के पं.सिरधर च अकबका गिस। ओकर 'चेहरा के चमक' उड़िया गिस। जाड़ म घलो पसीना ओगर गे।ओकर मुंहरन देखे के लइक होगे। महापौर बने के 'सपना म पानी फिर' गिस। महापौर बने बर एतका जादा मिहनत करे रहिस तेन सबो ह बाढ़े पूरा कस बोहागे। महापौर के सपना ताश के घर कस भरभरा के गिर गिस। पं.सिरीधर के देखे 'सपना ह पांखी' लगाके बंड़ोरा के संगे-संग अगास कोती उड़िया गिस। एकरे सेती कहे गे हावे कोनों जिनीस म जादा चभीक अऊ लगाव नइ रखना चाही।

**डोरेलाल कैवर्त 'हरसिंगार'**
**तिलकेजा,कोरबा**

# कमाय टोपी वाले-खाये टोपी वाले

बियंग

इहा तइहा के बात आय जब केवल निंगोटी वाले मन कमावत रिहिन अऊ टोपी वाले मन खावत रिहिन। धीरे-धीरे समे बदलत गिस। बपरा निंगोटी वाले मन कतेक दिन ले कमाही तेकर सेती? कमाये के बुता ला घला टोपी वाले मन अपन हाथ म ले लिन। अब केवल टोपी वाले कमाथे अऊ निंगोटी वाले मन काबर तकलीफ उचाही तेकर सेती खाथे घला उही मन। निंगोटी वाले मन बेरोजगार हो गिन तहन जे हल्ला करिस तेला पुरखौती टोपीधारी मन मुंह तोपऊ नान-नान टोपी चटादिन। एक झिन टोपी चटइया निंगोटी वाले हा फोकट के खा-खा के पस्त हो चुके रिहिस। पेट खदबदाय लगिस। मुंह तनि ले उछरना शुरू हो गिस। तहान एक झिन पुरखौती टोपी वाला हा अस्पताल के रूप धरके ओकर तिर म अमर गिस। अतका खवाय के पाछू निंगोटी वाला के सेप सेप करत पेट देख के अपन अस्पताल म धराय पैंतीस किलो चाऊर लिखाय बोरी म भराय समान ला ओकर मुंह कोति ले उलद दिस। पचे बर मधुशाला के खइरपा म लगे तारा संकरी ला हेरवा दिस। निंगोटी वाले हा दिन भर उही मधुशाला तिर घाम म लरघियावत घोंडे रहय। छांव बर ओकर बर उही तिर बिगन कपाट अऊ बिगन छानी के घर बन गिस। निंगोटी वाले ला काय जाड़ लागही? न ओला बारिश के पानी हा भिगोय सकय, न तात-तात पेलत झांझ झोला धर सकय। अतका स्वस्थ के ओला देख बिमारी हा पल्ला भागे लगिस। निंगोटी वाले के बिमारी दूर होये के ढिंढोरा पिटागे। तहन टोपी वाले हा अपन अस्पताल ला समेट लिस। अब निंगोटी वाला ला खाय बर नइ लागय ओकर भूख ला टोपी वाला के अस्पताल म आपरेशन करके निकाल दे गय रिहिस।

टोपी वाला ह बिगन नागा करे कमाथे- खाथे कोन तेला ईडी ह बताही। अतका जरूर हे जेहा कलगी लगे टोपी पहिरथे तेमन नइ खावय, बाकी दूसर टोपीधारी मन खाथे। गांव म मोर एक झन संगवारी रहिथे बुता करत नइ दिखय। फेर कमाय बहुत हे अऊ सुने हन के खाथे घला बहुत। बीते होली गांव गे रेहेंव तब ओकर ले मुलाखात होइस। मोला अपन घर लेगिस। ओकर घर देख मुंह ला फार देंव। राजा-महराजा कस ओकर शान-शौकत देख के पूछ पारेंव- काय बुता करथस बइहा?

ओ ह बताइस झन पूछ यार। हकर-हकर कमाथंव अऊ काय करहूं तेमा यार? में फेर पचारेंव- काये बुता करथस तेला पूछत हंव यार? ओ किथे-कतको बुता। अऊ काय करहूं तेमा गो। में पूछेंव- काय बुता करथस तेकर नाव तो होहि? वो बतइस- हरेक के बुता बनाथंव अऊ नाम संग पइसा कमाथंव? मोला आगू कुछु अऊ पूछे के मौका नी दिस। बरा-सोंहारी लान के मढ़हा दिस भऊजी हा अऊ घर के हाल-चाल पूछे लगिस। सोंहारी बरा उचाय बर हाथ लमायेंव एक ठन प्लेट म सोंहारी अऊ दूसर प्लेट म बरा लिखाय रिहिस। मोला जनता समझ के भुलियार दिन गा।

कका कहिते रहय - अइसे बात घला आय बाबू मन ल बगैर टोपी वाला मन ल खाये बर देइच दिही। त ओमन खा कहा सकही खई डरही त पचय निही। उछर डरथे। त अइसन मनला काबर खाय ला दिहीं अऊ जब एको कनि खानाच निये तब कमाही काबर तेकर सेती केवल अऊ केवल टोपी वाले मन कमाथे अऊ खाथे घला उही मन।

महू फोकटे-फोकट केहेंव- मोरे बर अतेक अकन लान दे हस? येकरो बर लान ना या भऊजी।

भौजी किथे-ओहा येला नी खाय। ओकर खाय बर मोला बनाय ला नइ लागे। येहा घर म नी खाय। मोर मुंह उलाये के जगा नी बांचिस। खैर, मोला काय करना हे? गुलाल लगे कस घेरी-बेरी ओकर मुंह के बदलत रंग देखत निकल गेंव।

दूसर दिन... घर तिर म रहवइया ननपन के बांटी-भंवरा खेलइया संगवारी बबला के घर उपर नजर परगे। बबला हा मरगे रहय। कारण पता लगिस ओहा कमाये निही केवल खाए। कभू आश्वासन, कभू भाषण, आखिर म धोखा खाइस। पेट म लात मार सब खा डारिस। अतेक पचही थोरेन? मरबेच करही। सांत्वना दे बर भउजी ले मिले के सोंचेंव। मोला देखते साठ खटिया बिछइस । ओकर खटिया म राजनीति के ढेंकना संचरगे रहय। घर म ओइले जात-पात के भुसड़ी हा अतेक चाबत रहय के बइठे के हिम्मत जवाब दे लगिस। थोकिन बेर म खड़े होय ला धरेंव। भउजी पूछे लगिस- तहूं मन खड़े होवत हव?

मैं केहेंव- हमन सरकारी नौकरी करथन भउजी। हमन खड़ा नइ हो सकन। भउजी किथे- फेर हमर घर उही आथे जे खड़े होथे। आज तक कोन्हो बइठइया नइ अइस। तेकरे सेती पूछ पारेंव। में पूछेंव-तोर घर म बइठे के जगा नइहे भउजी। कोन आही?

भउजी बतइस- रिहिस बाबू फेर जे आथे ते हमर खटिया म राजनीति के ढेंकना छोंड़ देथे। ओकर आगू-पीछू भिनभिनात धरम के भुसड़ी खुसरके पइध जथे। घर के हवा म बैर अऊ घृणा के महक घोर के पानी म स्वारथ के रंग मिंझार के, मोह अऊ लालच के नान-नान लाड़ू चटा देथे। हम उंकर आनी बानी के बात म को जनि कइसे फंस जाथन के? निकले नी सकन। तहन हमर ले जतका निकालना हे तेला बैरी मन निकाल के लेग जथे। हमर हाथ जुच्छा के जुच्छा बांच जथे। जुच्छा मनखे के घर ला कोन निहारहि बाबू?

कलेचुप निकल गेंव। बाहिर म कुछ अइसे लइका मन मिल गिन जेमन ला हम गोदी म खेलाये रेहेन। अब उही लइका मन पूरा गांव भर जेकर संग पाथे तेकर संग खेलथे। हम सोंचेन हमला देख के पांव पयलगी करही। अगोरा करेन ... उन हमर आगू म पच ले थूकत निकल गिन। हम का जानन के अभू चुनई के बेरा नोहे। न हम इहां के वोटर अन। कोन हमला जै जोहार करही तेमा? अइसन सोंचत मन ला मढ़ा डरेन। पारा म माखुर रमजत एक झन कका दिख गिस। हम ओकरे ले मिले बर चल देन। पांव पैलगी के पाछू कका ला बाते बात म पूछ पारेन- येती ले अभी-अभी लइका मन नहाकिन तेमन फलाना फलाना घर के लइका आय न कका? कका बतइस- हव बाबू।

में पूछेंव- काये करथे गा येमन? कका किहिस- ओला नी जानो बाबू फेर अपन पुरखा के पुश्तैनी धंधा ला जोरदार चलाथे सुने हंव। में केहेंव- येकर मनके ददा मन तो कुछु नी करत रिहिन कका? खाली टोपी पहिर के किंजरत रिहिन। कका किथे- इहू मन तो उहीच बुता करथे बेटा। मोर मुंह ले निकल गिस- त अब तो इंकर मन के परिवार बाढ़गे होही? खाये बर पहिलिच बड़ मुश्किल होत रिहिस। कका हाँसत किथे- न पहिली होत रिहिस न अब होवत हे बाबू। ओकर टोपी पहिरइया ददा मन भितरे भितर अतका सकेल के राखे रिहिस के इनला सात पीढ़ी तक कमाये ला नी लागे। रिहिस बात इंकर बुता काम के इन घला कमाथे तभे खाथे। मे पूछेंव- काये बुता करथे? कका केहे लगिस- येमन टोपी पहिरके फकत किंजरय निही बल्कि गांव के हरेक मनखे ला टोपी पहिराय के बुता करथे। टोपी पहिराना नान मुन बुता थोरेन आय अऊ तब इन खाथें। मे केहेंव - गांव म हरेक मनखे टोपी पहिर लिहीं तहन तो उहू मनला खाय बर मिल जहि कका। ये तो बने बुता आय। कका किहिस - गांव के मनला मुड़ म टोपी नी पहिराय बाबू, उनला का खाये ला मिलही। कमाथे फकत मुड़ म टोपी पहिरइया अऊ खाथे घला उही मन।

कका कहिते रहय - अइसे बात घला आय बाबू मन ल बगैर टोपी वाला मन ल खाये बर देइच दिही। त ओमन खा कहा सकही खई डरही त पचय निही। उछर डरथे। त अइसन मनला काबर खाय ला दिहीं अऊ जब एको कनि खानाच निये तब कमाही काबर तेकर सेती केवल अऊ केवल टोपी वाले मन कमाथे अऊ खाथे घला उही मन। 26 जनवरी के दिन बिहाने ले झंडा फहरात टोपी वाले मन बर मोर मन श्रद्धा ले नतमस्तक होगे।

**गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा.**

# प्रजातंत्र

26 जनवरी के दिन बिहिनिया ले झंडा फहराये के पहिली स्कूल म प्रजातंत्र उपर लइकामन म बहस चलत रहय।

समारू- प्रजातंत्र का हरे जी?

बुधारू- जनता के, जनता मन बर जनता द्वारा शासन ल प्रजातंत्र कहिथें बइहा।

भकाडू – अरे इही ला प्रजातंत्र कहिथे जी ..... त कती देश म अइसन शासन हे ?

मंगलूङ्ग हमर देश म हाबे अऊ कतिहाँ रइहि गो तेमा ...... इहाँ के शासन बेवस्था , दुनिया म मिसाल आय ।

भकाडू – तोर मिसाल विसाल कहूँ डहर जाय यार , हमर देश म का सहींच म प्रजातंत्र के शासन हे ?

मंगलू – अरे हव रे, के घांव बताहूं? इही प्रजातंत्र बर हरेक बछर छब्बीस जनवरी के उत्सव मनाथन।

भकाडू – महूं जानत हवं , फेर में सोंचथंव के जइसे बड़े मनखे मन के याद म पुण्यतिथि मनाथन , तइसने प्रजातंत्र घला बड़का मनखे रिहीस होही अपन जमाना के? ओकरे याद म ओकर पुण्यतिथि मनावत होहीं।

बुधारू हाँसत किहीस- हत् रे भकाडू, निच्चटेच भकला अस यार, काहींच नइ जानस, बपरा प्रजातंत्र ल जीते जियत मार डारे।

भकाडू -का? प्रजातंत्र जियत हे? कतिंहां जी?

बुधारू – हमर देश म। अऊ कतिहा? ओकरे शासन चलत हे यार, गुरूजी मन थोरेन लबारी मारही तेमा?

भकाडू – भलुक गुरूजीमन , अबड़ पढ़ लिख के ज्ञानी बनगे हाबय, ओहा सिर्फ किताब म लिखाये बात ला दोहराथे फेर मोला लागथे के हमर देश नइ घूमे हे ओहा, मेंहा प्रजा के शासन चलत, कहूंच करा नइ अमराये हंव।

मंगलू- टूरा चल गेहे का यार, रंग-रंग के गोठियावत हे?

भकाडू- निही में नइ चले हाबव, तैं बता भलुक, कती जनता के शासन चलत हे? हमर गांव म चलत हे का? इहां तो पइसा के शासन चलथे, बाहुबल के शासन चलथे, पहुंच के शासन चलथे।

मंगलू- चुप रे नानुक रेमटा टूरा, जस नाव तस सोंच, बड़ गोठियाथस, तैं गुरूजी ले जादा जानबे?

भकाडू सीरियस होके पूछिस- तिहीं बता , राशन कार्ड बनाये बर , तोर बाबू कतका चक्कर काटिस? अभू तक नइ बनिस अऊ तोरे तिर म रहवइया सेठ जेला आवसकता निये, ओकर राशन कार्ड ल अमराये बर, पंचायत के मुंशी खुदे घर पहुंचगे। शिवदयाल के परिया परे खेत म, पम्प लगाये बर दू बछर ले आवेदन बिजली आपिस म अतगितान परे हे, अऊ मक्खू कका के घर म , बिगन योजना के सरकारी खरचा म, दू ठिन पम्प लगगे। खोरी काकी घर शौचालय बनाये बर, अधिया के बात करत रिहीन, जबकि हमर बड़े गुरूजी के घर म पहिली ले शौचालय निये का? उहां कइसे सरकारी सहायता ले दूसर बनगे?

छन्नू मारिस टप्पले- अरे भकाडू, सेठ आय पइसा वाला, मक्खू आय ताकत वाला अऊ बड़े गुरूजी पहुंच वाला , इंकर काम तो होबेच करही।

भकाडू किथे- उहीच तो महूं कहत हंव जी के, कते करा हे जनता के शासन?

छन्नू तरक दिस- तैं काहत तो सिरतोन हस फेर ये प्रजातंत्र हा, उप्पर ले आये हे, हो सकत हे उहीचे होही ओकर शासन।

भकाडू फेर सवाल करिस- कती उप्पर के बात करथस जी, जनपद म नइ देखस, काकर शासन चलत हे अऊ उप्पर चइघ, जिला पंचायत , बिधानसभा अऊ लोकसभा राज्यसभा म घला दिखत निये का कती प्रजा के शासन हे?

भकाडू के तर्क जम्मो ला शांत कर दिस। अभू चांव चांव बंद होगे। जम्मो लइका, भकाडू ला ज्ञानिक जान के केहे लगिन- त तोर कहना काहे भकाडू? न जनता के शासन आय, न जनता बर शासन आय, न जनता द्वारा शासन आय, त ओसन म अइसन प्रजातंत्र के जन्मदिन फोकटे फोकट, काबर मनाथन यार?

मंगलू किथे- तोर तर्क म जनता के शासन निये, फेर शासन कोन्हो करय, फेर जनता बर शासन तो हाबेच ना?

भकाडू – कती जनता बर शासन चलत हे ? कती योजना अभू तक प्रजा बर क्रियान्वित होये हे? का सड़क जनता बर बनथे? वइसना होतिस त मोर गांव ल सड़क बर तरसत सत्तर बछर नहाकगे। हमर काकी के लइका नानुक सरदी-खांसी म इलाज के बिना रेंग दीस अऊ हमर मंत्री के सास, लाइलाज केंसर ले कइसे बने होगे? गांव के सुखावत तरिया बर पानी लाने के चिंता कोन ल हे अऊ शहर के तरिया म, हमरे नरवा के पानी ले, बोटिंग चलथे। धान हमन उपजाथन फेर भूख म हमरे लइका काबर मरथे? पानी हमर, कोइला हमर, भुंइयां हमर, मेहनत हमर त बिजली बर काबर हमन तरसथन? अब तहीं बता जनता बर शासन होतिस त अइसन होतिस का?

मंगलू- चाहे तैं कुछु भी कहिले भकाडू फेर शासन चलथे जनता के द्वारा।

भकाडू – कती जनता के द्वारा शासन चलथे जी?

मंगलू- जनता मन, जे जनता ल बोट देके जिताथे उही जनता हा, खुरसी म बइठ के शासन चलाथे।

भकाडू- कति जनता आज तक जीतिस चुनाव म भइया? जनता हा जनता ला जब भी वोट देथे, ओ वोट के ताकत अपने अपन सिरा जथे अऊ ओ जनता हा जीते नइ सकय।

बुधारू- हमर गांव के सरपंच चुनाव म, तोर घर के मन जेला वोट दे रिहीस, तिही जीतिस? अऊ तैं कइसे कहिथस के जनता के बोट ले, जनता नइ जीते कहिके?

भकाडू- भगवान कसम। हमर घर के मन , जनता ला बोट देयबर सोंचे रिहीन फेर , पइसा ला वोट दे पारिन अऊ पइसा हा जीतिस। जनता हा कहां जीतिस?

छन्नू -तुंहरे कस जनता के बोट म जितइया पइसा हा – जनता बन शासन करथे, एकर माने जनता के द्वारा शासन तो होइस का?

भकाडू फेर तर्क करिस – जनता के द्वारा कहां शासन होइस, छन्नू भइया जनता करा, ओतका ताकत निये के, ओहा जनता ला जिता सकय। जितइया हा या तो बाहुबल या धनबल ले जीतथे अऊ ओकर पाछू येकरे ले शासन चलथे। मतलब बाहुबल या धनबल द्वारा शासन होइस।

छन्नू किथे- फेर जितइया घला जनता ताय का?

भकाडू किहिस – जे अपन ले बने खड़े नइ हो सकय, ते जनता, काला चुनाव लड़ही अऊ काला जीतही?

भकाडू के तर्क जम्मो ला शांत कर दिस। अभू चांव चांव बंद होगे। जम्मो लइका, भकाडू ला ज्ञानिक जान के केहे लगिन- त तोर कहना काहे भकाडू? न जनता के शासन आय, न जनता बर शासन आय, न जनता द्वारा शासन आय, त ओसन म अइसन प्रजातंत्र के जन्मदिन फोकटे फोकट, काबर मनाथन यार?

भकाडू किथे – मोर हिसाब ले , 26 जनवरी के दिन ल, प्रजातंत्र के जयंती घोषित कर देना चाही, काबर के ये तो उही दिन ले मरगे रिहिस, जे दिन जनम धरिस। चर्चा सिरागे। झंडा फहराये के बेरा होगे। कतको प्रजातंत्र के जन्मदिन मनावत हे, कतको पुण्यतिथि बर सकलागे?

**हरिशंकर गजानंद देवांगन, छुरा**

## लेबनान में हथियारों की तस्करी के आरोप ईरान ने किए खारिज

**संयुक्त राष्ट्र,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में ईरान के दूत ने इस आरोप को मजबूती से खारिज कर दिया कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव का उल्लंघन करते हुए लेबनान को उन्नत हथियार प्रणालियों की तस्करी कर रहा है। उन्होंने इजरायल की तरफ से लगाए गए आरोप को निराधार और गलत बताया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने शुक्रवार को एक पत्र में आरोप को सिरे से नकार दिया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और जनवरी महीने के लिए यूएनएससी के रोटेटिंग अध्यक्ष अमर बेंडजामा के नाम यह पत्र लिखा।

# गाजावासियों को गाजा में एंट्री की इजाजत नहीं : इजरायल

**तेल अवीव,** 25 जनवरी, (एजेंसियां)। इजरायल ने शनिवार को ऐलान किया कि वह गाजावासियों को उत्तरी गाजा पट्टी में तब तक प्रवेश नहीं करने देगा, जब तक कि नागरिक अर्बेल येहुद की रिहाई के लिए व्यवस्था नहीं हो जाती। येहुद को आज की रिहाई सूची में शामिल किया जाना था। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उसका नाम क्यों छोड़ दिया गया। वहीं हमास ने दावा किया कि येहूद जीवित है और उसे अगले शनिवार को रिहा किया जाएगा। इजरायल के अनुसार, हमास ने सभी जीवित नागरिक महिला बंदियों से पहले महिला बंधक सैनिकों को रिहा करके समझौते का उल्लंघन किया है।



**हमास ने सभी जीवित नागरिक महिला बंदियों से पहले महिला बंधक सैनिकों को रिहा करके समझौते का उल्लंघन किया है : इजरायल**

इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार समझौते के अनुसार, इजराइल को आज हमास आतंकवादी समूह से चार महिला बंधक सैनिक प्राप्त हुए हैं, और बदले में वह (फिलिस्तीनी) कैदियों को रिहा करेगा। बयान में कहा गया कि समझौते के अनुसार, इजरायल गाजा पट्टी के उत्तर में गाजावासियों को जाने की अनुमति नहीं देगा, जब तक कि नागरिक अर्बेल येहुद की रिहाई की व्यवस्था नहीं हो जाती, जिसे आज रिहा किया जाना था।

द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक इस घोषणा का मतलब है कि आईडीएफ कल नेत्जारिम कॉरिडोर के एक हिस्से से पीछे नहीं हटेगा। समझौते के तहत, इजरायल को संघर्ष विराम के सातवें दिन कॉरिडोर के उत्तरी हिस्से से हटना था, ताकि फिलिस्तीनियों को तटीय सड़क के ज़रिए उत्तरी गाजा में वापस जाने की अनुमति मिल सके। प्रधानमंत्री कार्यालय ने चार बंधक महिला सैनिकों की रिहाई के बाद अपने फैसले की घोषणा की। हालांकि यह निर्णय कथित तौर पर कल रात प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा आयोजित सुरक्षा परामर्श के दौरान लिया गया था, लेकिन घोषणा रिआई के बाद की गई ताकि उन्हें खतरे में न डाला जाए।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में एक हमास अधिकारी के हवाले से कहा गया कि येहुद जीवित है और उसे अगले शनिवार को रिहा कर दिया जाएगा। हालांकि हमास की ओर से कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई।

## हमास ने चार इजरायली महिला बंधकों को किया रिहा

**गाजा सिटी।** हमास ने बंधक बनाई गईं चार इजरायली महिलाओं को रेड क्रॉस को सौंप दिया है। इन चारों की रिहाई गाजा संघर्ष विराम समझौते के तहत हुई। इनकी रिहाई के बदले में इजरायल फिलिस्तीनी कैदियों को मुक्त करेगा। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि चारों बंधक रेड क्रॉस के पास हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चारों महिलाओं की रिहाई से पहले गाजा शहर के फिलिस्तीन चौक पर हमास के बंदूकधारी और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। महिलाओं को एक फिलिस्तीनी वाहन से बाहर निकालकर मंच पर लाया गया। उन्होंने मुस्कुराते हुए भीड़ की ओर हाथ हिलाया। फिर वे रेड क्रॉस की गाड़ियों में बैठ गईं। चारों बंधकों को जैसे ही गाजा में रेड क्रॉस को सौंप गाया, तेल अवीव के एक चौक पर खुशी की लहर दौड़ गई, जहां बंधकों के परिवार और दोस्त जमा हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी स्क्रीन पर चारों की रिहाई को लाइव दिखाया गया और तेल अवीव में लोगों को रोते, मुस्कुराते और एक-दूसरे को गले लगाते हुए देखा गया। हमास ने जिनको रिहा किया है उनमें - इजरायल के मोशाव येरुहाव की 19 वर्षीय लिरी अलबाग, यरूशलेम की 20 वर्षीय करीना एरीव, मध्य इजरायल के पेटाह टिकवा की 20 वर्षीय डेनियल गिल्बोआ और मध्य इजरायल के राआनाना की 20 वर्षीय नामा लेवी शामिल हैं।



■ तेल अवीव में खुशी की लहर

## जेनिन पर इजरायली हमले में दो लोगों की मौत



**रामल्लाह/यरूशलम।** उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में शुक्रवार को दो फिलिस्तीनी मारे गए। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने कहा कि शहर के मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक इज़रायली ड्रोन ने वाहन पर हमला किया। हमले में वाहन पूरी तरह जल गया। उन्होंने पीड़ितों की पहचान महमूद कामिल और हमूद ज़कारनेह के रूप में की। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह पिछले चार दिनों से उत्तरी वेस्ट बैंक में आतंकवाद विरोधी अभियान का हिस्सा था। अभियान में आईडीएफ, इज़रायल सुरक्षा एजेंसी और सीमा पुलिस बल शामिल थे। अबू अल-रब ने बताया कि इन मौतों के साथ जेनिन में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान की शुरुआत से लेकर अब तक इज़रायली सेना द्वारा मारे गए फ़िलिस्तीनियों की संख्या 14 हो गई है। इजरायली सेना ने मंगलवार को 'आतंकवादी समूहों' को खत्म करने और वेस्ट बैंक में सैन्य नियंत्रण बनाए रखने के लिए 'आयरन वॉल' नामक अभियान शुरू किया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 26 जनवरी, 2025 माघ कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दोपहर के बाद कोई चिंता दूर होगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1906-साम्यवादी महिला एवं स्वतंत्रता सेनानी सत्यवती देवी का जन्म।
1930-ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया।
1934-जर्मनी और पौलैंड के बीच दस वर्षीय अनाक्रमण संधि हुई।
1937-जैन धर्म की आचार्य चंदना का जन्म।
1950-भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ और भारत का संविधान लागू हुआ।
1950-स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने अपने पद से त्यागपत्र दिया और डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने।
1954-वर्तमान शताब्दी के भारतीय दार्शनिकों में क्रान्तिकारी विचारक तथा मानवतावाद के प्रबल समर्थक मानवेन्द्र नाथ राय का निधन।
1963-मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण भारत सरकार ने 26 जनवरी को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया।
1967-भारतीय पार्श्वगायक प्रदीप सोमासुंदरन का जन्म।
1968-भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माधव श्रीहरि अणे का निधन।
1972-युद्ध में शहीद सैनिकों की याद में दिल्ली के इंडिया गेट पर 'अमर जवान राष्ट्रीय स्मारक' की स्थापना की गयी।
1981-पूर्वोत्तर भारत में हवाई यातायात सुगम बनाने को ध्यान में रखते हुए हवाई सेवा वायुदूत प्रारम्भ हुई।
1982-पर्यटकों को विलासितापूर्ण रेल यात्रा का आनंद दिलाने के लिए भारतीय रेल ने पैलेस ऑन व्हील्स सेवा शुरू की।
1990-रोमानिया के उपराष्ट्रपति डी. माजिलू ने इस्तीफ़ा दिया।
1991-इराक ने अपने सात विमान ईरान भेजे।
1992-मारीटानिया में विपक्ष के प्रदर्शकारियों पर पुलिस की गोली से अनेक लोग घायल हुए।

# ट्रंप की टीम में शामिल हुए दो भारतवंशी

**न्यूयॉर्क,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो भारतवंशियों को राष्ट्रीय सुरक्षा और कार्मिक मामलों से निपटने के लिए अपना विशेष सहायक नियुक्त किया है। रिकी गिल राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भारत के साथ विशेष रूप से काम करेंगे। सौरभ शर्मा राष्ट्रपति कार्मिक कार्यालय में काम करेंगे। गिल ने पहले ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रूस और यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा के निदेशक के रूप में और विदेश विभाग में ब्यूरो ऑफ ओवरसीज बिल्डिंग ऑपरेशन्स में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम किया था।

एनएससी छोड़ने के बाद, उन्होंने 'गिल कैपिटल ग्रुप' को इसके प्रमुख और सामान्य वकील के रूप में चलाया। वे टीसी एनर्जी में यूरोपीय और एशियाई ऊर्जा के सलाहकार भी थे, जो कीस्टोन एक्सएल पाइपलाइन का मालिक है जो कनाडा से अमेरिका तक तेल पहुंचाती है। ट्रंप द्वारा स्वीकृत परियोजना के एक हिस्से पर पूर्व



■ रिकी गिल व सौरभ शर्मा को दी गई अहम जिम्मेदारी

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रतिबंध लगा दिया था। उनके पिता का नाम जसबीर और माता का नाम परम गिल है। उनका जन्म लोदी, न्यू जर्सी में हुआ था।

गिल के पास प्रिंसटन विश्वविद्यालय में वुडरो विल्सन स्कूल ऑफ पब्लिक एंड इंटरनेशनल अफेयर्स से स्नातक की डिग्री और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले से कानून की डिग्री है। उन्होंने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में अपनी नियुक्ति की पुष्टि की, जिसे पोलिटिको ने रिपोर्ट किया था। वहीं, बेंगलुरु में जन्मे शर्मा वाशिंगटन स्थित अमेरिकन मोमेंट के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे, जो एक रूढ़िवादी संगठन है। संगठन का कहना है कि इसका मिशन युवा अमेरिकियों की पहचान करना, उन्हें शिक्षित करना और उन्हें मान्यता देना है। रिपब्लिकन कार्यकर्ता, वे टेक्सास के यंग कंजर्वेटिव के राज्य अध्यक्ष थे। उन्होंने डेली कॉलर, एक रूढ़िवादी प्रकाशन के साथ एक पत्रकार के रूप में भी काम किया था। शर्मा के पास टेक्सास विश्वविद्यालय से जैव रसायन विज्ञान में स्नातक की डिग्री है।

उनकी नियुक्ति की रिपोर्ट पोलिटिको ने दी और अमेरिकन मोमेंट ने अपनी वेबसाइट पर इसकी पुष्टि की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**संविधान हमारी सामूहिक ...**

के वर्षों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इस महीने इसरो ने अपने सफल स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट से देश को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। भारत अब विश्व का चौथा देश बन गया है जिसके पास यह क्षमता उपलब्ध है।

**हम उपनिवेशी मानसिकता के अंश खत्म कर रहे**-मुर्मु ने कहा कि वर्ष 1947 में हमने स्वाधीनता प्राप्त कर ली थी, लेकिन कोलोनियल मेंटेलिटी का कुछ हिस्सा लंबे समय तक लोगों के मन में रहा। हाल के दौर में उस मानसिकता को बदलने की ठोस कोशिश हमें दिखाई दे रहे हैं। इन कोशिशों में इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसिजर कोड और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने का फैसला शामिल है।

**गोंड मुरिया जनजाति ...**

पहचान बांस की बस्तर बांसुरी, जिसे सुलुर कहा जाता है, के निर्माण में है। इसके अलावा, उन्होंने लकड़ी के पैनलों पर उभरे हुए चित्र, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से अपनी कला को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। एक सांस्कृतिक दूत के रूप में उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन 8 से अधिक देशों में किया है। साथ ही, अपने कार्यशाला के जरिए 1,000 से अधिक कारीगरों को प्रशिक्षण देकर इस परंपरा को नई पीढियों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

**ईडी का अब रायपुर में ...**

च्और शासकीय धन के दुरुपयोग से जुड़े मामलों में तेज़ी आई है। इसके चलते सब.जोनल ऑफिस पर काम का दबाव बढ़ाए जिसे देखते हुए इसे पूर्ण जोनल ऑफिस में प्रोन्नत करने का निर्णय लिया गया।

रायपुर जोनल ऑफिस में अब दो उप.निदेशक सहायक निदेशक प्रवर्तन अधिकारी सहायक प्रवर्तन अधिकारी और अन्य लिपिकीय स्टाफ कार्यरत हैं। जोनल ऑफिस बनने के बाद इसमें कैडर और कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ेगी। ईडी ने कार्यालय के लिए नया भवन बनाने हेतु राज्य सरकार से भूमि की मांग की है। फिलहाल यह कार्यालय पुजारी पार्क परिसर में किराए के भवन में संचालित हो रहा है।

ईडी ने देशभर में नई नियुक्तियां की हैं जिनमें 7 अतिरिक्त निदेशक भी शामिल हैं। इससे प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज में और अधिक प्रभावी सुधार की उम्मीद है।छत्तीसगढ़ में बढ़ते मामलों को देखते हुए इस कदम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रायपुर के इस जोनल ऑफिस के स्वतंत्र होने से क्षेत्रीय जांच और प्रवर्तन कार्यों में तेज़ी आने की संभावना है।

**नव-घोषित आजादी के बाद ....**

की बुनियादें हैं। स्वतंत्रता का आंदोलन जिन आधारों पर और जिन उद्देश्यों के लिये लड़ा गया था, वे ये ही मूल्य थे। ऐसे समाज की संरचना के मूल तत्वों की अवधारणा सत्य और अहिंसा पर टिकी हुई थी। सोचा गया था कि ऐसा समाज संविधान द्वारा निर्दिष्ट रास्ते पर चलते हुए बनाया जायेगा।

इस पर परस्पर सहमति एक तरह से आजादी मिलने के पहले से ही थी, इसलिये स्वतंत्र मुल्क में जो भी सरकारें बनीं उन्होंने इसी मार्ग का अनुसरण किया। दुर्भाग्य से एक ऐसी भी विचारधारा सक्रिय थी जो संविधान के उदात्त विचारों से असहमति रखती थी। जनता ने उसे दूर रखा। आजाद भारत के इतिहास में कुछ ऐसे मौके ज़रूर आये कि इस वैचारिकी की समर्थक राजनीतिक शक्तियों को केन्द्र की सत्ता में बैठने का अवसर तो मिला लेकिन वे सर्वेसर्वा नहीं थे। दो मर्तबा सत्ता में इनकी भागीदारी रही। मजबूरी थी इसलिये इन ताकतों ने इंतज़ार किया। 2014 में पहली बार भाजपा बड़ी शक्ति बनकर लौटी। इसके कुछ ऐसे कारण हैं जिसने न केवल देश की राजनीतिक प्रणाली पर हमला बोला, वरन उसके लिये सामाजिक बुनावट तथा आर्थिक प्रणाली को ही तहस-नहस कर दिया। मोदी एवं उनके प्रमुख सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को अधीनस्थ करने के लिये अपनी आईटी फौज के जरिये सर्वप्रथम संविधान के खिलाफ मानसिकता बनानी शुरू की। उसके जो चमकदार प्रावधान हैं, उन्हें पहले ठिकाने लगाया। 'कांग्रेस मुक्त भारत', 'विपक्ष मुक्त भारत', 'ऑपरेशन लोटस', 'डबल इंजिन सरकार', 'बुलडोज़र न्याय', 'एनकाउंटर' जैसे संविधान विरोधी कामों को अंजाम देने के लिये संवैधानिक संस्थाएं सरकार व भाजपा की जेबी संगठन बना दी गयीं। सरकार ने अपने प्राण ईवीएम में सुरक्षित रूप से बसा दिये। ये मशीनें, केन्द्रीय चुनाव आयोग तथा केन्द्रीय जांच एजेंसियां भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की तरह काम करती हैं और सुनिश्चित करती हैं कि भाजपा सत्ता में बनी रहें- चाहे वह केन्द्र की हों या राज्यों की। सेवानिवृत्ति के पश्चात न्यायाधीशों व नौकरशाहों की आकर्षक पुनर्वास योजना के चलते न्यायपालिका-ब्यूरोक्रेसी न तो नागरिक अधिकारों के प्रति सजग है, न ही संविधान की रक्षा करने को तत्पर। विपक्षी दलों के नेताओं, सामाजिक व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, लेखकों, पत्रकारों को जिस तरह से वर्षों-वर्षों तक जेलों में डालकर रखा गया है, वह देश को डराने के लिये काफी होना चाहिये; पर महंगे और कुत्सित प्रचार तंत्र के माध्यम से इसे या तो न्यायसंगत बताया जाता है या प्रक्रिया ही ऐसी बना दी गयी है कि विरोध की आवाज जेलों की कोठरियों में दम तोड़ दे।

अपनी राजनीतिक प्रभुता बनाये रखने के लिये मौजूदा सरकार तथा भाजपा ने सामाजिक ध्रुवीकरण का एक सतत कार्यक्रम चला रखा है। देश की विभिन्न बिरादरियों के बीच नफरत का जो भाव आज दिख रहा है वह सम्भवत: 1947 के दौरान भी नहीं देखा गया था जो साम्प्रदायिक घृणा के उत्कर्ष काल माना जाता है। देश आर्थिक बदहाली के जिस दौर से गुजर रहा है वह केवल वित्तीय चीर-फाड़ का विषय नहीं वरन नागरिकों की आजादी व संविधान पर बड़े संकटों की चेतावनी है। संवाद व विरोध की अभिव्यक्ति का अधिकार लोकतंत्र का मूलमंत्र है जो अब देश में दिखता नहीं। संसद में चर्चा, प्रेस कांफ्रेंस, स्वस्थ संवाद आदि बीते दिनं की बात हो गयी है। चोरल दरवाजे से पारित कानून हकों में बड़ी कटौतियां कर रहे हैं।

ऐसे में देश के सबसे ताकतवर व्यक्ति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत जब कहते हैं कि च्देश को असली आजादी 22 जनवरी, 2024 को मिली थीज् (अयोध्या स्थित राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दिन), तो मामले की गम्भीरता का अनुमान लगाया जा सकता है। भूलना नहीं चाहिये कि पिछले साल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 सीटें चाहिये थीं ताकि वह संविधान बदल सके। ऐसा हुआ नहीं। मोदी सरकार के पास बहुमत नहीं है इसलिये यह फैसला रूका हुआ है। यह संविधान संघ-भाजपा को हमेशा से अस्वीकार्य रहा है। वह माकूल अवसर और माहौल के इंतज़ार में है। इसलिये यह दिन संविधान की रक्षा का संकल्प लेने का दिन है। गणतंत्र के पक्ष में खड़े हर व्यक्ति और संगठन को समर्थन की दरकार है। संविधान को स्वयं ही खतरों में डालकर उसके प्रति मोदी सरकार का उमड़ा प्रेम नागरिकों को सतर्क होने का सबब होना चाहिये।

**नागेश्वर रेड्डी, जगदीश केहर को...**

विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा, आदि में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए , 'पद्म भूषण' उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और 'पद्म श्री' किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। ये पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा हर वर्ष मार्च और अप्रैल के आसपास राष्ट्रपति भवन में औपचारिक समारोहों में प्रदान किए जाते हैं।

**पद्म विभूषण**

1. दुव्वूर नागेश्वर रेड्डी (चिकित्सा, तेलंगाना)
2. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर (लोक कार्य, चंडीगढ़)
3. कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (कला, गुजरात)
4. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम (कला, कर्नाटक)
5. एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) (साहित्य और शिक्षा, केरल)
6. ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) (व्यापार और उद्योग, जापान)
7. शारदा सिन्हा (मरणोपरांत) (कला, बिहार)

**पद्म भूषण**

1. ए सूर्य प्रकाश (साहित्य और शिक्षा-पत्रकारिता, कर्नाटक)
2. अनंत नाग (कला, कर्नाटक)
3. बिबेक देबरॉय (मरणोपरांत) (साहित्य और शिक्षा, दिल्ली)
4. जतिन गोस्वामी (कला, असम)
5. जोस चाको पेरियापुरम (चिकित्सा, केरल)
6. कैलाश नाथ दीक्षित (अन्य-पुरातत्व, ह्लष्टञ्ज दिल्ली)
7. मनोहर जोशी (मरणोपरांत) (लोक कार्य, महाराष्ट्र)
8. नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी (व्यापार और उद्योग, तमिलनाडु)
9. नंदमुरी बालकृष्ण (कला, आंध्र प्रदेश)
10. पी आर श्रीजेश (खेल, केरल)
11. पंकज पटेल (व्यापार और उद्योग, गुजरात)
12. पंकज उधास (मरणोपरांत) (कला, महाराष्ट्र)
13. रामबहादुर राय (साहित्य और शिक्षा-पत्रकारिता, उत्तर प्रदेश)
14. साध्वी ऋतंभरा (समाज सेवा, उत्तर प्रदेश)
15. एस अजित कुमार (कला, तमिलनाडु)
16. शेखर कपूर (कला, महाराष्ट्र)
17. शोभना चंद्रकुमार (कला, तमिलनाडु)
18. सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) (लोक कार्य, बिहार)
19. विनोद धाम (विज्ञान और इंजीनियरिंग, संयुक्त राज्य अमेरिका)

**NECC**

| 26.01.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 490 | 68 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 90 | 190 |

डिलीवरी 505 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

## सुडोकू 6807

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6807

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१३. बंदीगृह
१५. धारण कता
१६. चिढ़, घृणा
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०.. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**

१. मंगल दायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५.. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट, बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

### वर्ग पहेली-6806

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | ३ ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | ■ | १५ नि | य | ति |
| ■ | बी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | ■ | ■ | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | ■ | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | ■ | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धू |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### दावोस में लोग हमेशा अपना ध्यान चीन की ओर क्यों लगाते हैं?

**बीजिंग,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। 20 से 24 जनवरी तक विश्व आर्थिक मंच-2025 की वार्षिक बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की गई। उत्तरी चीन और उत्तर-पूर्व चीन के लिए जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी निदेशक ओयांग लिवेन ने बैठक में चीन द्वारा रखे गए सुझावों पर यह विचार व्यक्त किया कि चीन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव हमारे जर्मन व्यापार समुदाय से निकटता से जुड़े हुए हैं और हम विशेष रूप से व्यापार बाधाओं के प्रति चीन के विरोध का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, चीन में अधिकांश जर्मन कंपनियां अभी भी विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा उनमें से कई कंपनियां अनुसंधान एवं विकास में स्थानीय निवेश बढ़ाने की योजना बना रही हैं।

### सुडोकू 6806 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

# विस्फोट में शहीद जवान बुधराम को राष्ट्रपति वीरता पदक

## छत्तीसगढ़ को मिले 11 में से 9 पदक दंतेवाड़ा डीआरजी को


उ.पु.अ. अंजु कुमारी


निरीक्षक संजय पोटाम | उनि. चैतराम गुरूपंच | शहीद प्रआर. बुधराम कोरसा | प्रआर. हेमला नंदू | प्रआर. प्यारस मिंज | प्रआर. कमलेश मरकाम | आरक्षक मनोज पुनेम | आरक्षक दिनेश भास्कर

**दंतेवाड़ा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ दन्तेवाड़ा पुलिस के लिये बहुत ही उपलब्धि भरी रही। यह जिले के लिए गौरव पूर्ण भी माना जा रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला दन्तेवाड़ा में पदस्थ 9 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान प्राप्त करने वालों में डीएसपी अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम, उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच, शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा, प्रधान आरक्षक हेमला नंदू, प्रधान आरक्षक प्यारस मिंज, प्रधान आरक्षक कमलेश मरकाम, आरक्षक मनोज पुनेम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ को प्राप्त 11 राष्ट्रपति वीरता पदक में से 9 पदक जिला दंतेवाड़ा पुलिस में डीआरजी के अधिकारी-कर्मचारियों को मिला है। निरीक्षक संजय पोटाम तीसरी बार राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित हुए हैं। इसी तरह जिला बीजापुर बेदरे-कुटरू मार्ग में अंबेली नाला के पास आई.ई.डी. ब्लास्ट में शहीद जवान प्रआर. बुधराम कोरसा को मरणोपरांत राष्ट्रपति वीरता पदक दिया जा रहा है।

- **राष्ट्रपति वीरता पदक पाने वाली प्रदेश की प्रथम महिला डीएसपी अंजू कुमारी**
- **निरीक्षक संजय पोटाम को तीसरी बार हासिल हुआ यह गौरव**

थाना अरनपुर के ग्राम पोटाली एवं जिला सुकमा के ग्राम गोंडेरस के जगल पहाड़ी में दिसंबर 2021 में नक्सल विरोधी अभियान में दो नक्सली मारे गए थे। यह फोर्स डीएसपी अंजू कुमारी के नेतृत्व में रवाना हुई थी। इसी अदम्य साहस एवं वीरता के लिए डीएसपी अंजू कुमारी को राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह 15 जुलाई 2021 को थाना फरसपाल क्षेत्रांतर्गत ग्राम पेद्पाल ढोलकल क्षेत्र में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान पर निरीक्षक संजय पोटाम के नेतृत्व में फोर्स रवाना हुई थी। यहां मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए थे।

इसके साथ ही 14 मार्च 2022 को थाना कटेकल्याण एवं जिला सुकमा के सरहदी थाना कुकानार क्षेत्र के ग्राम मुथेली के जंगल में कांगेर कमेटी के 40-50 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त नक्सल विरोधी अभियान पर उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच के नेतृत्व में ग्राम गोरली और मुथेली के बीच पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता के साथ जवाबी कार्यवाही करने पर 2 सशस्त्र नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई। इन तीनो घटनाओं में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी द्वारा अदम्य साहस एवं वीरता के फलस्वरूप उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम, उप निरीक्षक चैतराम गुरूपंच, शहीद प्रधान आरक्षक बुधराम कोरसा, प्रधान आरक्षक नंदू हेमला, प्रधान आरक्षक प्यारस मिंज, प्रधान आरक्षक कमलेश मरकाम, आरक्षक मनोज पुनेम, आरक्षक दिनेश भास्कर को राष्ट्रपति वीरता पदक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझना जरूरी: कलेक्टर



## नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड देकर सम्मानित किया गया

**महासमुंद**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में इस वर्ष भी 25 जनवरी को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह की अध्यक्षता वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर देश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता दिवस का संदेश दिया। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस समारोह के द्वारा 17.18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले लोगों में पंजीयन हेतु जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां लोग स्वयं अपनी सरकार चुनते हैं। प्रत्येक 18 वर्ष एवं इससे अधिक आयु का वयस्क नागरिक मतदान करने का अधिकारी है। नागरिकों का मतदान का मतलब उनका अपनी सरकार चुनने में योगदान देने से है। प्रत्येक मतदान का अपना महत्व है क्योंकि बहुमत के आधार पर ही सरकार का निर्णय होता है अर्थात सरकारें बहुमत के आधार पर ही चुनी जाती हैं। हम सभी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए अपने अपने नगरए गांव टोला में 18 वर्ष पूरे कर चुके युवक.युवतियों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ताकि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक.युवती राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य वोट देकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाये। प्रयास करें कि एक भी 18 वर्ष से ऊपर के नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित ना हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि वोट देने का मतलब लोकतंत्र की प्रक्रिया को मजबूत बनाना है। उन्होंने अनेक उदाहरण से बताया कि भारत में लोकतंत्र की जड़े कितनी गहरी है। मतदान करने से ही लोकतंत्र की खूबसूरती है।इस अवसर पर कलेक्टर ने निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बी एल ओ से लेकर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में सबके सहयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न हो पाया।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धमतरी में मनाया गया 'दादा-दादी, नाना- नानी दिवस'



**धमतरी**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के परम्परानुसार पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय धमतरी में दिनांक 25 जनवरी को 'दादा-दादी, नाना-नानी दिवस' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ढ्ढ इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लगभग 107 दादा-दादी, नाना-नानी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये।

कार्यक्रम समन्वयक रीमन देवांगन ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे से इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी दादा-दादी, नाना-नानी का गुलाल से तिलक करके तथा अभिनन्दन पत्र (ग्रीटिंग कार्ड) भेंट करके सबका स्वागत किया गया ढ्ढ दादा-दादी, नाना-नानी में से ही कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का मनोनयन किया गया। मनराखन लाल साहू एवं श्रीमती जामुनबाई साहू को कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के प्राचार्य को विशेष अतिथि मनोनीत किया गया था। मुख्य अतिथि द्वय विद्यालय के कक्षा पांचवीं की छात्रा कनिष्का साहू के दादा दादी थे। कार्यक्रम की शुरुवात माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण तथा दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने अपने स्वागत भाषण में इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी मेहमानों का औपचारिक स्वागत करते हुए बताया कि पूरे भारतवर्ष में केन्द्रीय विद्यालय संगठन ही एक मात्र ऐसा संगठन है, जहाँ दादा-दादी, नाना-नानी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। के.वि. सं. के अनुसार एक बच्चे को शिक्षा के साथ साथ संस्कार की भी महती आवश्यकता होती है। एक बच्चे को सुसंस्कारित करने में दादा-दादी, नाना-नानी अपना अमूल्य योगदान देते हैं। उनके इसी योगदान को याद करने के लिए भारतवर्ष के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इस कार्यक्रम में दादा-दादी, नाना-नानी के मनोरंजन के लिए गीत, भाषण, कविता, नाटक तथा विभिन्न प्रकार के खेल एवं कार्यक्रम कराये गए। जहाँ कक्षा पांचवीं की छात्र ईशा नायक ने मनमोहक एकल नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं नीलाक्षी चेलक ने 'ए नंदा जाहि का रे' छत्तीसगढ़ी कविता का सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में भावना साहू ने कविता पाठ, प्रशांत मीना ने अपने नानाजी का रोल प्ले का मंचन किया। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा इस अवसर पर नाट्य मंचन किया गया तथा सामूहिक गीत 'नानी तेरी मोरनी' एवं 'दादी अम्मा, दादी अम्मा मान जाओ' का अभिनय के साथ नृत्य प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके साथ-साथ सूर्यकान्त ध्रुव सर के द्वारा इस कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया, वहीं संजय कोसरिया सर ने दादा दादी, नाना नानी के विषय में एक सुमधुर गीत प्रस्तुत किया।

दादा-दादी, नाना-नानी के लिए आयोजित खेल के अंतर्गत 'संगीतमय पास द बाल' कराया गया, जिसमे दादा-दादी, नाना-नानी के रूप में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के विजयी दादा-दादी, नाना-नानी गायत्री पटेल तृतीय स्थान, गंगाराम साहू द्वितीय स्थान एवं श्यामा मेश्राम प्रथम स्थान, को किताब एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से दादा-दादी, नाना-नानी को अपने जीवन के विविध अनुभव, गीत, कहानी कथन आदि प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस सफल आयोजन के लिए प्रदीप सिंह रावत ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर जितेन्द्र कुमार, योगिता, ममता, दुर्गा, लतेश्वरी, मेघा तिवारी, योगेश नेताम, ज्ञानेश्वर प्रसाद, अभिषेक गोयल, बी.आर. यादव एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने हर्ष एवं प्रसन्नता व्यक्त किये हैं।

## भुवन ध्रुव के पदोन्नत पर किया गया सम्मान



**बलौदाबाजार**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 23 जनवरी को भुवन सिंह ध्रुव सहायक ग्रेड-3 से सहायक ग्रेड-2 में शासकीय गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय भाटापारा पदोन्नत होने पर प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा एवं समस्त महाविद्यालयीन परिवार की ओर से शुभकामनायें दी गई। डॉ. वासु वर्मा द्वारा शाल एवं श्री फ्ल भेंट की गई एवं डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थि रहें। भुवन सिंह ध्रुव को भावभीनी विदाई दी गई।

# बच्चे जहां भोजन करते हैं, वहां गंदगी का आलम



**परपोड़ी**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम के बच्चों को मानो राह का चलता भिखारी हो इस प्रकार से बच्चों को भोजन दिया जाता है, नगर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में जब देखा गया तो बच्चे भिखारी की तरह लाइन लगाए बैठे हैं वहीं नीचे उनके बैठने के लिए टाटपट्टी की व्यवस्था नहीं है और नीचे जमीन को देखा जाए तो गंदगी ही गंदगी है, यदि उसी स्कूल के किसी भी शिक्षक को वहां बैठकर खाने के लिए कहा जाए तो नहीं खाएंगे, आखिर शासन द्वारा बच्चों का स्तर सुधारने के लिए भोजन दिया जा रहा है लेकिन क्या गंदगी में बैठकर बच्चों को भोजन खाना पड़ेगा, और नगर में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेता खामोश बैठे हैं लगता है स्कूल से उनका कमिशन फिक्स है तभी तो नगर के नेता इतने खामोश बैठे हैं कि उन्हें नगर के स्कूल में क्या हो रहा है क्या बच्चों को सही भोजन मिल पा रहा है या नहीं, बच्चों के पालकगण को भी फुर्सत नहीं है आखिर ऐसी शिक्षा और बालकों में जागरूकता किस काम का, ऐसे पलकों को भी शर्म आनी चाहिए जो नगर में चौक चौराहे पान ठेला और होटल में बैठकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन खुद के बच्चों को शासन द्वारा दिया जा रहा भोजन क्या उचित है या नहीं, सही मापदंड में खाना मिल रहा है कि नहीं, देखने की फुर्सत नहीं है तो मैं ऐसे पालकगढ़ों से अपील करूंगा कि अपने बच्चों को स्कूल ना भेजें, क्योंकि जिस पालक के पास बच्चों के लिए समय नहीं है वह पालक कहलने योग्य नहीं है, बच्चे स्कूल में जूता पहन कर भोजन कर रहे हैं क्या यह उचित है जरा सोच कर आप पलक गण और अपने बच्चों के लिए की किस प्रकार का उन्हें खाना दिया जा रहा है, नगर के सभी स्कूलों में जाकर मध्यान भोजन का चेक करें और गलत खाना दिए जाने पर खाना बंद कराने कुछ स्तर पर शिकायत करें ताकि बच्चों के हक को कोई भी ना मार सके। जिस प्रकार पालकगण अच्छी शिक्षा के लिए सोच कर अच्छे स्कूल में भेज रहे हैं इस प्रकार उनके लिए हम कम से कम महीने में एक दिन निकाल कर साला जा सकते हैं, सभी पालकों को एक ही दिन जाना आवश्यक भी नहीं है प्रत्येक दिन भी अलग-अलग पालकगण जा सकते हैं, साल में लगभग 500 बच्चे स्कूल में पढ़ रहे हैं, यदि आधे पालक भी स्कूल जाते हैं तब भी प्रत्येक दिन लगभग 10 पालक स्कूल में निरीक्षण कर सकते हैं और मध्यान भोजन ही नहीं स्कूल के सभी क्रियाकलापों पर पालक गण नजर रख सकते हैं और क्या शिक्षक सही पढ़ते हैं कि नहीं इस पर भी नजर रखना आवश्यक है, पालक कृपया अपने बच्चों के प्रति सजग रहे तभी हम एक उज्जवल भविष्य की कामना कर सकते हैं हमारे बच्चों को जिस प्रकार से खाना और पढ़ाई मिलेगा उसी प्रकार आगे जाकर उनका भविष्य निर्धारण भी होगा।

## कन्या महाविद्यालय में दिलाई गयी मतदाता जागरूकता शपथ



**बलौदाबाजार**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। 25 जनवरी को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं के द्वारा शपथ लिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया तथा ईमानदारी से अपने मत का उपयोग करने हेतु सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के द्वारा राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम्'' का सामूहिक गान भी हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र... / ब121 / वर्ष 2024-25
ग्राम- भाटापारा प.ह.नं.11

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला अग्रवाल पति श्री दीपेश अग्रवाल साकिन भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा अर्जी लेखक हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त करने बाबत कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक. 07/02/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07/02/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/01/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार भाटापारा

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम गुंजेरा प.ह.नं. 15 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक श्री प्रदीप कुमार पिता परसराम जाति सतनामी साकिन गुंजेरा प.ह.नं. 15 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि उनकी माता शांति बाई पति परसराम की मृत्य दिनांक 30/08/2024 में ग्राम गंजेरा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 30/01/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 07/01/2025 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की, मुहर से जारी किया गया

सील — कार्यपालिका दण्डाधिकारी नांदघाट, जिला बेमेतरा

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**

**सूचना-पत्र**

क्रमांक //अ.वि.अ./वा-2/2025
भाटापारा दिनांक 17.01.2025
प्रति,
1. नीरज वर्मा पिता स्व. जनकराम वर्मा उम्र 36 साल, 2. कोंदा वर्मा पिता स्व. जनकराम वर्मा उम्र 33 साल, 3. राजेश्वरी वर्मा स्व. जनकराम वर्मा उम्र 40 साल, 4. शीला वर्मा स्व. जनकराम वर्मा उम्र 38 साल, सभी निवासी दूधाधारी मंदिर के पास मठपारा रायपुर थाना पुरानीबस्ती जिला रायपुर छ.ग, 5. हेमंत वर्मा पिता स्व. संतराम वर्मा उम्र 50 साल, 6. राजेन्द्र वर्मा पिता स्व. संतराम वर्मा उम्र 47 साल, 7. अनिता वर्मा पिता स्व. संतराम वर्मा उम्र 42 साल, 8. सुनीता वर्मा पिता स्व. संतराम वर्मा उम्र 38 साल सभी निवासी पुराना पुलिस थाना के पीछे खरोरा तहसील व थाना खरोरा जिला रायपुर छ.ग.
उत्तरवादीगण

एतद द्वारा सर्व साधारण उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का अपील प्रकरण क्रमांक / 202407211100024/अ- 6/वर्ष 2023-2024 इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलाथी ललीत वर्मा पिता स्व. मन्नू लाल वर्मा एवं अन्य 05 निवासी ग्राम टोनाटार के द्वारा तहसीलदार भाटापारा के नामांतरण पंजी वर्ष 1983-84 में नामांतरण कमांक 81 मे पारित आदेश दिनांक 27.10.1986 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है।

उक्त सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है नियत पेशी दिनांक 05.02.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा

**कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल माना, रायपुर छ.ग.**

क्रं.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा.अ./150-/2025, दिनांक 17/01/2025

**निविदा विज्ञप्ति**

इकाई में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु सेनानी 4थी वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) दर्शाए अनुसार कार्य कराये जाने बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्रं. | कार्य विवरण | स्वीकृति राशि रू. | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | इकाई के स्थापना शाखा, सेमुलेटर रूम, वेतन शाखा एंव स्टोर रूम में फॉल सीलिंग, रंगाई-पोताई तथा टाईल्स लगाये जाने हेतु। | 8,84,000.00 | 8,840.00 |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रू. 300.00 कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर छ.ग को प्रस्तुत कर दिनांक 30/01/2025 के 17.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 30/01/2025 को समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 06/02/2025 को समय 15.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि- 0.6/0.2/2025 को समय 16.00 बजे तक।

नोट:- 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

सेनानी
4थी वाहिनी छसबल
माना-रायपुर (छ.ग.)

जी-242505462

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं./अ-21, वर्ष 2024-2025
ग्राम-मुरकी, प.ह.नं. 47
रा.नि.मं.-शेर
तहसील व जिला-महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मुरकी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामदास पिता अधरू जाति सतनामी निवासी ग्राम मुरकी ने ग्राम मुरकी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुंद में स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 100 रकबा 1.21 हे. भूमि को आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण राशि की आवश्यकता होने से बिक्री करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुंद के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है, जिसका आवेदन मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 31.01.2025 प्रातः 11 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार महासमुंद

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म-अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक कुमार आ. श्री राजेन्द्र कुमार टोडर, जाति सतनामी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बोडरा, थाना व तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका पूर्णिमा पिता श्री खेतमल उम्र 21 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम कोचेरा थाना व तह. गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 18.02.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपतित प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 18.02.2025

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2024-2025
वाद भूमि ग्राम कोलिहा प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम कोलिहा प.ह.नं. 05 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन साहू कलीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम कोलिहा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम कोलिहा प.ह.नं. 05 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 1175 रकबा 0.1290 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नंबर 1175 रकबा 0.1290 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 30.01.2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./202402221400002/2023/
एपीएल/अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम बारूला, प.ह.नं. 15
तहसील-गरियाबंद
गरियाबंद, दिनांक 24.01.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण संदीप तिवारी पिता स्व. नारायण प्रसाद तिवारी पता-तर्रा, पोस्ट-पटेवा, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं अन्य 09 के अधिवक्ता श्री मधुसुदन शुक्ला के माध्यम से उत्तरवादीगण धनीराम पिता केजउ यादव निवासी ग्राम मदनपुर, तहसील व जिला-गरियाबंद (छ.ग.) एवं अन्य 14 के विरूद्ध निम्न न्यायालय तहसीलदार गरियाबंद के रा.प्र.क. 202402221400002/अ-6/वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 25.09.2024 से क्षुब्ध होकर अपील अंतर्गत धारा 44 (1) शपथ पत्र, आदेश दिनांक 25.09.2024 की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि नकल एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

उक्त प्रकरण में उत्तरवादीगण धनीराम, श्यामकार्तिक, श्यामलाल, प्रेमलाल, किरण सभी पिता केजऊ यादव पता-मदनपुर, फुलबाई पति हिरामन रावत पता-मदनपुर, कलीराम, बलदराम, ओमसिंग, वृन्दाबाई, भूखई, दुकालु, सुकाला, बुधियारिन, पुनिया सभी पिता रामसाय रावत पता-मदनपुर, तहसील व जिला-गरियाबंद (छ.ग.) को नोटिस जारी किया गया था। सभी नोटिस पता सही नहीं होने के कारण अदम तामिल नोटिस वापस प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण सुनवाई दिनांक 06.03.2025 को समय 11 बजे न्यायालयीन समय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से या स्वतः उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत पेशी तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपका पक्ष समाप्त करते हुए प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 24.01.2025 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गरियाबंद

**कार्यालय नगर पालिका निगम, दुर्ग**

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति वर्ष - 2024-25**

क्रमांक/559/रा.वि.बा./2024
दुर्ग दिनांक 25/01/25

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि छ.ग. नगर पालिका निगम, दुर्ग अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निम्न लिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दुकान स्वामित्व परिवर्तन आवेदन किया गया है। संबंधित हित रखने वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन में 01 माह के अन्दर अपने आपत्ति लिखित में अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। क्र.1. हस्तांतरिती का नाम श्री कुन्दनमल सेठी आ. स्व. चांदमल सेठी निवासी - सेठी भवन जैन गली सदर बाजार, दुर्ग, हस्तांतरण कर्त्ता का नाम श्री संजीव सेठी आ. स्व. कुन्दनमल सेठी निवासी - सेठी भवन जैन गली सदर बाजार, दुर्ग, मोहल्ला सदर बाजार, दुर्ग, परिसर का नाम एवं दुकान क्रमांक गंजपारा काम्प्लेक्स भूतल स्थित दुकान क्रमांक 19/11 दुर्ग, नामांतरण का आधार उत्तराधिकारी।

सील — बाजार अधिकारी नगर पालिका निगम, दुर्ग

**स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड**

svatantra Micro Housing Finance Corporation Ltd.

**कार्यालय :** नं. 1,2,3,4 तल मंजिल, पुष्पक सीएचएस, मालविया रोड, विले पार्ले, (ईस्ट) मुम्बई - 400 057
**फोन :** 18001234427 / 022 26101076-79, **ईमेल :** collections@mhfcindia.com

**परिशिष्ठ IV [ नियम 8 (1) देखें ] आधिपत्य सूचना**

जबकी,

**स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC)** के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके नीचे तालिका में उल्लेखित ऋणीयों को मांग सूचना पत्र जारी कर उनसे मांग सूचना दिनांक/प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर ऋण राशि एवं उस पर ब्याज एवं खर्चे सहित अदा करने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणीयों ने अदायगी में त्रुटि की है अत: ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का **आधिपत्य** अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है।
ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SMHFC)** के ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता के समक्ष वर्णित राशि एवं पुर्नभुगतान तक उस पर ब्याज एवं खर्च के अधीन होगा।

| ऋणी(यों)/ जमानतदार(रों) के नाम | मांग सूचना दिनांक / आधिपत्य दिनांक | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| श्री अंजू राम यादव<br>श्री परमानंद यादव<br>श्री अश्वनी कुमार यादव | 08-10-2024<br>20-01-2025 | ₹ 2,88,177/- (रुपये दो लाख अट्ठासी हजार एक सौ सत्तोतर मात्र) | खसरा नंबर 127/1 पर बना मकान, प.ह. नंबर 09 पंडरिया, चिउखादन, गंडई, खैरागढ़-चुखादन- गंडई, छत्तीसगढ़ -491888 |
| श्री सूरज सैनी<br>श्रीमती उमा सैनी | 08-10-2024<br>20-01-2025 | ₹ 3,37,403/- (रुपये तीन लाख सैतीस हजार चार सौ तीन मात्र) | फ्लेट नंबर 25, ब्लॉक-7, आरएमसी-अमलिहडीह-551 महावीर नगर के पास, अमलिहडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 |

दिनांक : 26-01-2025
स्थान : छत्तीसगढ़

(शारीक सौदागर) प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.98 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.75 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.70 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.58 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.56 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.92 प्रतिशत |
| जोमैटो | 2.75 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.48 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.11 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.42 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 82,253 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 99,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.22 | 86.30 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6400-6500 |
| दाल चना | 7400-7500 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9400-9500 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8000-8100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## उद्योग जगत को सरकार की गति व मंशा से मेल खाना चाहिए : एसबीआई

■ वित्तीय अनुशासन बनाए रखना सरकार के लिए जरूरी

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत को अगले 50 सालों की योजनाएं बनाने में केंद्र सरकार की गति और मंशा से मेल खाना चाहिए। सरकार ने भौतिक, तकनीकी और सामाजिक क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है, जिससे हर आय वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। यह सुझाव एसबीआई की रिपोर्ट ने केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले दिया है।

एसबीआई रिसर्च ने अपने नोट में कहा कि महामारी के बाद कंपनियों की अच्छी मुनाफाखोरी और वित्तीय संसाधनों की आसान उपलब्धता (मजबूत बैंकिंग सिस्टम और पूंजी बाजार की मदद से) भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मददगार साबित होगी।

एसबीआई की रिपोर्ट ने टैक्स सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि टैक्स प्रणाली को और प्रगतिशील बनाकर सरकार टैक्स अनुपालन बढ़ा सकती है और लोगों की आय बढ़ाकर खपत को बढ़ावा दे सकती है। अगर सभी करदाताओं को नए टैक्स सिस्टम में लाया जाए, तो सरकार को थोड़े नुकसान के बदले ज्यादा लाभ होगा।

**कंपनियों की अच्छी मुनाफाखोरी और वित्तीय संसाधनों की आसान उपलब्धता भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मददगार साबित होगी : एसबीआई**

वित्तीय अनुशासन बनाए रखना सरकार के लिए जरूरी है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के मुकाबले राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत (15.9 लाख करोड़ रुपए) रहने का अनुमान है। स्मार्ट तरीके से कर्ज और भुगतान प्रबंधन करके सरकार 14.4 लाख करोड़ का सकल बाजार कर्ज ले सकती है, जिसमें से 11.2 लाख करोड़ का शुद्ध कर्ज होगा। सरकार कोविड-19 महामारी के दौरान लिए गए कर्जों को वापस चुकाने वाली है। 2023-24 में कुल टैक्स राजस्व में प्रत्यक्ष करों का योगदान 58 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो पिछले 14 सालों में सबसे ज्यादा है। वित्तीय वर्ष 2011 के बाद से 5 वर्षों में व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह (7 प्रतिशत) कॉरपोरेट कर संग्रह (4 प्रतिशत) से अधिक बढ़ रहा है।

### मजबूत मैक्रो फंडामेंटल्स के सहारे बेह्तर स्थान पर है भारत

**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत मजबूत मैक्रो फंडामेंटल्स के सहारे वैश्विक स्तर पर बेहतर स्थान बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को राजकोषीय विवेक पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और राजकोषीय को मजबूत बनाए रखने के मार्ग पर चलना चाहिए। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रित बजट 2025-26 से पहले वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि 10.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। फिलहाल वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.2 से 6.4 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 4 से 3.8 प्रतिशत है। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 26 में 4.5 प्रतिशत (15.9 लाख करोड़ रुपये) पर आ सकता है। रिपोर्ट में तर्क दिया गया है कि हमें यह भी समझना चाहिए कि बाहरी क्षेत्र के लिए अनिश्चितताओं की दुनिया में, विकास को बढ़ावा देने के लिए रास्ते को थोड़ा सा बदलने में कोई बुराई नहीं है। वित्त वर्ष 26 में सकल बाजार उधार (14.4 लाख करोड़ रुपए) की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि कोविड-19 महामारी उधार का कुछ हिस्सा पुनर्भुगतान के लिए देय है, जिसके परिणामस्वरूप ऋण में वृद्धि होगी।

## केंद्र ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल पर कसी नकेल

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार ने बताया है कि भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली ने ऐसी कॉलों को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों से उन विदेशी वाहकों या एग्रीगेटरों के खिलाफ अभियान शुरू करने को कहा, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे हैं, और उन्होंने अब तक 20 से अधिक ऐसे वाहकों को ब्लॉक कर दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने हाल ही में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली शुरू की है। यह उपकरण एक मजबूत अवरोधक साबित हुआ, जिसने आने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों में से 90 प्रतिशत को ब्लॉक कर दिया, जिन्हें स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना गया था।




**दूरसंचार कंपनियों ने 20 से अधिक वाहकों को किया ब्लॉक**

भारतीय नागरिकों को धोखा देने और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए धोखेबाज भारतीय मोबाइल नंबर (+91-×××××) प्रदर्शित करने वाले अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉल का उपयोग कर रहे थे।

हालांकि ये कॉल भारत के भीतर से उत्पन्न होती हैं, लेकिन वे कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के हेरफेर के माध्यम से विदेश से की जाती हैं, जिसे आमतौर पर फ़ोन नंबर के रूप में जाना जाता है। सिस्टम के सफल कार्यान्वयन के साथ, विदेश में रहने वाले धोखेबाजों ने अपने काम करने के तरीके को बदल दिया और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग करके स्पूफिंग शुरू कर दी है। इसका मुकाबला करने के लिए, दूरसंचार मंत्रालय ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से भारत के बाहर से आने वाली सभी कॉलों पर अंतरराष्ट्रीय कॉल प्रदर्शित करने के लिए कहा है। इससे नागरिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि चूंकि आने वाली कॉल एक अंतरराष्ट्रीय कॉल है, इसलिए यह दूरसंचार मंत्रालय, ट्राई, पुलिस, आरबीआई, सीमा शुल्क आदि जैसे संगठनों से नहीं हो सकती है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रिकॉर्ड ऊंचाई पर सोने की कीमत

**मुंबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में नीतिगत अनिश्चितता को लेकर बाजार की चिंताओं के कारण सोने की कीमतों में इस सप्ताह लगातार आठवें दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में 200 रुपए की तेजी आई और यह पहली बार 83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई।ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 83,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को यह 82,900 रुपए पर था।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतें भी शुक्रवार को करीब तीन महीने के उच्च स्तर 2780 डॉलर के आसपास पहुंच गई। यह लगातार चौथे सप्ताह बढ़ी है। सोने की कीमतों में तेजी के पीछे कई कारक हैं। इनमें हाजिर बाजार में मजबूत मांग और सकारात्मक वैश्विक संकेत शामिल हैं।



विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता और सुरक्षित-संपत्तियों की ओर पलायन के कारण सोने की मांग में तेजी जारी रह सकती है। संदीप रायचुरा ने कहा कि बाजार दिशा जानने के लिए ट्रंप के ट्वीट का इंतजार कर रहे हैं और तब तक यह संभावना है कि सोना थोड़ा ऊपर की ओर झुकाव के साथ एक बैंड में बना रहेगा।

## 2024 में 27 नए वैश्विक ब्रांड्स ने किया भारत में प्रवेश

**मुंबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिटेल सेक्टर ने 2024 में देश के सात प्रमुख शहरों के शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट्स में कुल 8.1 मिलियन वर्गफुट जगह किराए पर ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, नई जगहों की सीमित आपूर्ति के बावजूद यह संभव हुआ। जेएलएल इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में सात नई रिटेल जगहें जुड़ीं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1.7 मिलियन वर्गफुट था।

भले ही अच्छी गुणवत्ता वाली नई जगहों की आपूर्ति कम रही, लेकिन रिटेल सेक्टर में किराए पर जगह लेने का सिलसिला पूरे साल जारी रहा। रिटेलर्स ने विभिन्न फॉर्मेट्स में अपने नेटवर्क का विस्तार किया।



■ रिटेल सेक्टर लीजिंग बनी मजबूत
■ रिटेलर्स ने विभिन्न फॉर्मेट्स में अपने नेटवर्क का किया विस्तार

कुल रिटेल लीजिंग में बेंगलुरु का हिस्सा 34 प्रतिशत रहा, जबकि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का हिस्सा 14-14त्न था। कुल 62 प्रतिशत रिटेल स्पेस इन्हीं तीन शहरों में लिया गया, जिससे पता चलता है कि इन प्रमुख बाजारों में रिटेल स्पेस की मजबूत मांग है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में फैशन और कपड़ों के क्षेत्र में रिटेल स्पेस की सबसे अधिक मांग रही।

बेंगलुरु ने 2.8 मिलियन वर्गफुट रिटेल लीजिंग के साथ दिल्ली-एनसीआर और मुंबई को पीछे छोड़ दिया। 2024 में 27 नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारत में आए, जो 2023 के मुकाबले दोगुने से अधिक हैं। पिछले चार सालों में 60 अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारतीय बाजार में उतरे हैं, जो भारतीय ग्राहकों की वैश्विक ब्रांडों के प्रति रुचि को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में आए नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड कुल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का 45 प्रतिशत थे, जो 2021 से अब तक भारत में प्रवेश कर चुके हैं।

## एएमएफआई और एएमआईआई ने की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) और एसोसियासी मैनेजर इन्वेस्टासी इंडोनेशिया (एएमआईआई), इंडोनेशियाई निवेश प्रबंधक संघ ने एक समझौता किया।

इस समझौते पर हस्ताक्षर करके सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय वित्तीय और आर्थिक सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को औपचारिक रूप दिया है, जहां इंडोनेशिया के म्यूचुअल फंड उद्योग के 12 शीर्ष सीईओ का एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ उनकी भारत की राजकीय यात्रा पर आया था। यह भागीदारी दोनों देशों में म्यूचुअल फंड क्षेत्रों को मजबूत करने, उद्योग मानकों को समृद्ध करने और निवेशक शिक्षा और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए तैयार है, जिससे अधिक गतिशील, पारदर्शी और वैश्विक रूप से एकीकृत म्यूचुअल फंड पारिस्थितिकी तंत्र का मार्ग प्रशस्त होगा। यह समझौता ज्ञापन भारत और इंडोनेशिया के लिए म्यूचुअल फंड उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वोत्तम प्रथाओं, अंतर्दृष्टि और रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच तैयार करेगा।

साझेदारी में विनियामक सुधारों, शासन मानकों, आवश्यक निवेशक सुरक्षा कदमों, डेटा एनालिटिक्स, अनुसंधान, उत्पाद नवाचार और जोखिम प्रबंधन की आवश्यकता सहित व्यापक क्षेत्रों की समझ और आवश्यकता को शामिल किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोनों देश एक-दूसरे की विशेषज्ञता और अनुभवों से लाभान्वित हों। इस अवसर पर एएमएफआई के अध्यक्ष नवनीत मुनोत ने कहा कि इंडोनेशिया के साथ भारत का सहयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित 2047 के विकास भारत के दृष्टिकोण और 2045 तक इंडोनेशिया के विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के अनुरूप है, जो उनकी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। यह साझेदारी ग्लोबल साउथ के नेतृत्व के लिए भारत की प्रतिबद्धता के साथ प्रतिध्वनित होती है, जो आर्थिक सहयोग और आपसी विकास को बढ़ावा देती है। एक मजबूत पूंजी बाजार और एक संपन्न परिसंपत्ति प्रबंधन उद्योग, जैसा कि भारत के म्यूचुअल फंड क्षेत्र की सफलता से स्पष्ट है, इन मील के पत्थरों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सहयोग दोनों देशों में एक स्थायी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी म्यूचुअल फंड उद्योग की नींव रखेगा। एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी वेंकट चालसानी ने कहा कि यह सहयोग भारत और इंडोनेशिया दोनों में म्यूचुअल फंड उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ मिलकर काम करके, हम बाजार आधारित वित्तीय उद्योग की समझ बढ़ाने, शासन के मानकों, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठा अवसर बना रहे हैं। यह समझौता ज्ञापन उद्योग निकायों के माध्यम से दोनों देशों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाएगा।

■ भारत-इंडोनेशिया भागीदारी



**यह साझेदारी ग्लोबल साउथ के नेतृत्व के लिए भारत की प्रतिबद्धता के साथ प्रतिध्वनित होती है, जो आर्थिक सहयोग व आपसी विकास को बढ़ावा देती है : नवनीत मुनोत, एएमएफआई के अध्यक्ष**

एएमआईआई के अध्यक्ष हनीफ मंटिक ने कहा कि यह वैश्विक म्यूचुअल फंड परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण है। एक-दूसरे के विनियामक ढांचे और शासन संरचनाओं से सीखकर, हम आने वाले वर्षों में अपने निवेशकों को अधिक सुरक्षा और नवाचार प्रदान करने में सक्षम होंगे। एएमएफआई के साथ सहयोग उभरते बाजारों के वित्तीय क्षेत्रों के बीच बंधन को मजबूत करने के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा।

इस सहयोग के तहत पहलों में कार्यशालाएं, शोध और क्षमता निर्माण गतिविधियां शामिल होंगी, जो भारत और इंडोनेशिया दोनों में निवेशकों को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, इस प्रकार जिम्मेदार निवेश प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं।

## जनवरी में भारत के प्राइवेट सेक्टर की रफ्तार धीमी

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। जनवरी में भारत के निजी क्षेत्र का उत्पादन नवंबर 2023 के बाद सबसे सुस्त रफ्तार से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी एचसबीसी फ्लैश पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सर्वे के मुताबिक नए कारोबार की कमी से सेवा क्षेत्र सुस्त हुआ है और इससे विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि भी प्रभावित हुई है। एलऐंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित सूचकांक जनवरी में गिरकर 57.9 पर आ गया, जो दिसंबर में 59.2 पर था।



■ मैन्युफैक्चरिंग में तेजी लेकिन सर्विस सेक्टर सुस्त

बहरहाल भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मासिक बदलाव का मापन करने वाला सूचकांक 50 के स्तर से ऊपर रहा है, जो कारोबारी गतिविधियों में विस्तार को दिखाता है। लगातार 42वें महीने सूचकांक 50 से ऊपर रहा है। सर्वे में कहा गया है, 'एसऐंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित ताजा एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण उद्योग का तेज विस्तार हुआ है और इससे सेवा अर्थव्यवस्था में वृद्धि की सुस्त गति की भरपाई हुई है। बहरहाल वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य तेजी से बढ़ा है और लागत का दबाव बढ़ गया है। नए ऑर्डर, आउटपुट, रोजगार, आपूर्तिकर्ता की डिलिवरी का समय और इन्वेंट्री स्तरों की जानकारी देने वाले विनिर्माण क्षेत्र के फ्लैश पीएमआई ने कारखाने की स्थिति में सुधार के संकेत दिए हैं।

## खाद्य तेलों सहित अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन** : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सोया रिफाइंड, पाम ऑयल, वनस्पति तेल , सरसों तेल, मूंगफली तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी** : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन** : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज** : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन** : चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 7800-7900 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज** : (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2900-3000 रुपए और चावल = 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़** : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल** : सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 15897 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 14286 रुपए और वनस्पति तेल 17215 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने 2024-25 में चार लाख करोड़ रुपए का जीएमवी किया पार

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने एक नया मानक स्थापित करते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 10 महीनों के अंदर पिछले साल के 4 लाख करोड़ रुपए के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) को पार कर लिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, 23 जनवरी तक जीईएम ने 4.09 लाख करोड़ रुपए का जीएमवी दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। सेगमेंट-वाइज जीएमवी के संदर्भ में, सर्विस सेगमेंट का योगदान 2.54 लाख करोड़ रुपए (कुल जीएमवी का 62 प्रतिशत) रहा, जबकि प्रोडक्ट सेगमेंट का योगदान 1.55 लाख करोड़ रुपए (कुल जीएमवी का 38 प्रतिशत) रहा।

वित्त वर्ष 2025 में जीईएम पर सर्विस सेगमेंट की बढ़ोतरी ने पोर्टल की वृद्धि को काफी बढ़ावा दिया है। मंत्रालय के अनुसार, जीईएम पर सर्विसेज की पेशकश के विस्तार पर जोर देते हुए, वित्त वर्ष 2025 में पोर्टल पर 19 नई सर्विस कैटेगरी शुरू की गई हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सर्विस सेगमेंट में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मंत्रालय ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म ने डेबिट कार्डों की छपाई, बल्क ईमेल सर्विस, डार्क फाइबर लीजिंग, डेटा सेंटर के ऑपरेशन मैनेजमेंट और अन्य विशेष सर्विसेज की खरीद की सुविधा प्रदान किया। साथ ही सरकारी संस्थाओं को विश्वसनीय विक्रेताओं से सोर्स प्राप्त करने में सक्षम बनाया है, इसके परिणाम स्वरूप महत्वपूर्ण इफिसिएन्सी प्राप्त हुई।

■ जीईएम पर सर्विस सेगमेंट की बढ़ोतरी ने पोर्टल की वृद्धि को काफी बढ़ावा दिया
■ जीएमवी में बेहतरीन बढ़ोतरी में केंद्र सरकार की संस्थाओं का प्रमुख योगदान रहा

जीएमवी में बेहतरीन बढ़ोतरी में केंद्र सरकार की संस्थाओं का प्रमुख योगदान रहा है। कोयला, रक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली और इस्पात मंत्रालय जीईएम पर टॉप पांच खरीदार थे। लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन वाले ऑर्डर मूल्य के साथ, कोयला मंत्रालय शीर्ष खरीदार के रूप में उभरा है।

## सार संक्षेप

### रूस से तेल आपूर्ति में गिरावट, बीपीसीएल ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** रूस के तेल क्षेत्र पर लगाए गए व्यापक अमेरिकी प्रतिबंधों का भारत में कच्चे तेल की आवक पर असर पड़ना शुरू हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा है कि मार्च की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कार्गो उपलब्ध नहीं है। अमेरिका ने 10 जनवरी को रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इनमें रूसी तेल उत्पादकों गैजप्रोम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टगास पर प्रतिबंध, रूसी ऊर्जा निर्यात में शामिल 183 जहाजों को काली सूची में डालना और दर्जनों तेल व्यापारियों, तेल क्षेत्र सेवा प्रदाताओं, टैंकर मालिकों एवं प्रबंधकों, बीमा कंपनियों और ऊर्जा अधिकारियों पर प्रतिबंध शामिल हैं। इन प्रतिबंधों की घोषणा ऐसे समय में की गई जब
भारत की तेल रिफाइनिंग कंपनियां मार्च के कार्गो के लिए बातचीत शुरू कर रही थीं।

### आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 11,792 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,272 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ की तुलना में करीब 15 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शनिवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखजोखा में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 48,368 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 42,792 करोड़ रुपए रही थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन अवधि में बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 36,695 करोड़ रुपए रही थी। बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति ( जीएनपीए) अनुपात दिसंबर तिमाही के अंत में सुधरकर 1.96 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 2.3 प्रतिशत था।इसी तरह, शुद्ध एनपीए सुधारकर 0.42 प्रतिशत रह गया,

### येस बैंक का मुनाफा 165 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के येस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 612 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 231 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 165 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 9,341 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,179 करोड़ रुपए थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 7,829 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,984 करोड़ रुपए थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय दिसंबर तिमाह में 10 प्रतिशत बढ़कर 2,224 करोड़ रुपए हो गई।




# पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण की भरपूर उपस्थिति से कुछ नई कहानी कह रहा महाकुंभ

**महाकुंभ नगर**
**ताकि सनद रहे.....**
रतिभान त्रिपाठी



**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। मौनी अमावस्या का अमृत स्नान पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, महाकुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। यहां दिन में ही आने वालों की कतारें नहीं हैं, रात में भी वही सिलसिला है। रात में महाकुंभ क्षेत्र ऐसे जगमगा उठता है कि इसका नजारा मीलों दूर से देखा जा सकता है और रोशनी का आभा मंडल महाकुंभ क्षेत्र के आकाश को भी एक अलौकिक ऊर्जा से भरता महसूस किया जा सकता है। यहां पहुंचे संत महंत ब्रह्ममुहूर्त से ही अपनी साधना और देवोपासना में लीन हो जाते हैं। दिन में भोजन प्रसाद और दोपहर बाद कथा प्रवचन और संत सम्मेलन चलते रहते हैं। सायंकाल से संतों की विशिष्ट साधनाएं शुरू हो जाती हैं जो देर रात तक चलती हैं। त्रिवेणी संगम का सान्निध्य उन्हें अंतर्मन तक आह्लादित किए हुए है। यह महाकुंभ इस मायने में विशिष्ट है कि पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने में महती भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भारत के सांस्कृतिक संबंधों को एक सूत्र में बांधने के लिए अहम भूमिका निभाई है। बहुतायत रूप से पूर्वोत्तर राज्यों के संतों की महाकुंभ में उपस्थित इस रूप में देखी जा सकती है और दक्षिण भारत की प्रमुख शंकर पीठ श्रृंगेरी के शंकराचार्य का आगमन मुख्यमंत्री की उसी भावना को परिलक्षित करता है।

महाकुंभ में अनेक संत, महंत, महामंडलेश्वर और शंकराचार्य तो विगत कुंभ पर्वों पर आते रहे हैं और सदा की तरह उपस्थित हैं लेकिन अबकी श्रृंगेरी शारदा पीठ के शंकराचार्य श्रीश्री विधुशेखर भारती तीर्थ जी महाराज श्रद्धालुओं के लिए सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र हैं। निरंतर विशिष्ट पूजन और अध्ययन मनन में तल्लीन रहने वाले इन सबसे युवा शंकराचार्य के दर्शन को शंकराचार्य मार्ग सेक्टर 18 स्थित उनके शिविर में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। शिविर में गत गुरुवार से सुबह साढ़े सात बजे से शांकर वाणी अनुग्रह भाषण चलता है और रात्रि में साढ़े आठ बजे चंद्रमौलीश्वर का पूजन होता है। यह क्रम आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। 31 जनवरी को श्री शारदांबा और महागणपति की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं कुंभाभिषेक कार्यक्रम संपन्न होगा।

पिछले 48 वर्षों में श्रृंगेरी पीठ के पहले शंकराचार्य हैं जो शंकराचार्य पद पर अभिषिक्त होने के बाद अधिकारिक रूप से कुंभ प्रवास के लिए आए हैं। इससे पहले उनके गुरु श्री भारती तीर्थ के गुरु श्री विश्वेश्वर तीर्थ जी महाराज जो यात्रा पर निकले थे तो कुंभ स्नान के लिए भी आ गए थे। उनकी महाकुंभ यात्रा के संयोजक प्रयागपुत्र राकेश शुक्ल बताते हैं कि महाराजश्री की प्रयागराज यात्रा उत्तर और दक्षिण के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी।

वर्तमान महाकुंभ सनातन धर्म को मजबूती देने के साथ ही प्रबल हिंदुत्व की हुंकार भी भरी जा रही है। वैसे तो विश्व हिंदू परिषद और अन्य संबंधित संगठन धर्म संसद करते रहे हैं लेकिन इस बार अनेक प्रसिद्ध संतों के शिविरों में धर्म संसद के आयोजन इस बात के साक्षी हैं। मेले में प्रवेश करते ही अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्रतिकृति एक बड़ी सांस्कृतिक विजय के रूप में यहां देखी जा सकती है तो काशी और मथुरा के मुद्दे भी गुंजायमान हैं।

इन मुद्दों के अलावा समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण कानून, सनातन बोर्ड के गठन जैसे स्वर भी मुखर हुए हैं। जाहिर है कि जब यह महापर्व वैश्विक स्तर पर चर्चा में है तो महाकुंभ क्षेत्र में तमाम राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया जाना कुछ नई कहानी भी कह रहा है।

# श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य का आगमन बढ़ा रहा महाकुंभ की शोभा : योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य श्रीश्री विधुशेखर भारती जी महाराज से की भेंट
- 150 वर्षों के बाद श्रृंगेरी पीठ के महाकुंभ आयोजन में औपचारिक भागीदारी पर जताया आभार

**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर शनिवार को दक्षिण भारत की श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु श्रीश्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भी भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य के प्रयागराज पधारने से बहुत आनंद की अनुभूति हो रही है। आपके आगमन से महाकुंभ को पूर्णता मिल रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दक्षिण रीति से स्वागत किया गया और उन्हें कुंभ के स्वरूप के रूप में नारियल भेंट किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी शंकराचार्य को शॉल ओढ़ाकर और फल भेंटकर अभिनंदन किया। श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु



**शनिवार को प्रयागराज में श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक के आश्रम में सदगुरुदेव बाबा कल्याण दास जी महाराज से भेंट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

श्रीश्री विधुशेखर भारती जी महाराज से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद दक्षिण की श्रृंगेरी पीठ का महाकुंभ के महाआयोजन में आगमन हो रहा है। इससे



महाकुंभ की शोभा और अधिक बढ़ गई है। यह आनंद का विषय है कि इस महाकुंभ में श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य 5 दिन का प्रवास करेंगे, यह हमारे लिए आशीर्वाद की तरह है। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन आपका आभारी है। कुंभ जैसे आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में आपकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य को महाकुंभ की व्यवस्था, संतों की भागीदारी और वैश्विक स्तर पर लोगों के आगमन से जुड़ी सभी जानकारियां प्रदान कीं।

श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री द्वारा महाकुंभ के विषय में दी गई जानकारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की। अपनी सेवा में लगे लोगों को भी उन्होंने आशीर्वाद दिया। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री को दक्षिण पीठ की परंपरा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 48 वर्ष पहले गुरु के गुरु कुम्भ में अमावस्या के समय एक दिन का स्नान करने के लिए यहां आए थे, लेकिन औपचारिक रूप से दक्षिण से कोई शंकराचार्य 150 वर्षों के बाद महाकुंभ में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 दिन के प्रवास के अवसर पर वह शास्त्रार्थ के साथ ही अमावस्या पर शंकराचार्यों के साथ त्रिवेणी संगम स्नान में भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने अपने प्रवास और इसके बाद कार्यक्रमों के विषय में भी बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य से काशी प्रवास के अवसर पर शास्त्रार्थ सभा और प्रवचन करने का भी निवेदन किया। इस पर शंकराचार्य ने भी अपनी सहमित दी। अन्नपूर्णा मंदिर में कार्यक्रम को लेकर भी शंकराचार्य की ओर से सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर शंकराचार्य के कुंभ प्रवास के प्रभारी राकेश शुक्ला, दक्षिण के प्रभारी मुरली जी समेत अन्य अधिकारी व अतिथि शामिल रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेक्टर 19 स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक के आश्रम भी पहुंचे और यहां उन्होंने सद्गुरुदेव बाबा कल्याण दास जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ व्यक्तिगत चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में सरकार के द्वारा की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं के विषय में भी उनसे बातचीत की। करीब 10 मिनट तक चली इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री अपने अगले कार्यक्रम की ओर बढ़ गए।

## गुरू गोरक्षनाथ अखाड़ा में योगी ने की धर्म ध्वजा की पूजा, संतों को प्रसाद गृहण कराया

**मुख्यमंत्री ने देश भर से आए सिद्ध योगेश्वरों से की विभिन्न विषयों पर चर्चा, संतों के आर्शीवचन भी सुने**



**महाकुंभ नगर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर शनिवार को महाकुंभ स्थित श्री गुरुगोरक्ष नाथ अखाड़ा भी पहुंचे। यहां उन्होंने धर्म ध्वजा की पूजा की और सभी संतों को प्रसाद गृहण कराया और स्वयं भी प्रसाद भी प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश भर से आए सिद्ध योगेश्वरों से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। योगी महासभा के विशिष्ट उपाध्यक्ष महंत बालक नाथ योगी ने बताया कि यह अखाड़ा स्वयं मुख्यमंत्री का है। यह अखाड़ा नाथ सम्प्रदाय का है, गुरु गोरक्षनाथ जी की परंपरा का है। जब से यहां धर्म ध्वजा की स्थापना हुई तब से भारत के विभिन्न स्थानों से सिद्ध योगेश्वर यहां पहुंच रहे हैं। इनके रहने, सोने और प्रसाद की व्यवस्था यहां पर होती है। आज का प्रसाद हमारे अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ की ओर से था, क्योंकि यह उनका ही अखाड़ा है। सभी साधुओं को प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री ने धर्म ध्वजा की पूजा भी की और सभी संतों के आर्शिवचन सुनने का मौका प्राप्त किया। उनके द्वारा संतों को प्रसाद भी गृहण कराया गया, जबकि उन्होंने स्वयं भी भंडारे का प्रसाद गृहण किया। इस अवसर पर सभी अखाड़ों के आचार्य महामंडलेश्वर उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर 'संगम की रेती' में दिखेगा देशभक्ति का भी नजारा

**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार के नेतृत्व में महाकुंभ-2025 में 16 जनवरी से 'संस्कृति का महाकुंभ' प्रारंभ हो चुका है।

इसके 11वें दिन गणतंत्र दिवस पर अध्यात्म व भारतीय संस्कृति के साथ देशभक्ति की त्रिवेणी में भी श्रोता डुबकी लगाएंगे।

- सांस्कृतिक महाकुंभ के 11वें दिन बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम गंगा पंडाल पर देंगी प्रस्तुति

संस्कृति विभाग की तरफ से 26 जनवरी को भी चारों पंडाल (गंगा, यमुना, सरस्वती व त्रिवेणी) में प्रस्तुतियां होंगी। गंगा पंडाल पर मुख्य कार्यक्रम बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम का होगा, जिनके गीतों का आनंद दर्शक उठाएंगे।

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर महाकुंभ में देशभक्ति से जुड़े भी विविध आयोजन होंगे। एक तरफ जहां फरुआही, बिरहा, आल्हा के जरिए उत्तर प्रदेश की ग्रामीण संस्कृति से देश-विदेश के श्रद्धालु परिचित होंगे तो वहीं कुचुपुड़ी, वायलिन, शास्त्रीय गायन-वादन-नृत्य की आनंद गंगा में भी गोते लगाएंगे। गणतंत्र दिवस पर होने वाले आयोजन को अविस्मरणीय बनाने की तैयारी संस्कृति विभाग ने कर ली है।

### गणतंत्र दिवस पर होने वाले मुख्य आयोजन

**गंगा पंडाल**
साधना सरगम- बॉलीवुड सिंगर
दीपिका रेड्डी (हैदराबाद)- कुचुपुड़ी
श्री कला रामनाथ (महाराष्ट्र)-
वायलिन- संगीत अकादमी अवार्डी

**त्रिवेणी पंडाल**
स्नेहलता मिश्रा (दिल्ली)-
शास्त्रीय/उपशास्त्रीय गायन
रविशंकर उपाध्याय (दिल्ली) -
शास्त्रीय/उपशास्त्रीय वादन (पखावज वाद्यवृंद)
कांतिका मिश्रा (लखनऊ)
शास्त्रीय/उपशास्त्रीय नृत्य (कथक)
आशुतोष पांडेय (कानपुर)- भजन

**यमुना पंडाल**
आभा-विभा चौरसिया (मध्य प्रदेश)-
हिंदुस्तानी वोकल
सुश्री प्रिय वेंकटरामन (दिल्ली)-
भरतनाट्यम
संदीप मलिक-कथक
राजन तिवारी (बनारस)- भजन
**ओमकार नाथ अवस्थी (उन्नाव)- आल्हा**
सुदर्शन यादव (चंदौली)- बिरहा
प्रतिमा यादव (अंबेडकरनगर)- अवधी गायन
रामहित (गोरखपुर)- फरुवाही
रजनीश (पीलीभीत)- थारू जनजाति

**सरस्वती पंडाल**
अशोक भांतिया (मुंबई)- माधव नाटक का मंच
मनोज यादव (लखनऊ)- भजन
अखिलेश मिश्र (लखनऊ)- भजन

# असम विधानसभा अध्यक्ष महाकुंभ में, बोले-ईश्वर योगी जी के साथ

**महाकुंभ नगर,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। ईश्वर योगी जी के साथ हैं। यहां के मुख्यमंत्री असंभव को संभव बनाते हैं। ऐसा कहना है असम विधानसभा के अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी का। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद के शिविर में यज्ञ और सेवा के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि जितना सुना था, उससे भी अधिक यहां आकर महसूस कर रहा हूं। महाकुंभ के दौरान अध्यात्म और संस्कृति से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने इसे जीवन का अनमोल पल बताया। इससे पूर्व उन्होंने महामंडलेश्वर केशव महाराज समेत संगम स्नान भी किया।

बिस्वजीत दैमारी ने बताया कि शुरुआत में उन्हें लगा था कि वह महाकुंभ में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन यह ईश्वर की कृपा और आशीर्वाद है कि वह प्रयागराज पहुंचे और यहां के अद्भुत आयोजन का हिस्सा बने। उन्होंने कहा अच्छे काम में योगदान देने का जो अवसर मुझे यहां मिला है, वह मेरे जीवन को धन्य कर देने वाला है। प्रयागराज आने से पहले बिस्वजीत दैमारी लखनऊ पहुंचे थे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के



**विश्वजीत दैमारी ने साधु संतों का लिया आशीर्वाद, संगम में लगाई डुबकी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुंभ की व्यवस्थाओं और आयोजन से संबंधित जानकारी दी। बिस्वजीत दैमारी ने योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां सचमुच असंभव को संभव किया गया है। इतने बड़े आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करना बेहद कठिन काम है।

महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान और पूजा-पाठ के अनुभव को साझा करते हुए दैमारी ने कहा कि यहां की सारी व्यवस्थाएं बहुत शानदार हैं। उन्होंने संगम में स्नान कर जगत मंगल की प्रार्थना की। उन्होंने विशेष रूप से योगी सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि पूजा-पाठ से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी तरह से संचालित हो रही हैं। यह ईश्वर और सीएम योगी का आशीर्वाद है। महाकुंभ में भाग लेने के बाद बिस्वजीत दैमारी ने इसे अध्यात्म, संस्कृति और आस्था का संगम बताया। उन्होंने कहा कि इस मेले ने न केवल भारतीय संस्कृति को नई ऊंचाइयां दी हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इसकी अद्भुत छवि प्रस्तुत की है। अंत में बिस्वजीत दैमारी ने उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए मैं सीएम योगी और उनकी टीम को दिल से धन्यवाद देता हूं। यह अनुभव मेरे जीवन का अविस्मरणीय हिस्सा रहेगा।

## संगम तट पर सुरेश रैना बोले- अद्भुत ऊर्जा और आध्यात्मिकता का संगम

**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना शनिवार को महाकुंभ पहुंचे और पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। अपने अनुभव को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर साझा करते हुए उन्होंने इस आयोजन को अविस्मरणीय बताया और इसे आध्यात्मिकता और दिव्य ऊर्जा का संगम करार दिया। सुरेश रैना ने अपने पोस्ट में लिखा, 'महाकुंभ में अविस्मरणीय दर्शन का अनुभव हुआ। इस आयोजन की दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिकता ने मुझे बेहद प्रभावित किया। इस पवित्र आयोजन का हिस्सा बनकर धन्य महसूस कर रहा हूं।' महाकुंभ में सुरेश रैना की उपस्थिति ने उनके प्रशंसकों और भक्तों के बीच उत्साह का माहौल बना दिया। वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और इस मौके को यादगार बनाया।



- पूर्व क्रिकेटर ने किया त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान

# रामनामी संप्रदाय के अनुयायी करने आए हैं महाकुंभ में अमृत स्नान

- रामनामी संप्रदाय के लोग पूरे शरीर पर गुदवाते हैं राम नाम
- निर्गुण राम के उपासक हैं रामनामी, मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते
- छत्तीसगढ़ के जांजगीर चंपा से शुरू हुआ था रामनामी संप्रदाय

**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुंभ में सम्मिलित होने तरह-तरह के साधु, संन्यासी, जाति, पंथ, संप्रदाय के लोग देश के कोने-कोने से आते हैं। इस क्रम में महाकुंभ में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के रहने वाले रामनामी संप्रदाय के अनुयायी पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने आये हैं। अपने पूरे शरीर में राम नाम गुदवाये हुए, सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख का मुकुट धारण किये हुए रामनामी संप्रदाय के अनुयायी संगम की रेती पर राम भजन करते हुए महाकुंभ में पवित्र स्नान को बेताब हैं। पौराणिक मान्यता और परंपरा के अनुसार महाकुंभ में पवित्र संगम में स्नान करने सनातन आस्था से जुड़े सभी जाति, पंथ और



संप्रदाय के लोग जरूर आते हैं। इसी में से एक हैं छत्तीसगढ़ के जांजगीर, भिलाई, दुर्ग, बालोदाबजार, सारंगगढ़ से आये हुए रामनामी संप्रदाय के लोग। 19वीं शताब्दी में जब सनातन संस्कृति के तथाकथित उच्च वर्ग के लोगों ने छत्तीगढ़ में कुछ जनजाति के लोगों को मंदिर में प्रवेश करने और मूर्ति पूजा से वंचित किया तो जनजाति के लोगों ने अपने पूरे शरीर पर ही राम नाम अंकित कर अपनी देह को राम का मंदिर बना लिया। रामनामी संप्रदाय की शुरूआत जांजगीर चंपा के परशुराम जी से मानी जाती है। इस पंथ के अनुयायी अपने पूरे शरीर पर रामनाम का टैटू या गोदना गोदवाते हैं। राम नाम लिखा हुआ सफेद वस्त्र और सिर पर मोरपंख से बना मुकुट धारण करते हैं। राम नाम का जाप और मानस की चौपाईयों का भजन करते हैं। रामनामी संप्रदाय के लोग मंदिर और मूर्ति पूजा नहीं करते वो निर्गुण राम के उपासक हैं। वर्तमान में रामनामी संप्रदाय के लगभग 10 लाख से अधिक अनुयायी मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के जिलों में रहते हैं।

रामनामी संप्रदाय के कौशल रामनामी का कहना है कि महाकुंभ में पवित्र स्नान करने उनके पंथ के लोग जरूर आते हैं। मौनी अमावस्या की तिथि पर राम नाम का जाप करते हुए हम सब संगम में अमृत स्नान करेंगे। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ से आये कौशल रामनामी का कहना है पिछली पांच पीढ़ी से उनके पुरखे महाकुंभ में सम्मिलित होने आते रहे हैं। आने वाले समय में हमारे बच्चे भी परंपरा जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि सारंगढ़, भिलाई, बालोद बाजार और जांजगीर से लगभग 200 रामनामी हमारे साथ आये हैं। अभी और भी लोग मौनी अमावस्या से पहले प्रयागराज आ रहे हैं।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गंगा स्वच्छता का संदेश

**महाकुंभ नगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ के नमामि गंगे पवेलियन में जिला गंगा समिति के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पर एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक का उद्देश्य महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों को गंगा की स्वच्छता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

नाटक का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह के निर्देशन में किया गया। इसमें नमामि गंगे स्पीयरहेड लीडर, गंगा सेवा दूत, और गंगा पहरी ने भाग लिया। प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया कि गंगा में पूजा सामग्री, खंडित मूर्तियां, पुराने वस्त्र और अन्य अपशिष्ट प्रवाहित करने से गंगा प्रदूषित होती है, जिससे पर्यावरण और जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।




कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस नाटक की सराहना की और गंगा की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नमामि गंगे नोडल अधिकारी अथर्वराज पांडे ने कहा कि महाकुंभ की सफलता के लिए गंगा की स्वच्छता, निर्मलता और अविरलता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें गंगा को दूषित करने वाले हर कारण को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।

# खेल जगत

## नयना और हर्षित ने आइस-स्केटिंग में जीते स्वर्ण पदक

**लेह (लद्दाख)।** शीतकालीन खेलों के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शुक्रवार को तेलंगाना और कर्नाटक ने स्पीड स्केटिंग स्पर्धा में एक-एक स्वर्ण पदक जीते। आज यहां खेले गए स्केटिंग मुकाबलों में तेलंगाना की नयना श्री तल्लूरी ने केआईडब्ल्यूजी 2025 का पहला स्वर्ण पदक जीता और एनडीएस स्टेडियम में महिलाओं की 500 मीटर शॉर्ट ट्रैक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर 'हैट्रिक' पूरी की। कर्नाटक के हर्षित ने गुपुक्स पॉन्ड में दिन का दूसरा स्केटिंग स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक के ही हर्षन दूसरे तथा हरियाणा के सचिन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। स्पीड स्केटिंग 500 मीटर महिला फाइनल में तेलंगाना की नयना श्री तल्लूरी 1:01.35 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, कर्नाटक की प्रतीक्षा केएस 1:02.84 समय के साथ दूसरे तथा महाराष्ट्र की स्वरूपा देशमुख 1:03.15 समय के साथ तीसरे स्थान पर रही।



# महिला एचआईएल की पहली ट्राफी के लिए सलीमा के सूरमा टक्कर उडीसा वॉरियर्स से आज

○ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। स्ट्राइकर चार्लोट एंजेलबर्ट की शानदार हैट्रिक की बदौलत सूरमा हॉकी क्लब ने दोहरे चरण की लीग का समापन अपने आखिरी मैच में रांची में श्राची रार बंगाल टाइगर्स को 4-2 से करने के साथ छह मैचों में चार जीत, एक हार, एक शूटआउट में हार के साथ कर पहली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025 में कुल

- ओडिशा के सामने सूरमा की स्ट्राइकर एंजेलबर्ट व सोनम को रोकने की चुनौती
- सूरमा की कप्तान सलीमा व ओडिशा की कप्तान नेहा में दिलचस्प संघर्ष की उम्मीद



13 अंकों के साथ शीर्ष पर रह कर फाइनल में स्थान बनाने के साथ किया। वहीं ओडिशा वॉरियर्स ने लीग चरण का समापन छह मैचों में दो सीधी जीत, दो शूटआउट में जीत और एक शूटआउट हार के साथ कुल 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रह 26 जनवरी को फाइनल में सूरमा हॉकी क्लब के साथ भिड़ने का हक हासिल कर लिया। सूरमा हॉकी क्लब लीग में ओडिशा वॉरियर्स को अपने पहले मैच में सोनम और बलजीत कौर के गोल से 2-1 से हराया जबकि दूसरे में उससे शूटआउट 0-2 से हार गई थी। अब तक लीग चरण की समाप्ति पर छह छह मैचों में सबसे ज्यादा पांच- पांच गोल करने का गौरव सूरमा हॉकी क्लब की बेल्जियम की स्ट्राइकर चार्लोट एंजेलबर्ट और ओडिशा वॉरियर्स की डच ड्रैग फ्लिकर यिबी यॉनसेन को हासिल है। अपनी मेंटर भारत की पूर्व कप्तान और सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर रही रानी रामपाल के मार्गदर्शन में सूरमा हॉकी क्लब के पास बेल्जियम की स्ट्राइकर एंजेलबर्ट (5 गोल) के साथ नई स्टार के रूप में उभरी मध्यप्रदेश की सोनम (चार गोल) और उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाली लखनउ की आक्रामक मिडफील्डर हिना बानो (दो गोल) और खुद कप्तान आक्रामक मिडफील्डर के रूप में सलीमा टेटे के रूप में गोल करने और पेनल्टी कॉर्नर बनाने में सक्षम खिलाड़ी हैं। साथ ही स्कीमर जर्मनी की चार्लोट स्टेपनहर्स्ट के साथ भारत की सदाबहार अनुभवी गोलरक्षक सविता की मौजूदगी में सूरमा हॉकी क्लब का पलड़ा ओडिशा वॉरियर्स के खिलाफ रविवार को रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल में भारी नजर आता है। दोनों टीमों के बीच लीग में दोनों मुकाबले खासे संघर्षपूर्ण रहे और इनमें पहले में सूरमा हॉकी क्लब को जीत मिली जबकि दूसरे में निर्धारित समय में मैच गोलरहित रहने के बाद शूटआउट में ओडिशा वॉरियर्स को जीत मिली। सूरमा हॉकी क्लब ने लीग में अपने आखिरी मैच में बंगाल टाइगर्स पर 4-2 से जीत जीत दर्ज जबकि ओडिशा वॉरियर्स की टीम अपने आखिरी लीग मैच में दिल्ली एस जी पाइपर्स के खिलाफ निर्धारित समय में एक एक की बराबरी के बाद शूटआउट में उससे 2-3से हार झेलनी पड़ी थी। सूरमा हॉकी क्लब ने अपने कोच भारत के पूर्व गोलरक्षक जूड मेंजेज के मंत्र के मुताबिक आक्रामक खेली तो फिर ओडिशा वॉरियर्स के लिए उसे रोक पाना मुश्किल होगा। सूरमा हॉकी क्लब को पहली महिला एचआईएल में खिताब अपने नाम करना है तो फिर उसे कोशिश करनी होगी कि ओडिशा वॉरियर्स को कम से कम पेनल्टी कॉर्नर मिले। सूरमा हॉकी क्लब की टीम यदि ऐसा करने में कामयाब रहती है तो फिर भारत की पूर्व चीफ कोच यांकी शॉपमैन के मार्गदर्शन में उतरने वाली ओडिशा वॉरियर्स को बतौर ड्रैग फ्लिकर अपने प्रमुख 'अस्त्र' यिबी येनसन का इस्तेमाल करने का मौका ही नहीं मिलेगा। पहले महिला एचआईएल के फानइल में सूरमा हॉकी क्लब और भारत की कप्तान सलीमा टेटे और भारतीय टीम की उनकी साथी उन्हीं की तरह आक्रामक मिडफील्डर नेहा गोयल की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है। बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली सूरमा हॉकी क्लब की मध्यप्रदेश की सोनम और उत्तर प्रदेश की हिना बानो और एंजेलबर्ट को यदि ओडिशा वॉरियर्स ने खुलकर खेलने का मौका दे दिया तो फिर उसकी खिताब जीतने की हसरत पर पानी फिर सकता है।

## रोहित आईसीसी पुरुष टी-20 टीम ऑफ द ईयर के कप्तान बनें जबकि पांड्या, बुमराह, अर्शदीप टीम में शामिल

**दुबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां) रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है, जबकि हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भी अपने कप्तान के साथ स्टार खिलाड़ियों से सजी इस टीम में शामिल हैं।

रोहित के नेतृत्व में, भारत ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था, जिसके बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी भी विजेता टीम का हिस्सा थी। अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपनी

- रोहित के नेतृत्व में, भारत ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था

बल्लेबाजी की महारत का प्रदर्शन करते हुए 11 मैचों में 42.00 की शानदार औसत और 160 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की विस्फोटक पारी भी शामिल है। अपनी बल्लेबाजी के अलावा, रोहित के चतुर नेतृत्व ने दबाव भरे क्षणों में



एक युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके नेतृत्व ने सुनिश्चित किया कि वह वर्ष उनके देश के लिए यादगार रहेगा। पांड्या ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ सबसे छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की, जिससे वह आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर आ गए। 17 मैचों में 352 रन बनाने और 16 विकेट लेने वाले पांड्या का योगदान भारत के लिए एक सफल वर्ष में महत्वपूर्ण था, जिसने उन्हें 20 ओवर के प्रारूप में विश्व चैंपियन का ताज पहनाया। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने यूएसए और वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बल्ले से 144 रन बनाए, इसके अलावा 11 विकेट भी लिए, जिसमें फाइनल में प्रोटियाज के खिलाफ अंतिम ओवर में 16 रन बचाकर भारत को जीत दिलाना भी शामिल है। इस खेल में उन्होंने 2024 में 3/20 के अपने सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ चमक बिखेरी। ऑलराउंडर ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज में किया, जिसके खिलाफ उन्होंने नाबाद 50 रन बनाए। भारत के तेज गेंदबाज बुमराह की 2024 में टी20 क्रिकेट में वापसी शानदार रही, क्योंकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज की सटीक यॉर्कर और डैथ ओवरों में महारत भारत के खिताब जीतने के अभियान में अहम रही। उन्होंने आठ मैचों में 8.26 की जबरदस्त औसत से 15 विकेट लिए, जिससे उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया। विश्व कप से परे, बुमराह की सभी प्रारूपों में निरंतरता ने विश्व क्रिकेट में प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों का पहुंचना शुरू, गर्मजोशी से स्वागत

**हल्द्वानी,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। बहुप्रतीक्षित 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से शुरू होने वाले हैं और खिलाड़ियों का आगमन आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। देश भर से 10,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने के अनुमान के साथ, उत्तराखंड में तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही उत्साह का माहौल है। ट्रायथलॉन प्रतियोगिता 26 जनवरी को हल्द्वानी में खेलों की शुरुआत करेगी, जिसमें भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी आएंगे। खिलाड़ियों का पहला जत्था शनिवार को हल्द्वानी पहुंचा। खेल मंत्री रेखा आर्य ने खिलाड़ियों का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मैं 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए उत्तराखंड की धरती पर आए विभिन्न राज्यों की टीमों को हार्दिक बधाई देती हूं। देवभूमि के लोगों की ओर से मैं सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मैंने




स्थानीय अधिकारियों को अन्य राज्यों से हल्द्वानी पहुंचने वाली टीमों के स्वागत, परिवहन, आवास और भोजन की आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश पहले ही दे दिए हैं। आने वाले दिनों में शेष प्रतियोगिताओं के लिए हजारों और खिलाड़ी उत्तराखंड पहुंचेंगे। राज्य सरकार और स्थानीय लोगों में राष्ट्रीय खेलों को लेकर उत्साह साफ तौर पर देखा जा सकता है। प्रतियोगिताएं हल्द्वानी, देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार और रुद्रपुर समेत कई शहरों में आयोजित की जाएंगी। 38वें राष्ट्रीय खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह 28 जनवरी को देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

## अर्शदीप सिंह को आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया

**दुबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। 2024 में भारत के सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शनिवार को आईसीसी अवार्ड्स में आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने जून में कैरिबियन और यूएसए में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 में जीत के साथ भारत के लिए एक बड़ी आईसीसी ट्रॉफी जीतने का इंतज़ार खत्म किया और खेल में अग्रणी पावरप्ले और डैथ बॉलर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया। 25 वर्षीय अर्शदीप को लंबे समय से शीर्ष पर माना जा रहा है, और



भारत ने 2022 में अपने पूर्ण अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से उनकी क्षमता पर बहुत भरोसा जताया है और 2024 वह वर्ष था जब अर्शदीप ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को पूरी तरह से विश्व स्तरीय गेंदबाज के रूप में स्थापित किया, नई गेंद से ढेर सारे विकेट लिए और विभिन्न सतहों पर डैथ ओवरों में लगातार किफायती साबित हुए। अर्शदीप उस वर्ष टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज़ थे, जिन्होंने सिर्फ

○ अर्शदीप ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को पूरी तरह से विश्व स्तरीय गेंदबाज के रूप में स्थापित किया

18 मैचों में 36 विकेट लिए। उन्होंने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में भारत को खिताब दिलाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई और कैरेबियन में जीत के बाद चयनकर्ताओं द्वारा टी20 टीम के लिए एक नए युग की शुरुआत करने के दौरान आक्रमण के अगुआ के रूप में कदम रखा। दुनिया के सिर्फ चार खिलाड़ियों ने कैलेंडर वर्ष में अर्शदीप से ज़्यादा टी20 विकेट लिए हैं - सऊदी अरब के उस्मान नजीब (38), श्रीलंका के वनिन्दु हसरंगा (38), यूएई के जुनैद सिद्दीकी (40) और हांगकांग के एहसान खान (46) - और इन चारों ने ज़्यादा मैच खेले हैं। इन गेंदबाज़ों में से सिर्फ हसरंगा ही पूर्ण सदस्य राष्ट्र के लिए खेले हैं। अर्शदीप ने सिर्फ 15.31 की औसत से विकेट लिए और पावरप्ले और डैथ ओवरों में ज़्यादातर गेंदबाज़ी करने के बावजूद, साल का अंत 7.49 की इकॉनमी रेट से किया।

## अमेलिया केर आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनीं



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां) न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर को 2024 के लिए आईसीसी महिला टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्होंने आयरलैंड की ऑलराउंडर ओरला प्रेंडरगैस्ट, श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापथु और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट को पछाड़कर यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया। अमेलिया अनुभवी सूजी बेट्स (2016) के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली न्यूजीलैंड की दूसरी महिला क्रिकेटर भी बन गई हैं। 2024 में, अमेलिया टी20 में अपने खेल के चरम पर थी, जब उन्होंने 24.18 की औसत से 387 रन बनाए और 15.55 की औसत से 29 विकेट चटकाए। यह एक ऐतिहासिक वर्ष था, जब न्यूजीलैंड ने पहली बार टी20 विश्व कप जीता था। टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की जीत के दौरान, अमेलिया ने छह मैचों में 7.33 की औसत और 4.85 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। उन्होंने छह पारियों में 27 की औसत से 135 रन भी बनाए, जिससे वह प्रतियोगिता में शीर्ष दस रन बनाने वालों में शामिल हो गईं। दुबई में भारत को शुरुआती दौर में हराने के बाद, अमेलिया ने गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट लिए, हालांकि न्यूजीलैंड यह गेम हार गया।

## स्मृति, ऋचा, दीप्ति आईसीसी महिला टी20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल

**दुबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की स्मृति मंधाना, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा को 2024 में उनके शानदार योगदान के बाद आईसीसी महिला टी20 टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया है ।लॉरा वोल्वार्ट की अगुआई वाली टीम में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल

- भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष बेहद आक्रामक तरीके से रन बनाने की अपनी क्षमता के लिए जानी जाती हैं

हैं, इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से दो और श्रीलंका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं ।स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में 54 रनों की शानदार पारी खेलकर साल की शुरुआत की, इस प्रदर्शन ने बाएं हाथ की बल्लेबाज को शानदार टी20 प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपनी निरंतरता के प्रमाण के तौर पर, मंधाना ने साल का समापन भी इसी तरह से किया, घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीन अर्द्धशतक बनाए, जिससे इस प्रारूप में उनकी विश्वसनीयता और भी बढ़



गई। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष बेहद आक्रामक तरीके से रन बनाने की अपनी क्षमता के लिए जानी जाती हैं, जो लगातार अपनी आक्रामक खेल शैली के साथ नेतृत्व करती हैं। घोष को जब भी बल्लेबाजी का मौका मिला, वह धमाकेदार फॉर्म में रहीं, उन्होंने दांबुला में यूएई के खिलाफ 220.68 की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट से 29 गेंदों पर 64* रन बनाए।दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 2024 में 156.65 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट बनाए रखी, जिसमें एक और तेज अर्द्धशतक शामिल था, जिसमें डीवाई पाटिल स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 21 गेंदों पर 54 रन बनाए।

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 155 रन पर समेट कर नौ रन की बढ़त ली

**मुल्तान,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। जोमेल वारिकन (चार विकेट) और गुडाकेश मोती ( तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को पाकिस्तान की टीम को पहली पारी में 154 रन पर समेट कर नौ रनों की मामूली बढ़त ले ली है। वेस्टइंडीज के 163 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को केमार रोच ने दोनों सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद हुरैरा (नौ) और कप्तान शान मसूद (15) को अपना शिकार बनाया। वहीं गुडाकेश मोती ने बाबर आजम (एक) को बोल्ड आउट किया। कामरान गुलाम (16) रन बनाकर आउट हुये। सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने कुछ देर पारी को संभाला। जोमेल वारिकन ने साउद (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 41वें ओवर में मोहम्मद रिजवार (49) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और पूरी टीम 47 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। इसी के साथ वेस्टइंडीज को पहली पारी के आधार पर नौ रनों की बढ़त मिल गई है।

## मोहम्मडन एससी अपनी तीसरी जीत पाने के लिए मुम्बई सिटी एफसी से भिड़ेगी

**मुंबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। मुम्बई सिटी एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान मुम्बई फुटबॉल एरिना में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मोहम्मडन एससी की मेजबानी करेगी, जो माकूल परिणाम हासिल करके प्लेऑफ की होड़ में खुद को बनाए रखने और ब्लैक पैंथर्स के खिलाफ लीग डबल पूरा करने की कोशिश करेगी। मुम्बई सिटी एफसी 16 मैचों में छह जीत, छह ड्रा और चार हार से 24 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग 16 मैचों में दो जीत, पांच ड्रा और नौ हार से 11 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आइलैंडर्स को हालिया घरेलू मुकाबलों में संघर्ष करना पड़ा है,



- मुम्बई सिटी एफसी 16 मैचों में छह जीत, छह ड्रा और चार हार से 24 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है

क्योंकि उनको घर पर लगातार मैचों में 0-3 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार (1 जीत, तीन ड्रा) में अपराजित रही है, जिसमें दो अवे मैचों में तीन क्लीन शीट शामिल हैं। आइलैंडर्स के 19 गोल में से ग्रीक स्ट्राइकर निकोलाओस करेलिस ने नौ स्कोर किए हैं। रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स के प्रोडक्ट नाथन रोड्रिग्स, कप्तान लालियानजुआला छांगटे और योएल वान नीफ ने दो-दो गोल किए हैं। मिर्जालोल कासिमोव और लालरेमसंगा फनाई मोहम्मडन एससी के शीर्ष स्कोरर हैं, जिन्होंने दो-दो गोल किए हैं।

### आइलैंडर्स की गोल खाने की प्रवृत्ति

बैकलाइन में सुधार? इस सीजन में दूसरे सबसे कम अपेक्षित गोल (15.18) होने के बावजूद, मुम्बई सिटी एफसी ने 22 गोल खाए हैं, जो सबसे अधिक अंतर (6.82) है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग इस कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी, हालांकि उसने लीग में सबसे कम आठ गोल किए हैं।

**पासिंग पैटर्न:** आइलैंडर्स ने अपने 16 मैचों में 5646 पास पूरे किए हैं, जो बेंगलुरू एफसी (5722), केरला ब्लास्टर्स (5665) और मैरिनर्स (5660) के बाद लीग में चौथा सबसे अच्छा आंकड़ा है।

### मोहम्मडन स्पोर्टिंग का संघर्ष

**हवाई दिक्कतें:** मोहम्मडन स्पोर्टिंग की हवाई द्वंद्व सफलता दर दूसरी सबसे खराब (43.9त्) है और इस सीजन में उसने सात गोल हैडर से खाए हैं, जो लीग में सबसे ज्यादा है।

**अवे सफलता:** मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस सीजन में दो अवे मैच जीते हैं, और ये दोनों जीत चेन्नइयन एफसी और बेंगलुरू एफसी के घर पर मिली हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैंड का किया सूपड़ा साफ

**एडिलेड,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। बेथ मूनी (नाबाद 94) रनों की अर्द्धशतकीय पारी और जॉर्जिया वेयरहम (तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 72 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से जीत ली हैं। ऑस्ट्रेलिया के 165 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और 48 के स्कोर तक अपने सात विकेट गवां दिये। सोफिया डंकली (पांच), ऐलिस कैप्सी (छह), नेट साइवर ब्रंट (एक), डेनिएल वायट (17), एमी जोंस (शून्य), फ्रेया केंप (पांच) और शार्लेट डीन (एक) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान कप्तान हीथर नाइट एक छोर थामे खड़ी रही। सोफी एकल्सटन (पांच) और लिंसी स्मिथ (एक) रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड का आखिरी विकेट हीथर नाइट (40) रूप में गिरा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 17.3 ओवर में 90 रन पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉर्जिया वेयरहम ने तीन और डार्सी ब्राउन दो विकेट लिये। मेगन शूट, अलाना किंग, ऐनाबेल सदरलैंड और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## सार संक्षेप

### नितीश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह चोटिल

**मुंबई।** ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को 24 जनवरी को चेन्नई में अभ्यास सत्र के दौरान साइड स्ट्रेन की चोट लगी। वह इंग्लैंड क्र खिलाफ चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। रेड्डी आगे की देखभाल के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाएंगे। बीसीसीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 22 जनवरी को कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में फील्डिंग करते समय रिंकू सिंह की पीठ में ऐंठन आ गई थी। उनकी हालत में सुधार हो रहा है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी बारीकी से निगरानी कर रही है। वह चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच से बाहर हो गए हैं। सीनियर चयन समिति ने इन दो खिलाड़ियों की जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह को टीम में शामिल किया है। भारत पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है और सीरीज का दूसरा मैच आज चेन्नई में खेला जाएगा।

### सोफी डिवाइन ने लिया क्रिकेट से ब्रेक

**नई दिल्ली।** न्यूज़ीलैंड की कप्तान और ऑलराउंडर सोफ़ी डिवाइन पेशेवर सलाह लेने के बाद अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए डब्ल्यूपीएल 2025 से बाहर हो गई हैं, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा हैं। वह मौजूदा घरेलू सत्र के बाक़ी बचे मैचों से भी बाहर हो जाएंगी और घर लौट जाएंगी। एनजेडसी की एक विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि डिवाइन के खेल भविष्य पर निर्णय सही समय पर घोषित किया जाएगा, साथ ही कहा कि एनजेडसी, क्रिकेट वेलिंगटन और आरसीबी ने उनके ब्रेक लेने के निर्णय का समर्थन किया है। आरसीबी ने अभी तक उनके प्रतिस्थापन का नाम नहीं बताया है। डिवाइन वेलिंगटन के लिए चल रहे सुपर स्मैश में खेल रही हैं, जहां उन्होंने पांच मैचों में 38 रन बनाए हैं और आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछली बार शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में कैंटरबरी के खिलाफ़ खेला था, जहां उन्होंने 13 रन देकर पांच विकेट लिए थे। एनजेडसी की महिला उच्च प्रदर्शन विकास प्रमुख लिज़ ग्रीन ने कहा कि खिलाड़ियों की भलाई हमारे लिए सर्वोपरि है, यह हर चीज़ से ऊपर है।

### जम्मू-कश्मीर ने एक दशक बाद मुंबई को पांच विकेट से हराया

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) ने बीकेसी स्थित शरद पवार क्रिकेट अकादमी में 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई को शनिवार को पांच विकेट से हरा दिया। यह रणजी ट्रॉफी में मुंबई में जेएंडके की दूसरी जीत थी, जिसने 2014-15 की अपनी उपलब्धि को दोहराया, जब उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 237 रनों का पीछा करते हुए चार विकेट से जीत के साथ घरेलू दिग्गजों को हराया था। मुंबई की दूसरी पारी में शार्दुल ठाकुर के शानदार शतक के बावजूद, जेएंडके ने तीसरे दिन 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया, जिससे एलीट ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहली पारी में जेएंडके को 86 रनों की बढ़त देने के बाद मुंबई की दूसरी पारी दबाव में शुरू हुई।




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# जनता के मताधिकार की शक्ति ही मजबूत लोकतंत्र का आधार : कमिश्नर





- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम
- मतदाता जागरूकता के उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारी सहित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**जगदलपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, प्रजातंत्र में जनता ही सबसे प्रमुख होता है। जनता के मताधिकार की शक्ति ही मजबूत लोकतंत्र देती है। लोकतंत्र के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत संघर्ष किया है। इसलिए प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशासन स्वीप कार्यक्रम, जाबो अभियान का आयोजन करती है। बस्तर संभाग में मतदान करवाना एक बड़ा लक्ष्य है। आगामी निर्वाचनों में सभी मतदाता मतदान कर अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन करें जो हमारी उम्मीदों और आकाक्षाओं को पूरा करे और बस्तर के सर्वांगीण विकास के हित में काम करे। कमिश्नर डोमन सिंह शनिवार को टॉउन हॉल में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कमिश्नर ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ ही संकल्प लेने का दिन है जब हम सभी स्वयं हरेक निर्वाचन में मतदान करने सहित अपने परिवार और आसपास के नागरिकों को भी उनके मताधिकार के बारे में अवगत कराएं। उन्हें निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने तथा प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने के लिए अभिप्रेरित करें। उन्होंने युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं का योगदान इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर युवा मतदान में हिस्सा ले, तो हमारे लोकतंत्र को नई दिशा और ऊर्जा मिल सकती है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हरेक युवा को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरित करना होगा। आइए हम सभी संकल्प लेकर देश को मजबूत >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत नामांकन पत्र क्रय कर रहे संभावित अभ्यर्थी

## शनिवार को नगर निगम के महापौर हेतु एक तथा पार्षद के लिए 24 नामांकन पत्र खरीदे गए



**जगदलपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत अधिसूचना जारी होने के साथ ही बुधवार से नाम निर्देशन पत्र दाखिला आरंभ हो गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत जिले के नगर पालिक निगम जगदलपुर हेतु शनिवार को महापौर के लिए एक नामांकन पत्र तथा वार्ड पार्षद हेतु 24 नामांकन पत्र क्रय किए गए। वहीं नगर पंचायत बस्तर के लिए शनिवार को अध्यक्ष हेतु एक तथा वार्ड पार्षद के लिए 02 नामांकन पत्र क्रय किए गए। इस तरह अब तक नगर पालिक निगम जगदलपुर महापौर के लिए 3 तथा पार्षद के लिए 57 नामांकन पत्र क्रय किया गया है। वहीं अब तक नगर पंचायत बस्तर के लिए अध्यक्ष हेतु 2 ने तथा पार्षद के लिए 5 नामांकन पत्र क्रय किया गया है। विदित हो कि नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिले के नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक निर्धारित है। वहीं दूसरे दिन 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 31 जनवरी तक अभ्यर्थि नाम वापस ले सकेगे। जिले के दोनों नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान होगी और 15 फरवरी को मतगणना होगी।

**सत्तर किलो सिक्के लेकर पहुंचें महापौर का आवेदन लेने, चार घंटे लगे सिक्के गिनने में कर्मचारियों को :** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज़ होने लगी है। जगदलपुर के चौक-चौराहे में प्रत्याशियों को लेकर जमकर चर्चा हो ही है। आवेदन लेने कलेक्टर कार्यालय पहुँचे। कुछ अनोखा करने की अंदाज में रोहित आर्य ने महापौर पद के लिए आवेदन लेने लगभग सत्तर किलो सिक्के बीस हज़ार रुपये के जैसे ही टेबल में रखें सब चौंक गये। अधिकारियों कर्मचाइयों को चार घंटे लगे सिक्के गिनने में।

AM/NS INDIA
ArcelorMittal Nippon Steel India

RE/MAGINEERING
सशक्त भारत का उज्जवल भविष्य,
स्मार्टर स्टील्स के साथ।

आज हम भारत के संप्रभुता का जश्न मनाते है जिसे स्थापित करने में कई दूरदर्शी लोगों का योगदान रहा है। एक ऐसा देश जो आदर्शों, दूरदर्शिता, कल्पना और स्टील समान आतंरिक शक्ति से बना है। सबके उज्जवल भविष्य के लिए, AM/NS India अपने स्मार्टर स्टील्स से इस मजबूत नींव को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

76वें गणतंत्र दिवस की आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ!



SMARTER STEELS
BRIGHTER FUTURES

#CelebratingTheSteelWithin

एनएमडीसी
NMDC

भारत के गणतांत्रिक मूल्यों को सलाम



एनएमडीसी की ओर से समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक। सुस्थिर। खुशियां बिखेरते हुए

भारत सरकार की नवरत्न कंपनी, 67 वर्ष पुरानी खनन महाशक्ति, देश में लौह अयस्क की सबसे बडी उत्पादक कंपनी-एनएमडीसी देश की औद्योगिक प्रगति की प्राणशक्ति है, जो भारत की विरासत की अटूट क्षमता को समाहित किये हुए है।

'स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास' के स्वप्न को साकार करने के लिए हम 100 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य लेकर मजबूत भविष्य के निर्माण हेतु कटिबद्ध हैं साथ ही, मातृभूमि की प्रगति-समृद्धि एवं संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।

एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद - 500 028
सीआईएन: L13100TG1958GOI001674
www.nmdc.co.in /nmdclimited

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

# कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यक्रम



**जगदलपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। शासकीय कॉलेज धरमपुरा में शनिवार 25 जनवरी को बस्तर पुलिस द्वारा कॉलेज तथा स्कूल के छात्र छात्राओं, प्रोफेसर व अन्य स्टाफ को यातायात से संबंधित नियम , सड़क दुर्घटना के कारण,रोकथाम ,एवं उपाय आदि के संबंध में जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक जगदलपुर आकाश श्रीमाल ,उप पुलिस अधीक्षक यातायात जगदलपुर संतोष जैन तथा एएसआई यतेंद्र देवांगन यातायात द्वारा दी गई । साथ ही क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के वीडियो को दिखा कर घटना के कारणों के बारे में बताया एवं समझाया गया। छात्र छात्राएं तथा कॉलेज स्टाफ द्वार ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा एवं यातयात से संबंधी बातें को सुना गया तथा सड़क दुर्घटना के संबंधित पूर्व के वीडियो को दिखा कर, घटना के कारणों बारे में समझाया गया। जिस पर उपस्थित छात्र छात्राएं, एवं प्राध्यापक गण द्वारा भविष्य में ट्रैफिक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ साथ यातायात नियमों के पालन करने की बात इन सभी के द्वारा कही गई। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राएं के अलावा प्राध्यापक गण,कालेज स्टाफ तथा यातायात के स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## पिथौरा नपं चुनाव के विभिन्न वार्डो के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा

**पिथौरा**, 25 जनवरी। नगरीय निकाय चुनाव के लिये नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ है आज विभिन्न वार्डो के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा जिनके अंतर्गत वार्ड 4 मन्नूलाल ठाकुर वार्ड 8 पीलाबाई निषाद वार्ड 11 सरला बंसल वार्ड 14 सुरजीत सिंह खनूजा इसके पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी देवेश निषाद सहित वार्ड 1 खिरौद्र पटेल वार्ड 7 सुनीता पांडेय , शिल्पा सोनी वार्ड 9 राकेश दीक्षित ,संतोष डड़सेना वार्ड 13 वीरेंद्र तिवारी वार्ड 2 ललिता डड़सेना वार्ड 10 रेखा सिन्हा , ज्योति सिन्हा ने नगर पंचायत वार्ड प्रत्याशी हेतु नामांकन खरीदा उल्लेखनीय है कि स्थानीय एसडीएम कार्यालय में 2025 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ है । नगरीय निकाय चुनाव के लिये नामांकन की आखरी तारीख 28 जनवरी है 29 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र की जांच होगी 31 जनवरी तक नाम वापसी व चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची जारी होगी।

# बिना नंबर मोटर सायकल में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते 2 गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । शनिवार को मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक बिना नंबर हीरो होण्डा स्प्लेण्डर मोटर सायकल में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर उपनपाल चौक के पास है। इस सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा उपनपाल चौक के पास पहुंच कर मोटर सायकल में सवार दो व्यक्तियों को पकड़े नाम पता पुछने पर अपना नाम जगदीश कश्यप निवासी ग्राम कोपागुड़ा स्कूल पारा थाना नगरनार दूसरा संजीव भारती निवासी ग्राम खुटपदर अवास प्लाट पारा थाना नगरनार का रहने वाले बताये मौके पर आरोपियों के मोटर सायकल एवं 3 नग थैला को चेक करने पर एक थैला से सिम्बा स्ट्रांग बीयर का बॉटल 21 नग कुल मात्रा 13.650 लीटर कुल कीमत 4620 / रूपये। दूसरा अंग्रेजी शराब गोवा स्पेशल व्हीस्की का पौवा 15 नग कुल मात्रा 2.700 लीटर कुल कीमती 1950/ रूपया तथा तीसरा अंग्रेजी शराब आफट्र डार्क का पौवा 05 नग मात्रा 0.900 ली. कीमती 1260/ रूपये को बरामद कर जप्त किया गया एवं परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नंबर हीरो होण्डा स्प्लेण्डर मोटर सायकल कीमती 80,000/ रूपये, नगदी रकम 150 / रूपये जुमला कीमत 87820/ रूपये को जप्त किया गया। आरोपिया का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।



**आरोपियों के कब्जे से 17.250 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त**

## भाजपा व कांग्रेस का फार्म नहीं हुआ जमा



**सिमगा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नामांकन पत्र जमा करने के चोथे दिवस अध्यक्ष पद के लिए रविशंकर यादव एवं पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 2 से सूरज सोनकर वार्ड क्रमांक 4 से मुकुंद रजक वार्ड क्रमांक 8 से मनीषा सलूजा वार्ड क्रमांक 10 से रोहित कुर्रे वार्ड क्रमांक 12 से ममता ताम्रकार वार्ड क्रमांक 13 से विष्णु जायसवाल व बदन देवांगन वार्ड क्रमांक 14 से नकुल रजक वार्ड क्रमांक 15 से विकास सोनकर सहित कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना अपना नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अंशुल वर्मा के कार्यालय पहुंचकर जमा किए । वहीं अध्यक्ष पद हेतु रमेश सोनी एवं पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से पीतांबर सोनकर वार्ड 4 राम जी देवांगन प्रशांत सेन वार्ड क्रमांक 6 से भारतीय पाटकर पूजा सिंह संतोषी निषाद वार्ड क्रमांक 7 से प्रियंका तिवारी वार्ड क्रमांक 8 से मीना शर्मा वार्ड क्रमांक 10 से कुंज बाई कोसले शत्रुघ्न मारकंडेय वार्ड क्रमांक 11 से टुकेश देवांगन वार्ड क्रमांक 12 से सुमन साहू वार्ड क्रमांक 15 से रविंद्र यादव ने नामांकन पत्र खरीदा है। नामांकन पत्र जमा करने के लिए मात्र दो दिवस ही बचा है। लेकिन भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं कर पाई है । जो जन चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर**, 25 जनवरी (देशबंधु)। थाना बोधघाट में प्रार्थिया सुलोचना नेताम, दुर्ग कोंदल के द्वारा थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 12.03.24 को आरोपी द्वारा प्रार्थिया को महारानी हॉस्पिटल में वार्ड आया के पद नौकरी लगा दूंगा कहकर 87,000 रु. की मांग किया गया तथा उसने नया बस स्टैंड के पास प्रार्थिया से 87,000 रु. कुछ पैसे नगद तथा कुछ पैसे फोन पे के माध्यम से दिया तथा इसी प्रकार आरोपी द्वारा पीला बाई कश्यप निवासी तारागांव, नगरनार को महारानी हॉस्पिटल में सुपरवाइजर के लिए 5,27,000/ रूपये, पूनम नाग, पुरन तराई, दंतेवाड़ा, को डिमरापाल में क्लर्क के लिए 50,000/ रुपए कुल 6,44,000/ रुपए ठगी किया जिस पर अलग अलग अपराध क्रमांक 263/24 धारा 420 आईपीसी, 40/25 धारा 420,467,201 आईपीसी तथा 41/25 धारा 318.4,351.2 बीएनएस क़ायम कर तत्काल पुलिस थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु तैयार टीम के द्वारा आरोपी राहुल उर्फ लेखन कश्यप को उसके गांव से पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करते हुए ठगी के रकम से अपने पिता के नाम से एक रेनॉल्ट ट्राइबर कार खरीदना बताया तथा नियुक्ति पत्र बनाने के लिए अपना कंप्यूटर सिस्टम प्रयोग करना बताने से रेनॉल्ट ट्राइबर कार तथा कंप्यूटर सिस्टम को आरोपी से जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया ।



**महारानी अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज में नौकरी लगाने के नाम से करता था ठगी**

## अवैध शराब बेचने वाले पर पुलिस की कार्रवाई



**पलारी**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले अवैध शराब के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशो के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बलौदाबाजार श्रीमति निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा दिनांक 25.01.2025 को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा हमराह प्रधान आरक्षक सुनिल वैष्णव आरक्षक मनोज वर्मा कमल कोसले की टीम गठित कर ग्राम अमेरा के निवासी अमन रात्रे पिता खेदू रात्रे उम्र 23 वर्ष द्वारा अपने घर परछी में अवैध शराब रखे होने कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जहां उक्त आरोपी के कब्जे से 02 पारदर्शी झिल्ली में कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 3000/-रू अवैध रूप से शराब रखे मिला उक्त शराब को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध सदर कायम किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ने की प्रत्याशी घोषित

**पिथौरा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव हेतु अध्यक्ष सहित 15 वार्डो के लिये जिला भाजपा अध्यक्ष ऐतराम साहू ने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की जिसके अंतर्गत अध्यक्ष पद देवेश निषाद,पार्षद हेतु वार्ड 1खिरौद्र प्रसाद पटेल , वार्ड 2 ललिता डड़सेना , वार्ड3 पुष्पकान्त पटेल , वार्ड4 मन्नूलाल ठाकुर , वार्ड 5 प्रेम राजन रौतिया , वार्ड 6 संदीप सेन ,वार्ड7 शिल्पा सोनी ,वार्ड8 पीला बाई निषाद , वार्ड9 संतोष डड़सेना , वार्ड 10 ज्योति ळक्ष्मी डड़सेना ,वार्ड 11सरला बंसल , वार्ड 12 श्रीमती भुवनेश्वरी साहू , 13 वीरेंद्र तिवारी , 14सुरजीत जित्ती , 15 कौसल दास मानिकपुरी के नामों की घोषणा की । घोषणा के बाद भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड वासियों से जीत की अपील कर रहें हैं पर जीत किसकी होगी 15 फरवरी को मतों की गणना के बाद स्पष्ट होगा।

### रवेली, झीपन में कल से नि:शुल्क आयुष योग शिविर

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम रवेली में जिला आयुष विभाग द्वारा 27 से 31 जनवरी तक शासकीय प्राथमिक शाला में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं झीपन के प्राथमिक शाला प्रांगण में 1 से 5 फरवरी को शासकीय आयुर्वेद औषधालय आरोग्य मंदिर रावन के तत्वावधान में आयोजन होगा। समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी डा गोदावरी पैकरा और शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा रितु रानी वर्मा ने दी। उक्त योग प्रशिक्षण शिविर योग शिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में होगा।

## 70 पौवा अंग्रेजी व देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**बिलाईगढ़,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामिल हक के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के पुलिस स्टाफ के द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। अप0क्रं0 33/25 धारा. 34(2),59(क )आबकारी एक्ट में दिनांक 24.01.2025 को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम गुडिहारी के दो व्यक्ति पल्सर मोटर साइकिल से अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है कि सूचना पर घटना स्थल ग्राम भारत माता चौक सांरगढ के पास जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये जिसमे पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राजा साहू पिता रामरतन साहू साकिन गुडिहारीए 02. विजय पटेल पिता कार्तिकराम पटेल साकिन गुडिहारी थाना सांरगढ का होना बातये जिनके कब्जे से एक पान मसाला थैला के अंदर 50 पाव देशी प्लेन शराब एवं 20 पाव जम्मू अंग्रेजी शराब कुल 70 पाव शराब जुमला 12.600 लीटर कीमती 7100 रुपये को मोटर साईकल बजाज फ्लसर क्र ष्टत्र 13 8086 किमती 130000 रुपये मे परिवाहन करते पाये जाने से मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कामिल हक, प्र0आर0 59 कैलाश जांगड़े, आरक्षक भुवनेश्वर चंद्रा, ओमचंद साहू, ज्वाला सिंह बंजारे, योगेश कुर्रे, अजय लहरे एवं समस्त स्टाफ का संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख भूमिका रही।

## टीना टप्पर का सरप्राइज पैकेज निकले ताबीर, बने मेन विलन, सतीश जैन ने भी की जमकर तारीफ




**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी में सरकार द्वारा बनाए गए पीएम आवास के निवासियों ने आज निकाय चुनाव से पहले चुनाव का बहिष्कार कर दिया। दलदल सिवनी स्थित पीएम आवास कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने लंबे समय से पानी और अन्य समस्याओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा अनदेखा किए जाने पर चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

असुविधाओं के अंबार से परेशान लोगों ने कॉलोनी के बाहर चुनाव बहिष्कार का बैनर लगाकर प्रदर्शन किया।

**लोगों का फूटा आक्रोश**

स्थानीय लोगों से बातचीत में उन्होंने बताया कि किसी भी मौसम में भी पानी यहां उपलब्ध नहीं रहता है. रायपुर नगर निगम, कलेक्ट्रेट और जोन कार्यालय, हर जगह लोगों ने ज्ञापन दिया है, लेकिन पानी की व्यवस्था करने में सभी असफल रहे हैं ।बीमार, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को तीन-तीन मंजिल पानी लेकर चढ़ना पड़ता है। धरना देने, मांग करने के बाद टैंकरों की संख्या बस कुछ दिनों के लिए बढ़ा दी जाती है।अमृत मिशन योजना के पाइपलाइन से भी पर्याप्त पानी नहीं आता। अधिकारी और जनप्रतिनिधि सिर्फ टालने का काम करते है।स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने कब से मांग की जा रही है लेकिन अब तक पूरी नहीं की गई। क्षेत्र में लाइट नहीं होने के कारण लूट-मार जैसी घटनाओं की संभावना बनी रहती है और महिला असुरक्षित महसूस करती है।

**लोगों ने कहा कि घर के बदले पैसे ले लिए लेकिन सुविधाएं देना भूल गए**

आज इतनी असुविधाओं के बीच हजारों परिवारों को जीना पड़ रहा है और सारी समस्याओं का हल खुद ही ढूंढने पर मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में वे वोट क्यों दें। लोगों ने मांग की है कि जब तक सभी व्यवस्था ठीक नहीं की जाएगी तब तक निकाय चुनाव में वोट नहीं देंगे।




# 67वीं जन्म जयंती



## स्व.दीपक सुरजन

(26 जनवरी 1958-6 नवम्बर 2022)

न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः न वा
सप्तधातुःन वा पञ्चकोशः ॥1॥
न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु
चिदानंदरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥2॥

( न उसे प्राण कहा जाता है, न पाँच वायु, न सात तत्व, न पाँच कोष। मैं न वाणी हूं, न हाथ, न पैर, न पेट की वायु; मैं चैतन्य के आनंद का स्वरूप हूं। मैं शुभ हूं। )

देशबन्धु परिवार
पुण्य स्मरण करता है

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को देश के 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होने देश को आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया है।



# लाल किले पहुंची छत्तीसगढ़ की झांकी

## भारत पर्व 2025 में शोभा बढ़ाएगी रामनामी समुदाय की झलक



**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक प्रस्तुत की गई है यह झांकी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर पारंपरिक लोक जीवन और रामनामी समुदाय की अनोखी पहचान को खूबसूरती से दर्शाती है रामनामी समुदाय जो भगवान श्री राम के प्रति अपनी अनन्य भक्ति के लिए जाना जाता है इस झांकी का मुख्य आकर्षण है भारत पर्व 2025 का आयोजन लाल किला प्रांगण में 26 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाएगा इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों झांकियां भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा को प्रदर्शित करेंगी।

छत्तीसगढ़ की झांकी राज्य की जनजातीय संस्कृति के विविध रंगों को उजागर करेगी यह झांकी दर्शकों को न केवल राज्य की कला और संस्कृति से रूबरू कराएगी बल्कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज की विशिष्ट जीवनशैली और उनकी अनूठी परंपराओं की झलक भी दिखाएगी भारत पर्व हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 31 जनवरी तक नई दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित किया जाता है इस पर्व में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक प्रवेश निशुल्क होता है यह भारतीय संस्कृतिए परंपराए तथा विविधता को करीब से देखने का शानदार अवसर प्रदान करता है भारत पर्व में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल विभिन्न राज्यों की झांकियों को देखने के साथ ही फूड वेंडर्स के स्टॉल पर विभिन्न राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

# प्रधानमंत्री की 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होंगी मायाराम सुरजन स्कूल की युक्ता मुखी साहू

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित मायाराम सुरजन हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा युक्ता मुखी साहू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चयनित हुई हैं। यह कार्यक्रम 27 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें युक्ता पीएम मोदी से सवाल पूछेंगी और प्रधानमंत्री उन सवालों का जवाब देंगे।

इस कार्यक्रम में देशभर से 100 बच्चों का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों, शिक्षकों और उनके पालकों से सवाल पूछे गए थे। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य को इस कार्यक्रम के लिए 10 लाख सवाल भेजने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य 20 लाख सवाल भेजकर



शिक्षिका श्रुति बैनर्जी के साथ दिल्ली के लिए हुई रवाना

पूरे देश में अव्वल रहा। युक्ता का चयन छत्तीसगढ़ के 20 लाख विद्यार्थियों में से हुआ है। युक्ता अपने शिक्षिका श्रुति बैनर्जी के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं।

युक्ता मुखी साहू ने कहा, च्परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम परीक्षा के दौरान होने वाली चिंता, तनाव और डिप्रेशन का समाधान प्रदान करता है। इस चर्चा के दौरान हमें जो ऊर्जा मिलती है, वह हमें आने वाले समय में इन समस्याओं से निपटने के लिए आत्मविश्वास देती है। परीक्षा के दौरान हमारे मन में कई सवाल होते हैं, जिनका जवाब इस कार्यक्रम से मिलता है.ज्।

यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनकर सामने आता है, जो उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने और परीक्षा से जुड़े दबावों को समझने में मदद करता है।

# माना नगर पंचायत एवं पार्षद प्रत्याशियों की सूची भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने की जारी

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनावों की तारीख पास आते ही राजनैतिक दलों द्वारा अपने आधिकारिक प्रत्याशियों की घोषणा का दौर जारी है इसी क्रम में भाजपा रायपुर शहर जिला अंतर्गत माना नगर पंचायत हेतु भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी की रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर द्वारा आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं संगठन प्रमुखों की अनुशंसा से जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में माना नगर पंचायत की सूची जारी की माना नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु पुन: संजय यादव के ऊपर पार्टी द्वारा भरोसा जताया गया है साथ ही माना नगर पंचायत के पंद्रह वार्डों में भी भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा जिला भाजपा अध्यक्ष द्वारा की गई रमेश सिंह ठाकुर ने सूची जारी करने के पश्चात कहा कि भाजपा ने अपने मजबूत और कर्मठ कार्यकर्ताओं को नगर पंचायत में अवसर दिया है और हम निश्चित ही पुन: माना नगर पंचायत पूर्ण बहुमत के साथ जितने जा रहे हैं कमल फूल के सभी अधिकृत प्रत्याशियों को मेरी तरफ से अग्रिम शुभकामनाएं। भाजपा प्रत्याशियों के नाम - वार्ड क्रमांक 1 पार्षद प्रत्याशी का नाम श्रीमती लोकमती ठाकुर, वार्ड 2 श्रीमती अर्पणा भट्टाचार्य, वार्ड 3 श्रीमती अंजना गाइन, वार्ड 4 श्रीमती चितरेखा साहू, वार्ड 5 श्री नन्दलाल बर्मन, वार्ड 6 श्रीमती उर्मिला चौहान, वार्ड 7 श्रीमती अंजना चौधरी, वार्ड 8 श्री सुशील हलदार, वार्ड 9 श्रीमती काजल मण्डल, वार्ड 10 श्री तरुण राय, वार्ड 11 श्रीमती गरिमा सिंह ठाकुर, वार्ड 12 श्री प्रेम कुमार मण्डल, वार्ड 13 श्रीमती झुमा बैरागी, वार्ड 14 श्री के.एबु, वार्ड 15 श्रीमती अन्नू राय।

### ओपन स्कूल की समय सारणी जारी

# 12वीं की परीक्षा 26 और 10वीं की 27 मार्च से होगी शुरू

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। ओपन स्कूल परीक्षा की समय-सारणी जारी हो गई है। 12वीं की परीक्षा 26 व दसवीं की 27 मार्च से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए करीब 82 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। इन परीक्षाओं के लिए राज्य में ढाई सौ से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। पिछली बार मार्च-अप्रैल परीक्षा 2024 के लिए करीब एक लाख छात्रों ने आवेदन किया था।

बता दें कि ओपन स्कूल की मुख्य परीक्षा एक साल में तीन बार आयोजित की जाएगी। साल 2025 की यह पहली परीक्षा है। बारहवीं और दसवीं दोनों परीक्षा की शुरुआत हिंदी से होगी। परीक्षा सुबह 8ः30 से 11ः45 बजे तक होगी। बारहवीं की परीक्षा 21 अप्रैल और दसवीं की 17 अप्रैल तक चलेगी। पहले एक साल में ओपन स्कूल की दो बार मुख्य परीक्षा आयोजित की जाती थी। पिछले साल से तीन बार परीक्षा हो रही है।

# सिक्ख जनप्रतिनिधियों के लिए समाज ने टिकट मांगा



**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)।सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजीव भवन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात कर नगरीय निकाय चुनाव में समूचे सिक्ख समुदाय के विजयी होने वाले महापौर, नगर पंयायत व पार्षद प्रत्याशियों को टिकट देने मांग की है। अध्यक्ष श्री बैज ने आश्वासन दिया कि जीतने वाले ज्यादा से ज्यादा सिक्खों को टिकट दी जाएगी।

प्राकृतिक आपदाओं या कोरोना काल मे जनसेवा के लिए हमेशां अग्रणी रहने वाला सिक्ख समाज जनप्रतिनिधि के रूप में भी सेवा करना चाहता है।इसी तारतम्य में सिक्ख समाज छत्तीसगढ़ ने पूरे प्रदेश से चुनाव लड़ने के इच्छुक सिक्खों से बकायदा बायोडाटा मंगवा कर देश की दोनों बड़ी राजनैतिक पार्टियां कॉंग्रेस व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को ज्ञापन सौंपकर टिकट देने की मांग की है।

इस अवसर पर ज्ञापन सौपनें वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, इंदरजीत सिंह छाबड़ा,तेजिंदर सिंह होरा,कुलदीप सिंह चावला,रजिंदर सिंह सलूजा, गुरदीप सिंह छाबड़ा, सतनाम पनाग, दलजीत सिंह चावला, जसबीर सिंह ढिल्लन,हरदीप सिंह बंटी होरा, रतन जोत सिंह उपस्थित थे।

# 11 करोड़ की लागत से बनेगा नया तहसील कार्यालय

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में अनुविभागीय व तहसील कार्यालय का नया भवन जल्द बनेगा। अंग्रेजों के जमाने के पुराने भवन को तोड़कर करीब 11 करोड़ रुपए की लागत से बहुमंजिला भवन बनाया जाएगा। इसके लिए अनुविभागीय व तहसील कार्यालय अब इस पुराने भवन के पीछे नर्सिंग हॉस्टल में शिफ्ट हो गया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक नया तहसील भवन करीब 60 हजार वर्गफीट में चार मंजिला बनेगा। हर फ्लोर 12 हजार वर्गफीट में तैयार होगा।

भूतल पर सहायता केन्द्र, अधिवक्ता चेंबर, वाहनों की पार्किंग व वेंडर जोन की सुविधा रहेगी। वहीं, पहली मंजिल पर नायब तहसीलदार कक्ष, निर्वाचन, वेटिंग रूम व दस्तावेज कक्ष रहेंगे। दूसरी मंजिल में तहसील की सभी आठ शाखाएं, तहसील कोर्ट, काननूगो, डब्ल्यूबीएम शाखा तथा तीसरी मंजिल पर एसडीएम कक्ष, आरआई व पटवारी चेंबर तथा प्रतीक्षालय रहेगा। चौथी



मंजिल में वीडियो कॉन्फ्रेंस, मीटिंग रूम होगा, जहां 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था तथा कैंटीन रहेगी। हर मंजिल पर बाथरूम, लिफ्ट व सीसीटीवी के साथ ही वाईफाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बताया गया कि नये भवन के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर फाइनल कर कार्यादेश जारी किया जा सकता है। भवन के निर्माण में करीब दो साल का समय लगेगा। नर्सिंग हॉस्टल में कार्यालय शिफ्ट अनुविभागीय व तहसील कार्यालय अस्थाई रूप से पुराने भवन के पीछे नर्सिंग हॉस्टल में शिफ्ट हो गया है।

सुविधाओं के अभाव में फिलहाल कार्यालय के सुचारू संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। फाइल व अन्य जरूरी सामानों को हटाया जा रहा है। साथ ही रंगरोगन का कार्य भी चल रहा है। ऑनलाइन सेवा शुरू नहीं होने से भी लोगों का कोई काम नहीं हो रहा है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही नए कार्यालय में कामकाज सुचारू रूप से संचालित होगा।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्ती

## रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन.2025 की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत आदेश जारी करते हुए रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगा। राजनीतिक दलों और उनके समर्थकों द्वारा चुनाव प्रचार में लाउडस्पीकरों का अत्यधिक उपयोग शांति और जनजीवन को बाधित करता है। वाहनों और स्थायी मंचों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों की तेज आवाज से विद्यार्थियों रोगियों और वृद्धजनों को विशेष रूप से



असुविधा होती है। इस कारण लाउडस्पीकर का विवेकपूर्ण और निर्धारित समय के भीतर उपयोग आवश्यक है।

चुनाव प्रचार हेतु प्रातरू 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकेगा। उपयोग के लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी से लिखित पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। शैक्षणिक संस्थानोंए चिकित्सालयों नर्सिंग होमए न्यायालय परिसर शासकीय कार्यालय छात्रावास नगर पालिका परिषदए जनपद पंचायतए बैंकोंए पोस्ट ऑफिस और दूरभाष केंद्रों से 200 मीटर की दूरी के भीतर लाउडस्पीकर का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रचार के लिए उपयोग किए जाने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र मध्यम आवाज के होंगेए ताकि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलोंए कार्यकर्ताओं और नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति और संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायती चुनाव के मद्देनजर असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु) ।पंचायती चुनाव के दौरान अधिकतर प्रत्याशियों के अपरोक्ष बढ़ावा के चलते असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के पूर्व अनुभवों के मद्देनजर माहौल खराब होने से बचाने व शांति व्यवस्था कायम रखने अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियां बिक्री सहित होने वाले जुआ जैसे असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी पुख्ता कार्यवाही की मांग को लेकर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह को ज्ञापन सौंपा है। मंदिर हसौद व आरंग थाना क्षेत्र सहित जिला के अन्य थाना क्षेत्रों में परिणाम मूलक कार्यवाही का आग्रह किया है ।

पंचायती चुनाव के दौरान असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलता है । कई प्रत्याशी इनमें लिप्त तत्वों को वोट खराब होने की आशंका में अनदेखा कर अपरोक्ष बढ़ावा देते हैं तो कई प्रत्याशी इनके सहारे चुनाव जीतने की मिथक पाले इनमें अपरोक्ष रूप से स्वयं शामिल हो लिप्त तत्वों को भी प्रोत्साहित करते हैं और ऐसे तत्वों के पकड़े जाने पर अपने राजनैतिक आकाओं के माध्यम से इन्हें छुड़वाने का प्रयास भी करते हैं । इसके चलते माहौल काफी दूषित बना रहता है और शांति व्यवस्था गड़बड़ाने के साथ - साथ कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ने की भी आशंका बनी रहती है । ग्रामीण अंचल में ग्रामों से पुलिस थाना के दूर होने की वजह से किसी अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है । पूर्ववर्ती चुनावों के दौरान की जमीनी हकीकत के मद्देनजर ऐहतियाती कदम उठाने की मांग करते हुये श्री सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात न हो पाने की वजह से उनके कार्यालय में प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक किये जा रहे कार्यवाही से पुख्ता परिणाम परिलक्षित नहीं हो रहा है । उन्होंने इन असामाजिक गतिविधियों को प्रश्रय दे चुनाव जीतने का मिथक पाले प्रत्याशियों को भी इससे भ्रमित न होने का आग्रह करते हुये कहा है कि बीते पंचायत चुनाव में बिना शराब बांटे चुनाव लड़ जीत कर दिखाने की सार्वजनिक घोषणा कर आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से चुनाव लड़ क्षेत्रीय मतदाता न रहने के बाद भी विजयश्री हासिल कर इस मिथक को तोड़ दिया था तो आसन्न चुनाव में भी इसी क्षेत्र से जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक एक प्रत्याशी ने भी हार - जीत का परवाह किये बिना ऐसे ही घोषणा की है वहीं भानसोज पंचायत से सरपंच पद हेतु चुनाव लड़ने की तैय्यारी कर रहे एक प्रत्याशी भी घर - घर जा ऐसे ही घोषणा कर ग्रामीणों के सहयोग से अवैध शराब ब्रिक्री बंद कराने का वादा कर जनसमर्थन जुटाने की जुगत में है ।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नए युवा मतदाताओं को मिला ईपिक कार्ड

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त मताधिकार लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है। मतदाता के पास यह अधिकार न केवल विधायिका के निर्वाचन में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाता है, बल्कि प्रजातांत्रिक प्रणाली को मजबूती भी प्रदान करता है। यह विचार जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

कार्यक्रम में होता ने विशेष रूप से युवा मतदाताओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगी। उन्होंने नए युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान करते हुए कहा कि उनके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी युवा निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।

# अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत

## पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत का मामला सामने आया है। यहां संदिग्ध हालत में बाघिन का शव मिला है, जिसकी उम्र करीब 4 साल बताई जा रही है। वहीं वन विभाग के अफसरों ने बाघिन की मौत की वजह आपसी संघर्ष की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार, वन परिक्षेत्र लमनी के ग्राम चिरहट्टा बिरारपानी के बीच ग्रामीण बेंदरा खोंदरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झाड़ के पास एक बाघिन को मृत देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

**जंगल के अंदर बाघ की सुरक्षा पर सवाल ?**

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगलों में वन्य प्राणी के सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लमनी रेंज के घने जंगल में दो दिन पहले बाघिन



की मौत हुई थी। इधर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को यह तक नहीं पता था कि बाघिन की मौत जंगल में हो गई है। इसकी जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों के देने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

डिप्टी डायरेक्टर यू आर गणेश ने बताया कि आपसी संघर्ष में बाघिन की डेथ हुई है, डॉक्टरों की टीम ने ऐसी आशंका जताई है कि आपसी संघर्ष में बाघिन की मौत हुई है। जिसका वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

स्थानीय पेट्रोलिंग गार्ड रेशम बैगा ने घटना की सूचना दी। जिसके बाद अधिकारियों को सूचना देने सहित घटना की पुष्टि के बाद 24 जनवरी को डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम कर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि शुक्रवार 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अंतर्गत वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ। पी।के। चन्दन और मुंगेली जिला के शासकीय पशु चिकित्सकों ने एनटीसीए के प्रतिनिधि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर के प्रतिनिधि के समक्ष पोस्टमार्टम कराया गया और नियमानुसार कार्यवाही की गई। डॉक्टरों के मुताबिक पोस्टमार्टम के दौरान गर्दन पे दांत के निशान, श्वासनली के फटने, फेफड़े की श्रृंकिंग, पूरे शरीर में खरोच का निशान पाया गया है। जंगलों में अधिकारी से लेकर वनरक्षक भी शाम होते जंगल से निकलकर मैदानी इलाके में निवास करते हैं। जानकारी के अनुसार पूरा जंगल स्टाफ पैदल बेरियल और फॉरेस्ट गार्ड के भरोसे वन्यप्राणियों की सुरक्षा का जिम्मा है। जहां उच्च अधिकारी जंगल निहारने तक नहीं जाते और जब निकलते भी हैं, तब शाम ढलने के पहले ही वापस लौट जाते हैं। जिसका फायदा वनरक्षक सहित निकले स्टाफ भी जमकर उठा रहे हैं।

**प्रति वर्ष करोड़ो रुपए खर्च करती है सरकार**

ऽझक्रमें बाघ की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए हृझ्ष्ट के गाइडलाइन अनुसार राज्य और केंद्र सरकार हर साल करोड़ों रुपए खर्च करते हैं ताकि एटीआर टाइगर को सुरक्षा प्रदान किया जा सके। लेकिन इसमें विभाग के अधिकारियों के द्वारा पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। वहीं एटीआर के अफसर बाघों की निगरानी करने के लिए बड़े-बड़े दावा करते हैं।

# सीएम सचिव ने प्रयागराज में छत्तीसगढ़ पवेलियन का लिया जायजा

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सचिव पी। दयानंद आज प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत की और सुविधाओं को लेकर जानकारी ली। वहां छत्तीसगढ़ से जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने मंडपम में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को भी व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में त्रिवेणी संगम में स्नान करने रोज करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। लोग संगम में आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही संत-महात्माओं के दर्शन कर रहे हैं। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का लाभ हर कोई लेना चाहता है। महाकुंभ में केंद्र सरकार और यू।पी सरकार ने पूरी व्यवस्था बनाई हुई है। वहीं छत्तीसगढ़ से महाकुंभ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल



पर प्रयागराज महाकुंभ में राज्य के स्थानीय लोगों के लिए छत्तीसगढ़ पवेलियन तैयार किया गया है, जिसमें राज्य के लोगों के लिए ठहरने और भोजन करने की नि:शुल्क व्यवस्था की है।

छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। छत्तीसगढ़ पवेलियन महाकुंभ मेला के सेक्टर 6 में स्थित है। यह ठीक बघाड़ा मेला के पास स्थित है जहां आने के लिए लक्ष्मी द्वार से प्रवेश करना है। यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयाग है। सड़क या हवाई मार्ग से आने वाले श्रद्धालु इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रास्ते यमुना ब्रिज क्रॉस करके यहां पहुंच सकते हैं।

**पवेलियन में दिखेगा मिनी छत्तीसगढ़**- करीब 4।5 एकड़ में फैले इस पवेलियन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति को दिखाया गया है। जिससे यहां पर आने वाले सभी श्रद्धालु, यहां तक की देश के कोने-कोने से आए लोग छत्तीसगढ़ प्रदेश को जान सकें। पवेलियन में प्रदेश के धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों, पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई है। साथ ही प्रदेश की संस्कृति, कला, खान-पान, रहन-सहन से भी लोगों को रूबरू कराया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

**29 जनवरी को होगा तीसरा शाही स्नान**- प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा) से शुरू हो चुका है और इसका समापन 26 फरवरी 2025 को होगा। महाकुंभ में श्रद्धालु अब तक दो शाही स्नान (पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति) कर चुके हैं। आगामी तीसरा शाही स्नान 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या) को आयोजित होगा।

### कोल घोटाला मामले में विनोद तिवारी सहित अन्य 4 को राहत

**रायपुर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। कोल घोटाल मामले में विनोद तिवारी सहित अन्य 4 को ईडी की अदालत ने जमानत दी है। अदालत ने बॉन्ड भरा कर केस में गिरफ्तारी से राहत दी है। इस मामले में सौम्या चौरसीया सहित कई लोग अब तक जेल में है। वहीं कोल घोटाले मेंविनोद तिवारी, पी सिंह, चंद्र देव राव, एवं एस साहू को जमानत मिल गई है।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

# निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र सशक्त होगा। मतदाता दिवस के आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय कुमार सिंह ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे देश के संविधान में निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और सशक्त निर्वाचन के लिए आज ही के दिन निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां जितने बड़े स्तर पर चुनाव सम्पन्न होता है, उतना अन्य किसी देश में शायद ही होता होगा। उसके बावजूद एक नियत समय में जल्द चुनाव




कार्य सम्पन्न होते हैं और चुनाव परिणाम भी आ जाते है। छत्तीसगढ़ में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां होने के बावजूद जिस प्रकार चुनाव सफलतापूर्वक कराए जाते हैं, इसके लिए हमारा प्रशासनिक अमला बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि पहले मतदाता पंजीकरण मेन्यूअल होता था। अब यह काफी आसान हो गया है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग के अंतर्गत नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि निर्वाचन के प्रति महिला मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में जहां पहले महिलाओं की संख्या पुरुषों कि तुलना में कम थी, वहीं इस लोक सभा चुनाव में 1000 पुरुषों की तुलना में 1024 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुए सफल निर्वाचन में फ्रंटलाइन वर्करों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ को देश मे बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का अवॉर्ड दिया गया है। इसमें हमारे प्रशासनिक अमले का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हम सभी के लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष रीता शांडिल्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं और विकास की दिशा को तय करते है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और देश के समग्र विकास में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी एस ध्रुव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

**नामांकन पूर्व विधि प्रकोष्ठ की बैठक**

# विधि प्रकोष्ठ करेगा प्रत्याशियों का पर्चा भरवाने में सहयोग, त्रुटि से बचने तैयारियां पूर्ण

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ से जुड़े तमाम वकील उपस्थित रहे विधि प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख पदाधिकारी वकीलों को बी.फार्म मिलने के बाद प्रत्याशियों का नामांकन पर्चा दाखिल करने और उसमें किसी प्रकार की त्रुटि ना रह जाए इस संबंध में जरूरी दिशानिर्देश दिए गए विधि प्रकोष्ठ के सभी सम्माननीय वकील सभी 70 वार्डो के प्रत्याशियों सहित भाजपा के अधिकृत महापौर प्रत्याशी की घोषणा होने के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में उपस्थित रहेंगे और नामांकन पर्चे की पुराण जांच कर त्रुटि सुधार जैसे सभी विषयों प्रत्याशियों का सहयोग करेंगे ।



जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी रायपुर नगर निगम चुनाव में पूरी मुस्तैदी के साथ उतरने को तैयार है हमारे सभी मोर्चा प्रकोष्ठों की बैठकों का दौर लगातार जारी है चुनावी आगाज के दृष्टिकोण से विधि प्रकोष्ठ का कार्य सबसे शुरुआती और महत्वपूर्ण होता है हमारे विधि प्रकोष्ठ का दायित्व है कि वे सभी प्रत्याशियों का नामांकन पर्चा जांचकर उसे त्रुटि रहित बनाएं जिससे भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने में किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े अथवा किसी प्रकार की त्रुटि के कारण हमारा प्रत्याशी चुनाव से वंचित ना रह जाए।

आज जिला कार्यालय में आहूत बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता छगन लाल मूंदड़ा भी उपस्थित थे उन्होंने अपने राजनैतिक अनुभव सभी वकीलों से साझा किए और उन्हें सजगता के साथ नामांकन पर्चा भरवाने में सहयोग करने हेतु उचित दिशानिर्देश दिए।

बैठक में प्रदेश संयोजक जयप्रकाश चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, बृजेश पांडेय, अकबर अली, भुवन लाल साहू, कैलाश गोस्वामी, विनोद प्रधान, महेंद्र देवांगन, राकेश चौहान, राकेश लोधी, कमल कुमार राठौर, राजकुमार शर्मा, कैलाश अगासे, देवेश कुमार शर्मा, पंकज कुमार छोटे, प्रिया अग्रवाल, आशा यादव, अनीता यादव, उमाकांत मिश्रा, ऋषभ कुमार मिस्त्री, किसुन सेन, राजकुमार गिरी, प्रांजल पाण्डेय उपस्थित रहे।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, 2 शातिर नकबजन गिरफ्तार

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने डी डी नगर अंतर्गत सूने मकान में हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान दो आरोपी युवक हिरासत में लिए गए हैं । बताया गया कि प्रार्थी आशीष ठाकुर ने थाना डी.डी.नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गणेश गार्डन के पास डी.डी नगर रायपुर में रहता है तथा कंस्ट्रक्शन का काम करता है। 4 दिसबंर की दोपहर करीबन 03.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर अस्पताल गया था कि वापस घर आकर घर के मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गया। घर के मुख्य दरवाजे को देखा तो दरवाजे की कुण्डी टूटी हुई थी। घर के अंदर कमरे में जाकर देखा तो कमरे की अलमारी खुली हुई थी एवं लकडी की अलमारी का सारा सामान कमरे में बिखरा हुआ था। अलमारी को चेक किया तो अलमारी के दराज में रखा सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान के घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखें उक्त मशरूका को चोरी कर ले गयाए कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया ।चोरी की



उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी डी.डी नगर को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना डी.डी नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र किया जा रहा था। तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि डी डी नगर निवासी वीर अभिमन्यु देवदास उर्फ मन्ना जो चोरीध्नकबजनी के कई प्रकरणों में पूर्व में जेल निरूद्ध रह चुका हैए को एक लड़के साथ घटना स्थल पास संदिग्ध अवस्था में देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वीर अभिमन्यु देवदास उर्फमन्ना की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। घटना के संबंध में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर वीर अभिमन्यु देवदास उर्फमन्ना द्वारा अपने साथी तिलक सागर सहित एक अन्य के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर तिलक सागर की भी पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 2,30,000 रूपये जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। आरोपी वीर अभिमन्यु देवदास उर्फ मन्ना एवं तिलक सागर शातिर नकबजन हैं। दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर एवं मुजगहन में चोरी नकबजनी के 01 दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है जिनमें दोनों आरोपी जेल निरूद्ध रह चुके है।

# देशी शराब के साथ 2 युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। अवैध शराब, गांजा जुआ सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैं । जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में थाना मंदिर हसौद द्वारा मुखबीर सूचना पर घटना स्थल ग्राम गुजरा छोटू ढाबा के पास से आरोपी हर्ष यादव पिता मनहरी यादव उम्र 20 वर्ष ग्राम उमरिया थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर को मो. सा. डिलक्स क. सीजी 04 एन.एस.3155 में अवैध रूप से शराब बिकी करने के प्रयोजन से शराब परिवहन करते हुए पकडे जाने पर कब्जे मे रखे कुल 30 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 5400 बल्क लीटर कीमती 3300 रूपये व मो.सा डिलक्स प्रो. कीमती 20000 रूपये जुमला कीमती 23000 रूपये जप्त किया गया। इधर एक अन्य मामले में मुखबीर सूचना पर घटना स्थल ग्राम गुजरा छोटू ढाबा के पास से आरोपी रोशन पारधी पिता स्व. अंजोरी पारधी उम्र 32 वर्ष ग्राम संकरी थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर को अवैध रूप से शराब बिकी करने हेतु कब्जे में रखे कुल 31 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 5.580 बल्क लीटर कीमती 3410 रूपये का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34;2 आबकारी एक्ट का पाये जाने से गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानजीय होने से न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय भेजा गया है।



# बिना बिल के ग्राहकों सामान देने वाली युवती हिरासत में

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने रिलायंस स्मार्ट पांइट में काम करने वाली एक युवती बीलिंग काउटर में काम करते हुए बिना बिल के ग्राहको सामान देकर ग्राहको से पैसे वसुलकर संस्थान को हानि पहुंच रही थी पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी युवती को हिरासत में ले लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी निशान कटरे पिता डाकचंद कटरे उम्र 26 साल निवासी टेकरी थाना आमगांव जिला गोंदिया हाल पता अवंति विहार मकान नंबर 3393 राजीव गांधी नगर रवि ग्राम तेलीबाधा जिला रायपुर का थाना आकर लिखित आवेदन के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी रिलायंस स्मार्ट प्वाईंट में स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। शिवानंद नगर खमतराई स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाईट में कार्य करने वाली लता रानी शर्मा को उक्त स्मार्ट प्वाईंट में कमप्युटर केश काउंटर के रूम में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया था जहां पर लता रानी शर्मा द्वारा 10 फरवरी से 15 दिसबंर 2024 के मध्य कम्प्युटर की बिलिंग के दौरान बिना स्कैनिंग किए ग्राहको को सामान देने एवं स्कैनिंग पश्चात उसको निरस्त कर ग्राहको को सामान देकर उसके विकय की राशि 89 000६ रूपये प्राप्त करके अपने उपयोग में लिया गया हैं। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर पूर्व में थाना खमतराई में धारा 316 ;2 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपिया घटना दिनांक से फरार थी जिसे आज गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।



# अवंति विहार में पार्किंग को लेकर बवाल, युवक का सिर फूटा




**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी की अवंति विहार कॉलोनी में बीती रात पार्किंग को लेकर जमकर बवाल हो गया। चार युवकों ने मिलकर एक युवक का सिर फोड़ दिया। इसके बाद उसके जख्म पर लाल मिर्च पाउडर भी डाल दिया। फिर पीड़ित पक्ष की ओर से 40.50 लोग पहुंचे और सुबह चार बजे तक बवाल होता रहा। यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना इलाके का है। मिली जानकारी के अनुसार पार्किंग को लेकर बवाल हुआ। जिसके बाद चार युवकों ने एक युवक का सिर फोड़ दिया उसके जख्म पर लाल मिर्च पाउडर डाल दिया। इसके बाद पीड़ित पक्ष से 40.50 लोग घटनास्थल पर पहुंचे। भीड़ से बचने के लिए आरोपी अपने घर में छुप गए। घर के बाहर लाठी.डंडे लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा होता रहा। सुबह 4 बजे विधानसभा थाना के सीएसपी और कई थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया।

# हत्या का प्रयास, आरोपी महिला गिरफ्तार

**रायपुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने पत्नी द्वारा पति को जला कर मारने की कोशिश करने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया कि थाना मुजगहन से एमएलसी सूचना पर थाना मुजगहन थाना क्षेत्रान्तर्गत वर्मा अस्पताल में जांच हेतु रवाना किया था जंहा पीड़ित शिव कुमार बंजारे पिता स्व कार्तिक बंजारे उम्र 48 वर्ष सा अछोली हीरानगर थाना उरला रायपुर का मरणासन कथन कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा कराया गया जो अपने कथन में बताया कि आरोपिया सूरज बाई जोशी निवासी रावांभाठा जो कि पीड़ित के दूसरी पत्नी बनाकर रखा था जो पीड़ित के पहली पत्नी रूखमणी बंजारे के पास जाने से मना करती थी तथा पैसे की मांग करती थी व पीड़ित जमीन जायदाद को अपने नाम रकने के लिये बोलती थी नही करने पर गाली गलौज कर मारपीट करती थी 14 जनवरी को पीड़ित अपनी पहली पत्नी रूखमणी से मिलकर दूसरी पत्नी सूरज बाई जोशी के पास ग्राम रावांभाठा थाना खमतराई में गया था जो पीड़ित को पैसे की मांग करने लगी व जमीन जायदाद को अपने नाम करने बोली जिसे मना कर खाना खाकर वंही सो गया था कि लगभग 11.30 बजे रात्रि को इनकी दूसरी पत्नी आरोपिया सूरज बाई जोशी जो पहले से सिलेण्डर को चालू करके रखी थी जिसे आग लगा दिया जिससे पीड़ित बूरी तरह जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिनका उपचार वर्मा अस्पताल थाना मुजगहन क्षेत्र किया जा रहा है कि आरोपिया सूरज बाई जोशी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपिया सूरज बाई जोशी को आज गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।



**संपत्ति के लालच में अपने ही पति को जला दिया था, गंभीर रूप से घायल**



# महापौर पद के लिये आज चौथे दिन भी किसी ने नहीं भरा नामांकन, पार्षदों के लिये लगी रही कतार



**दुर्ग,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के लिये आज चौथे दिन पार्षद पद के लिये नामांकन भरने वालों का कलेक्ट्रेट परिसर में तांता लगा रहा। धर्मस्थलों पर मत्था टेककर लोग अपने अपने समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में विभिन्न दलों से टिकिट मिलने की प्रत्याशा मं आज नामांकन भरते रहे।

अलबत्ता अनेक ऐसे भी अभ्यर्थी रहे जिन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र पीठासीन अधिकारी के समक्ष किया। आज नामांकन भरने का चौथा दिन रहा मगर आज भी किसी ने भी महापौर पद के लिये नामांकन जमा नहीं कराया। महापौर पद के लिये एक भी नामांकन न आने पर लोग हैरत जताते भी देखे गये। आज आदमी पार्टी के 14 प्रत्याशियों ने एक साथ शहर जिला आम आदमी के अध्यक्ष संजय सिंह एवं आईटी प्रभारी मेहरबान सिंह के नेतृत्व में नामांकन भरा। झाड़ू छाप टोपी लगाकर ये प्रत्याशी एक साथ नामांकन भरने पहुंचे। इधर स्वयं को भाजपा टिकिट के दावेदार मान रहे लोग केशरिया दुपट्टा कंधे पर रखकर अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।

**15 वार्ड आज भी रहे खाली**

**आज भरे गये नामांकन :** आज जिन लोगों ने अपने नामांकन भरे उनमें वार्ड 1 मनीष मिश्रा आम आदमी पार्टी, वार्ड 2 से हरीश सिन्हा, बलदेव सिंह साहू आम आदमी पार्टी, धन्वंतरी निषाद कांग्रेस, चमेली साहू भाजपा, वार्ड 3 नरेन्द्र बंजारे भाजपा, वार्ड 3 नरेश निषाद आम आदमी पार्टी, वार्ड 8 मोहम्मद शाहिद खान आम आदमीपार्टी, वार्ड 9 विनोद कुमार साहू आम आदमी पार्टी, वार्ड 9 ज्ञानेश्वर ताम्रकार भाजपा, वार्ड 9 विजेन्द्र भारद्वाज कांग्रेस, वार्ड 10 चंद्रशेखर चंद्राकर भाजपा, वार्ड 16 संदीप पाटिल बहुजन समाज पार्टी, जगेश कुमार यादव भाजपा, वार्ड 17 लता सेन कांग्रेस, सुरूचि उमरे भाजपा, वार्ड 18 देवनारायण चंद्राकर भाजपा, वार्ड 19 हीरा बाई कांग्रेस, वार्ड 21 विद्यावती सिंग भाजपा, वार्ड 24 शीला मानिक निर्दलीय, भारत साहू निर्दलीय, मनोज साहू भाजपा, वार्ड 25 मनीषा सोनी कांग्रेस, वार्ड 24 गीतायादव भाजपा, शबाना निशा कांग्रेस, वार्ड 30 खिलेश्वरी देवांगन कांग्रेस, वार्ड 30 सीमा मिश्रा भाजपा, वार्ड 31 मीना मानिकपुरी भाजपा, भारती सोनकर भाजपा, वार्ड 33 विजय लक्ष्मी कांग्रेस, अनिता मटियारा कांग्रेस, शशि साहू भाजपा, वार्ड 34 कन्या ढीमर कांग्रेस, वार्ड 34 शत्रुघन चक्रधारी कांग्रेस, वार्ड 42 गुड्डू साहू निर्दलीय, 35 रामरतन जलतारे कांग्रेस, वार्ड 39 गुलाब वर्मा भाजपा, वार्ड 41 रूबीना खोखर कांग्रेस, वार्ड 42 संजय सिंह भाजपा, वार्ड 42 प्रकाश गीते कांग्रेस, वार्ड 44 प्रकाश जोशी कांग्रेस, वार्ड 45 जगदीश शर्मा भाजपा, वार्ड 48 महेश्वरी ठाकुर कांग्रेस, वार्ड 49 प्रीति चंद्रभान चंद्राकर भाजपा, 50 रेखा बंजारे कांग्रेस,वार्ड 52 गुलशन गायत्री साहू भाजपा, वार्ड 55 अश्वनी निषाद कांग्रेस, वार्ड 56 बलवीर साहू निर्दलीय, वार्ड 56 भगवती प्रसाद ठाकुर आम आदमी पार्टी, 56 धनुष साहू निर्दलीय, राकेश भारती साहू, निर्दलीय, वार्ड 60 कुसुम राम मिलन सेन कांग्रेस, इनके अलावा आज भी 60 में से 15 से ज्यादा वार्ड ऐसे है जहां किसी ने भी नामांकन नहीं भरा।

# अपने मताधिकार का सही उपयोग कर, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं : संभागायुक्त

## मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ



**दुर्ग**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी दुर्ग के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। नवीन मतदाताओं ने अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य देश में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत करना है। सभी नवीन एवं पुराने मतदाताओं को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। हमारे लोकतंत्र की मजबूती और सफ्लता केवल तभी संभव है जब हर नगारिक अपने अधिकार का उपयोग करें और चुनावी प्रक्रिया में भाग लें। हम अपने वोट का सही उपयोग करके देश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। हमारा एक वोट ही सरकार बदल देता है। हमारा एक वोट एक अच्छा प्रतिनिधि भी चुन सकता है और बेकार प्रतिनिधि भी चुना सकता है। इसलिए ऐसे सरकार या प्रतिनिधि का चुनाव करें जो कि देश को विकास और तरक्की के पथ पर ले जा सकें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय चुनाव में शत.प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे। इसके साथ ही नये मतदाताओ को जागरूक करने के अलावा हर स्तर के चुनाव मे भागीदारी करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदान के लिए जागरूक करना व नये मतदाताओं को इसकी उपयोगिता बताना है। लोकतंत्र जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए शासन है। हर नागरिक को मतदान का अधिकार है और उसे इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने अवगत कराया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ईव्हीएम मशीन द्वारा किया जाएगा। महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद के दोनों के लिए वोट दिया जाना है। कार्यक्रम में स्वीप एवं निर्वाचन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 कर्मचारी, 11 नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड व प्रत्येक विधानसभा के एक.एक बीएल को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में नियुक्त प्राध्यापक नोडल अधिकारी एवं कैंपस एम्बेसडरों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव सहित विभागीय अधिकारी एवं कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी निर्वाचन आयोग द्वारा सम्मानित



**दुर्ग**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य के लिये दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को सम्मनित किया गया। आज इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त अजय सिंह ने कलेक्टर सुश्री चौधरी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाताओं की निर्वाचन में जितनी अधिक संख्या में सहभागिता रहेगी उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि कराने में सफ्लता हासिल की थी। इसके लिए उन्हें उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर छाया साहू को भी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के उत्कृष्ट संपादन के लिये सम्मानित किया गया है।

■ **सहायक प्रोग्रामर छाया साहू भी सम्मानित**

# दवा विक्रेताओं ने रक्तदान कर महादान का दिया संदेश




**दुर्ग,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीएस शिंदे के 75 वें जन्मदिन के अवसर को यादगार बनाने पूरे भारतवर्ष में दवा विक्रेताओं द्वारा रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। इस कड़ी में दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दवा विक्रेताओं ने रक्तदान कर महादान का संदेश दिया। जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव दीपक बंसल ने शिविर में प्रथम एवं अपने जीवनकाल में 72वां रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय दवा संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यह रक्तदान शिविर पूरे भारतवर्ष में एक साथ कराया जा रहा है। शिविर में 75 हजार यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए भी नामांकित करावाया गया। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में संपूर्ण केमिस्ट साथी इस रक्तदान ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विधायक दीपेश साहू का जन्म दिन उत्साह के साथ मनाया गया



**बेमेतरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सुबह से ही उनके निवास पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके चाहने वाले समाज के सभी वर्गों के शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं, अधिकारी कर्मचारियों का तांता लगा रहा। प्रदेश भर से पहुंचे हजारों लोगों ने उनसे प्रत्यक्ष रूप से भेट कर जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर भाजपाइयों ने अपने नेता के जन्मदिन को यादगार बनाने कोई कसर नहीं छोड़ी।

सुबह 12 बजे से की विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत भीमभौरी के कर्मा भवन में नगर पंचायत बेरला के कर्मा भवन में विधायक दीपेश साहू का महिला मोर्चा द्वारा उन्हें तिलक लगा कर अभिनंदन देते हुए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केट काटकर भाजपा गमछा पहनाकर बधाई दी द्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू को बधाई देने बेमेतरा जिला ही नही छत्तीसगढ़ के दूर दारज गाँव से उनके समर्थक उन्हें बधाई देने पहुंचे हुए थे, और ढोल नंगाड़े और आतिशबाजी के साथ उनके दीर्घायु की कामनना करते हुए उनका स्वागत किया द्य

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा की 23 जनवरी को जन्मदिन पर आशीर्वाद, बधाई, शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी स्नेहीजनों के प्रति हृदय की गहराइयों से मेरा आभार ।प्रदेश भर से पहुंचे विभिन्न समाजों, वर्गों, राजनीतिक दलों, समाजसेवी संगठनों, कर्मचारी संगठनों, गणमान्य नागरिकों सहित सदैव मेरे साथ रहने वाले भाजपा के मेरे सहयोगी कार्यकर्ता साथियों ने भेट कर अपना स्नेह प्रकट किया और बधाई दी। ईमेल, टेक्स्ट मैसेज, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम से सैकड़ो साथियों का बधाई शुभकामना संदेश मुझे प्राप्त हुआ है। आप सभी के अपनत्व, स्नेहपूर्ण बधाई एवं शुभकामनाएं ही मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी है। जो मुझे जीवन में उत्साह का संचार एवं बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। आप सभी की निरंतर सेवा, क्षेत्र विकास के कार्यों में आपका दीपेश साहू सदैव उपस्थित है। इस अवसर अवधेश सिँह चंदेल प्रदेश महामंत्री, पूर्व ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मतदाताओं को किया जागरूक



**बेमेतरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मागर्दर्शन एवं श्रीमती निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में आज 25 जनवरी 2025 च्राष्ट्रीय मतदाता दिवसज्का आयोजन किया गया। उक्त दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय ढोलिया, जिला बेमेतरा (छ0ग0) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर छात्राओं को उक्त दिवस के अवसर पर सचिव, श्रीमती निधि शर्मा द्वारा विशेष दिवस के अवसर कहां गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारत में चुनावों के प्रति नागरिकों की भागीदारी को बढ़ाना और लोकतंत्र को मजबूत करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी 2011 को शुरूआत किया गया था। मतदाताओं को मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए, इसके जरिए लोगों में चुनावी प्रकिया के प्रति जिम्मेदारी और संवदेनशीलता को बढ़ावा मिलता है। इसके अतिरिक्त पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, हिट एण्ड रन योजना, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम 1971 एवं आगामी लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश, सुश्री श्रुति साहू द्वारा विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी के जरिये विशेष दिवस को समझाया व सुश्री सार्विका चतुर्वेदी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, पाक्सों एक्ट के संबंध में भी जानकारी दी। दिनेश तिवारी चीफ, एलएडीसी, मोतीलाल वर्मा डिप्टी चीफ, एलएडीसी, सुश्री गीता दास असिस्टेंट, एलएडीसी, अमन दुबे असिस्टेंट, एलएडीसी, बेमेतरा द्वारा भी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बेमेतरा में नाबार्ड द्वारा तैयार की गई संभावित ऋण योजना का विमोचन



**बेमेतरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नाबार्ड द्वारा बेमेतरा जिले के लिए तैयार की गई संभावित ऋण योजना का आज जिला कलेक्टर कार्यालय में औपचारिक विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) श्रीमती अंशु गोयल, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्री ठाकुर और कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। विमोचन के दौरान, डीडीएम नाबार्ड श्रीमती अंशु गोयल ने इस दस्तावेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस योजना में बेमेतरा जिले के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण की संभावनाओं का आकलन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योग और अन्य संबंधित क्षेत्रों में वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले ऋण की संभावनाओं का कुल अनुमान लगभग ?3,250 करोड़ का किया गया है। यह योजना बैंकों और सरकारी विभागों को जिले की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

एलडीएम श्री ठाकुर ने बैंकों की भूमिका पर चर्चा करते हुए बताया कि बेमेतरा जिले में प्राथमिकता क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को सुदृढ़ करने के लिए बैंकों और सरकारी विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कक्क के माध्यम से बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्रों में ऋण देने में मदद मिलेगी, जिससे किसानों और अन्य लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस योजना को किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के समापन पर जिला कलेक्टर कार्यालय की ओर से सभी उपस्थित अधिकारियों और नाबार्ड का धन्यवाद किया गया। साथ ही, इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित संस्थाओं से समर्पित प्रयासों की अपेक्षा की गई, ताकि जिले की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा मिल सके।

# नामांकन को दो दिन शेष, कांग्रेस भाजपा की सूची जारी न होने से बढ़ी बैचेनी

**दुर्ग,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग चुनाव में नामांकन पत्र भरने के लिये अब रविवार अवकाश को छोड़कर मात्र दो दिन ही शेष रह गये है मगर अभी तक कांग्रेस व भाजपा दोनों प्रमुख दलों में से किसी ने भी अपने महापौर सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों की अधीकृत सूची जारी नहीं की गई है। स्थानीय स्तरीय पर क्षेत्रीय सांसद विधायक मंडल व ब्लाक पदाधिकारियों से लगातार रायशुमारी बाद दोनों दलों के पदाधिकारियों ने प्रत्याशियों की सूचियां प्रदेश संगठन को सौंप दी है। अब अधीकृत तौर पर प्रदेश मुख्यालय से ही महापौर व पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होनी है। इन सूचियों में प्रदेश स्तर से ही किचिंत फेरदबदल होने की संभावना मानी जा रही है इसलिये स्थानीय नेताओं में भी उत्सुकता देखी जा रही है कि प्रत्याशियों की अंतिम सूची कब जारी होगी। प्रदेश भाजपा ने आज संध्या गरियाबंद व राजनांदगांव जिलों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। संभव है कि आज देर रात तक या कल दुर्ग सहित अन्य जिलों की सूची जारी कर दी जायें। इससे प्रत्याशियों को नामांकन भरने के लिये दो दिनों का समय मिल जायेगा। भाजपा की तरह कांग्रेस में भी कमोबेश यही स्थिति चल रही है। पार्षद व महापौर पद के लिये बकायदा पेनल रायपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हवाले कर दिया गया है।

गत रात्रि वोरा निवास में प्रत्याशियों के नाम पर घंटों बैठक चली। आज दोपहर को 4 बजे से राजीव भवन में बैठक प्रस्तावित थी मगर एकाएक बैठक स्थगित कर पूर्व विधायक अरूण वोरा, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल अपनी पूरी टीम के साथ रायपुर चले गये है। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष गया पटेल एवं पूर्व विधायक श्री वोरा के अनुसार आज देर रात या कल 26 जनवरी की शाम तक सूची जारी कर दी जायेगी।

आज पूरे दिन दोनों ही दलों में अनुमानों, अटकलों के साथ ही अफवाहों का दौर भी जारी है। लोग एक दूसरे से इसे लेकर कन्फर्म भी करते नजर आये। इस संबंध में देशबन्धु प्रतिनिधि ने जब जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक से मोबाईल पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि दुर्ग जिले द्वारा भेजी गई सूची पर भाजपा की संभागीय चुनाव समिति बैठक में मंथन जारी है। इस बारे में जिले के किसी भी नेता को कुछ भी नहीं मालूम है। जिले के सभी नेता अंतिम सूची के जारी होने का इंतजार कर रहे है। सूची आज रात तक जारी होने की संभावना है। शहर जिला अध्यक्ष गया पटेल व पूर्व विधायक अरूण वोरा ने भी कहा है कि मामला प्रदेश कांग्रेस के पास है। अब वहीं से अधीकृत सूची जारी होगी।

**महापौर को लेकर सर्वाधिक उत्सुकता**

**महापौर पद के लिये सर्वाधिक कश्मकश :** जहां तक पार्षदों की सूची का प्रश्न है तो कांग्रेस व भाजपा दोनों में यह तय माना जा रहा है कि आरक्षण की चपेट में आने से बच गये लगभग सभी सिटिंग पार्षदों की टिकिट बहाल हो जायेगी। भाजपा में आंशिक फेरबदल की संभावना है। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है तो वहां भी अनुमानों व अटकलों का कोहरा ज्यादा घना है क्योंकि इस बार प्रत्याशी चयन में कांग्रेस गत विधानसभा व लोकसभा चुनाव में पार्षदों के फरमारमेंस को भी देख रही है। इसलिए कांग्रेस की बैठकों मे पूर्व विधायक अरूण वोरा व छाया सांसद राजेन्द्र साहू भी बैठ रहे है। इसके बावजूद कांग्रेस के भी अधिकांश पार्षदों को हरी झंडी दे दी जायेगी।

जहां तक महापौर का प्रश्न है तो भाजपा में दो दर्जन कार्यकर्ता इस पद के दावेदार है। कांग्रेस में भी दर्जन भर लोगों ने दावा किया है। भाजपा में पूर्व पार्षद कुमुद बघेल, डॉ.चंद्रकला खिचरिया, व अलका बाघमार के नामों को लेकर ज्यादा संभावना व्यक्त की जा रही है। इनमें से किसी एक नाम पर आम सहमति बनने की संभावना ज्यादा दिखाई पड़ रही है। सूत्रों की मानों तो डॉ. मानसी गुलाटी भी ज्यादा जोर लगा रही है।

कांग्रेस का जहां तक प्रश्न है तो वहां भी रामकली यादव, प्रेमलता तेखन साहू, डॉ. कल्पना देशमुख के नाम ज्यादा मजबूती से चर्चा में है। सत्यवती वर्मा को लेकर पहले ज्यादा आशा जताई जा रही थी मगर आर.एन.वर्मा के द्वारा संतराबाड़ी से अपने नाम का नामांकन मंगा लेने के बाद उनके नाम की चर्चा में विराम लग गया है।



# जगह-जगह लहराएगा शान से तिरंगा

**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी जोन कार्यालय में ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे जोन के जोन अध्यक्ष, पार्षद एवं जोन के सभी अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में किया जायेगा। तत्पश्चात प्रातः 8: बजे मुख्य कार्यालयए 8:30 बजे यूनियन कार्यालय आकाश गंगा, 9 बजे खुर्सीपार श्रीराम वाटिका गौतम नगरए 9:30 बजे नेहरू नगर चौक एवं 10 बजे शहीद उद्यान सेक्टर 05 में ध्वजारोहण किया जायेगा। जिसमें महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी सदस्य समस्त पार्षद, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जायेगा। आयुक्त ने अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किये है, कि निगम क्षेत्र के सभी सभी चौक चौराहा की साफ सफाई हो, महापुरूषो की प्रतिमाओं की सफाई, घुलाई होस माल्यापर्ण हो, प्रमुख जगहो पर देशभक्ति के गीत बजाये जावें। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी नागरिको से अपील की है। सभी नागरिक अपने घर पर एक राष्ट्रीय ध्वज अवश्य लगाये एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान प्रदान करें।



**जयंती स्टेडियम में फहरायेंगे राष्ट्रीय ध्वज**

भिलाईनगर। संयंत्र में 26 जनवरी को जयंती स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रातः 9 बजे बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड की सलामी लेंगे और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रातः 8 बजे संयंत्र भवन में कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्सद्वए संयंत्र के इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं रिफ्रेक्ट्री स्टोर में कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन द्वारा, एल एंड डी सेंटर में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन द्वारा सीईजेड कॉम्पलेक्स में कार्यपालक निदेशक खदानद्व द्वारा, एक्सपांशन भवन में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक रावघाट द्वारा, नगर सेवाएं विभाग में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सभी विभागों में विभागप्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। साथ ही इस्पात क्लबों में संबंधित क्लब के अध्यक्षों द्वारा तथा विद्यालयों में विद्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। संयंत्र के सभी खदानों में संबंधित खदान प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर-9 एवं मरीजों को फल वितरण भिलाई महिला समाज द्वारा किया जाएगा।

# रात्रि गश्त के दौरान 18 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 24-25 जनवरी की दरम्यानी रात्रि को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा रात्रि गश्त के दौरान भारी वाहनो को चेक किया गया। गश्त के दौरान भारी वाहनो को चेक करने पर शराब पीकर-3, ओवर लोड-2 एवं ओवर हाईट-1 तथा 12 अनावश्यक दो पहिया वाहन में घूमने वाले पर कार्यवाही की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर निरीक्षक यातायात जोन दुर्ग द्वारा भारी वाहनो के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, के निर्देशानुसार तथा सुश्री ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायातद्व एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विंध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा निरंतर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का प्रयास किये जा रहा है। रात्रि गश्त के दौरान दुर्ग भिलाई का भ्रमण करते समय कुम्हारी क्षेत्र में भारी वाहनो को चेक किया जिसमें भारी वाहनों में कमियां पाई गई जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर निरीक्षक यातायात जोन दुर्ग द्वारा भारी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा ओवर लोड, ओवर हाईट, बिना हेलमेट एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले पर कार्यवाही कर वाहन जप्त किया गया साथ ही ऐसे दो पहिया वाहन चालक जो रात्रि के समय अनावश्यक घूमते पाये गये उन पर बिना हेलमेट की कार्यवाही करते हुए समझाईस दी गई।



**गार्ड को कार से ठोकर मारने वाला गिरफ्तार**

भिलाईनगर। सुपेला पुलिस द्वारा बीति रात्रि कार से ठोकर मारकर गार्ड को घायल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रार्थी दीपक आसटकर 23 वर्ष साकिन चौहान ग्रीन वेली ब्लाक बी 6 जुनवानी स्मृति नगर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीबन 1.45 बजे घटना स्थल चौहान ग्रीन वेली मेन गेट जुनवानी चौकी स्मृतिनगर में आरोपी कार सीजी 07 बीजे 8877 का चालक सचिन सिंह राजपूत रात्रि लगभग 1 बजे चौहान ग्रीनवैली गेट से बाहर जा रहा था तो गेट पर ड्यूटी पर तैनात गार्ड गनपत साहू के द्वारा गेट पर रोकने का प्रयास किया तो सचिन सिंह राजपुत चिल्लाते हुए बोला कि अभी जा रहा हूं वापस आते समय अगर गेट बंद मिला तो तुझे गेट सहित उड़ा दूंगा बोलकर अपनी कार को तेजी से चलाते हुए निकल गया। लगभग 1 सप्ताह पूर्व भी सचिन सिंह राजपुत की गाडी को रोक कर गार्ड गनपत साहू ने स्वयं का नाम एवं गाड़ी का नंबर रजिस्टर में एंट्री कराने बोला गया था जिस पर सचिन सिंह राजपुत वाद विवाद कर गनपत साहू को दुबारा मेरी गाडी को रोका तो गंभीर परिणाम की धमकी दिया था कि उसी रात लगभग 1.45 बजे एक कार को जुनवानी की ओर से चौहान ग्रीन वेली अंदर की ओर आते देख कर गार्ड गनपत साहू गेट को खोलने के लिये गेट के पीछे खडा था कि कार चालक सचिन सिंह राजपुत अपने वाहन को जान से मारने की नियत से जानबूझ कर तेज गति से चलाते हुए लाकर लोहे के गेट को जोरदार ठोकर मारा जिससे लोहे का गेट गनपत साहू की छाती में लगा तथा गनपत साहू के दोनो पैर गेट में फंस गये तथा गनपत साहू गेट सहित खसीटते हुए दीवार से टकराकर गेट में दब गया था एवं सचिन सिंह राजपूत तेजी से कार सहित मौका से भाग गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा तत्काल आरोपी सदर की पतासाजी हेतु निर्देश का पुलिस अधीक्षक के निर्देश सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के परिपालन व सत्य प्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के मार्गदर्शन में थाना सुपेला प्रभारी राजेश मिश्रा एवं चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरविन्दर सिंह संधू द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए चौहान ग्रीनवैली म आरोपी सचिन सिंह राजपूत को पुलिस अभिरक्षा में लेकर चौकी स्मृतिनगर लाकर पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त कार जप्त कर आरोपी को धारा 109 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर गि उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरविन्दर सिंह संधू, सउनि उत्तम कुमार साहू, प्रधान आरक्षक मो.अहफाज खान. पंकज चौबे, अनुप कुमार साहू आरक्षक तुषार छदैया, जी. लक्ष्मीनारायण, कौशलेन्द्र सिंह का विशेष योगदान रहा

# डीएवी स्कूल हुडको ने मनाया वार्षिकोत्सव



**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल आमदी नगर हुडको में वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसका ध्येय वाक्य खुशहाल भारत की संकल्पनाओं को दृढ़ता पूर्वक स्थापित करना रहा। इस वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस में जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अखंड भारत की एकता, संस्कृति, सभ्यता, प्रेम भाव और सौहार्द को जीवंत रूप प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेत्र अ छत्तीसगढ़ व डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा पचौरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग, विशेष अतिथि सोनल कुमार गुप्ता सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, अन्य अतिथियों में अवनि भूषण पुरंग मंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा, आर्य विद्यालय सेक्टर 6 के प्रधान सुरेन्द्र गुप्ता परमवीर भल्ला, श्रीमती प्रियंका शुक्ला प्राचार्या डी.ए.वी इस्पात सेक्टर-2 थे। अतिथियों को गुलदस्ता स्मृति चिन्ह भेंट की। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत स्वागत नृत्य के साथ हुई। स्कूली बच्चों ने नृत्य पेश कर मंत्र मुग्ध कर दिया। खेलेगा इंडिया एथलेटिक स्पिरिट का सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रशांत कुमार ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को यथोचित साधनों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ अन्य सभी क्रियाकलापों भाग लेने लिए प्रेरित करना रहा है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय में प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनको पढ़ाई कराई जा रही है। यही कारण है कि तेजी से इन बच्चों के पढ़ाई के स्तर में सुधार हो रहा है। विशेष अतिथि सोनल कुमार गुप्ता द्वारा एल.के.जी. यूकेजी और दूसरी के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा तीसरी, चौथी और पाँचवी के छात्र-छात्राओं ने सतर्कता विषय पर हिंदी नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी और चौथी के छात्र छात्राओं द्वारा समृद्धि भारत विषय पर एक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती प्रज्ञा पचौरी द्वारा कक्षा चौथी, पाँचवी और छठवीं के बच्चों की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें पुरस्कृत करते हुए अपने संबोधन में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ.साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इसलिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। इससे छात्रों का मन पढ़ाई करने में अधिक लगता है साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से यह अपील की है कि बच्चों को मोबाईल से दूर रखें और उन्हें सामाजिक वातावरण से जोड़ने लिए प्रेरित करने को कहा। कक्षा तीसरी से छठवीं तक के विद्यार्थियों ने हमें लिखना पढ़ना है सभी के लिए शिक्षा पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद हेड ब्वाय प्रियांश मेश्राम ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हुडको, भिलाई के इस वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती जिन जयकांत और श्रीमती मुनमुन नंदा ने किया। वैदिक शांति पाठ व राष्ट्र गान के साथ वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस समापन किया गया।

# इंटेक करेगा सांस्कृतिक विरासतों के लिए जनजागरण



**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। इंटेक द्वारा जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारत की सांस्कृतिक विरासत, छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं, परंपराओं, पर्वों आदि से संबंधित जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया जावेगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से स्थापित हेरिटेज क्लबों का पुनर्गठन कर सक्रिय बनाया जाएगा, हाना-पोस्टर, पेंटिंग व क्विज स्पर्धाओं का आयोजन किया जावेगा। हेरिटेज वॉक, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, आभूषणों, व्यंजनों के साथ साथ पुराने सिक्कों व डाक टिकटों के संकलन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने की। बैठक का संचालन करते हुए अध्याय की संयोजिका डॉ हंसा शुक्ला ने अध्याय कि गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ डी एन शर्मा, प्रसिद्ध व्यंग्यकार विनोद साव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ रजनी नेलसन, साहित्यकार विद्या गुप्ता, प्रसिद्ध चित्रकार महेश चतुर्वेदी तथा डॉ सुनीता वर्मा, प्रज्ञा सिंह, कांति भाई सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता बी पोलम्मा, महेंद्र देवांगन, विश्वास त्तिवारी, इजा नेलसन पाल तथा आशीष गौराहा सहित सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रो. डी.एन. शर्मा ने दी है।

# हास्य के नाम पर परोसी जा रही फूहड़ता : चौबे



**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कला मंदिर भिलाई में राष्ट्रीय चेतना न्यूज़ चैनल के शुभारम्भ एवं अखिल भारतीय कवी सम्मलेन का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर नीरज पाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप म वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध ने बदलते समय में पत्रकारिता के स्वरूप और सोशल मीडिया के प्रभाव गुणवत्ता तथा गुण दोषों पर विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ शिक्षाविद आई पी मिश्रा तथा महापौर नीरज पाल ने भी सभा को सम्बोधित किया। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर विशेष रुप से उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल आधीरात को कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीत मोर संग चलौ जी की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया। राजीव चौबे द्वारा नेताजी जयंती पर कवी सम्मलेन का आयोजन पिछले लगभग 10 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। कला मंदिर में आयोजित इस समारोह में बॉर्डर सेक्यूरिटी फॉर्स के तीन डी आई जी रतन लाल बागड़ी, विपुल मोहन बाला तथा बक्सराज कौशल अपनी पूरी यूनिट के साथ विशेष तौर उपस्थित रहे कवि सम्मलेन में ओज के शीर्ष स्वर डॉ हरिओम पंवार, हास्य के सशक्त हस्ताक्षर डॉ प्रवीण शुक्ला, गीतकार डॉ रुचि चतुर्वेदी एवं युवा गीतकार भरत द्विवेदी शामिल हुए। संचालन राजीव चौबे ने किया। श्री चौबे ने इस अवसर पर कहा कि हास्य के नाम पर परोसी जा रही फूहड़ता के खिलाफ यह उनका रचनात्मक अभियान है। मंचस्थ सभी कवियों ने विशुद्ध कविता और गीतों के माध्यम से ही अपनी बात रखी। राजीव चौबे ने जहां चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु के शौर्य का वर्णन किया वहीं डॉ हरिओम पंवार ने विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, सरकार से अपनी अपेक्षाओं को आवाज दी, साथ ही उन्होंने नए दौर के भारत का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली के सिंहासन पर अब शेर बैठा है। डॉ प्रवीण शुक्ला ने अपने चिरपरिचित अंदाज में लोगों को गुदगुदाया। डॉ रुचि ने सरस्वती एवं मां भारती के यशोगान से कार्यक्रम का शुभारंभ। युवा कवि गीतकार भरत द्विवेदी रहे। उन्होंने अपनी रचनाओं और प्रस्तुतियों के द्वारा न केवल श्रोताओं का बल्कि मंच का भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

# फूड फेस्टिवल में ड्राइंग-गायन स्पर्धा

**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भिलाई बंगाली समाज द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर आपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ड्राइंग प्रतियोगिता और गायन स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान, फूड फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। भिलाई बंगाली समाज द्वारा ड्राइंग और छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 11 और 12 जनवरी को किया गया था। ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 900 बच्चों ने हिस्सा लिया था। दो दिन तक फूड फेस्टिवल का भी लोगों ने जमकर आनंद उठाया। यहां बंगाली समाज के व्यंजनों सहित आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि के स्टाल लगाए गए थे। जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। इस वर्ष महिलाओं ने बड़ी संख्या में स्टाल लगाए थे। लोगों द्वारा खाने पीने की सामानों की जमकर खरीदारी की गई। गायन स्पर्धा के विजेता प्रतिभागी ग्रुप ए में स्वीटी मैती प्रथम प्रिशिता उमरे, द्वितीय आराध्या त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रही। जगोसेनी सान्याल, अरुंधति रॉय और पी ज्ञानवी आद्या को सांत्वना पुरस्कार। ग्रुप बी में प्रथम कार्तिका तिवारी, सौम्यजीत चक्रवर्ती द्वितीय, अक्षिता प्रसाद तीसरे स्थान पर रहे। संचली दास, शिरसाजीत संतरा और सोनाक्षी बिस्वास को स्वांतना पुरस्कार। ग्रुप सी में प्रथम आकृति दत्ता, अन्वेषा गुप्ता द्वितीय, निधि दत्ता तीसरे स्थान पर रही। अनन्या साहू सांत्वना पुरस्कार। ग्रुप डी में प्रथम निमित मटियारा, श्रुति साहा घोष द्वितीय, लवली पॉल तीसरे स्थान पर रही। अस्मिता मुखर्जी और तारा शंकर दत्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ग्रुप ए में प्रथम अंशिका मिश्रा, द्वितीय हेमांशी मानिकपुरी और अंशिका शाह रही। ग्रुप बी में प्रथम आरुषि यादव, द्वितीय रैना दे सरकार और सियोना सेन तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप सी में प्रथम तनीशी गुप्ता , द्वितीय हर्षिता मिश्रा और आकांक्ष शाह तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप डी में प्रथम नव्या जैन, द्वितीय ए रिशिक और महक मस्के तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा इन सभी ग्रुपों में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।



# मतदाता जागरूकता को लेकर आयुक्त न दिलाई शपथ



**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस परिपालन में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। नगर पालिक निगम भिलाई में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी हो चुकी है। जिसको देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में सभी अधिकारी कर्मचारियो की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भिलाई क्षेत्र में वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड एवं 35 शारदा पारा केम्प-2 में पार्षद चुनाव कराया जा रहा है। जिसके लिए नागरिको को अपने-अपने वार्ड में प्रत्याशियों का चयन करने मतदान कराया जाना है। आयुक्त पाण्डेय ने दोनो वार्ड के बूथ का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियो को दे दिये है। जिससे मतदान करने आये हुए नागरिको को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। वार्ड के अधिक से अधिक नागरिको को अपना मद देने प्रोत्साहित करना है। जिससे नागरिक अपने मत का सही उपयोग कर अपने पसंद का अपने वार्ड का प्रत्याशी का चयन कर सके। इस बार निगम का लक्ष्य है 100 प्रतिशत मतदान करेंगे।

# खुले में मांस मटन विक्रय पर कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मटन, चिकन, मछली अवैध रूप से विक्रय करने वालो पर निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किये है, कि अपने-अपने जोन स्तर पर टीम गठित किया जावे। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की जाती है, कि अवैध रूप से चोरी छिपे मांस, मछली आदि का विक्रय उनके क्षेत्र में किया जा रहा है। जबकि नगर निगम भिलाई द्वारा इसके लिए पूर्व से ही आरक्षेत परिसर सुपेला, पावर हाउस, खुर्सीपार आदि जगहो पर स्थान निर्धारित किया गया है। वहीं पर विक्रय किये जाने की अनुमति है। विक्रय करने से पूर्व शासकीय नियमो का पालन करना आवश्यक है। कहीं पर भी दुकान लगाकर बेचना, कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करें। जो भी दुकानदार खुले में मांस विक्रय करते दिखे तो उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करते हुए सामग्री को जप्त किया जावे। आज जोन 1 एवं 3 में कार्रवाई करते हुए 1800 रूपये का अर्थदण्ड लेकर रसीद दी गई एवं विक्रय करने वाले स्थान से हटवाया गया। शासन के दिशा निर्देशो के अनुसार जिस दिन मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगा हो। उस दिन कोई भी दुकानदार मांस विक्रय न करें। शासन के नियमो का उल्लंघन करने वालो पर शक्ति से कार्यवाही की जाएगी कहीं पर भी मांस मछली विक्रय करना पूर्णता प्रतिबंधित है। कार्यवाही करने हेतु जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी आदि को अधिकृत किया गया है वे सभी अपन-अपने दल के साथ कार्यवाही करते हुए इसका प्रतिवेदन स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को प्रस्तुत करेंगे।

# जामुल नगर पालिका में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्राप्त आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद जामुल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में वरिष्ठ उपअभियंता के.एन. ताम्रकार, राजस्व अधिकारी हरीश साहू, लेखापाल आशा जंघेल, महेन्द्र परगनिहा, रामू देवांगन, नरेन्द्र मढ़रिया श्यामरतन पटेल, हर्षा मेहरा, बशीर खान, राम खिलावन, सेन कुमार सोनवानी, तुकेश सेन, देवकुमार वर्मा, भानू चौहान, टिकेन्द्र साहू, भागवत निर्मलकर, हीरो बाई, बिन्दु साहू सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। नगरीय निकाय, पंचायत तथा सरपंच चुनाव को लेकर प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद है। चुनाव शान्ति पूर्वक हो इसकी पुरी तैयारी की जा चुकी है। चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करे, इसके लिये चुनाव के प्रति लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है।



# बीएसपी के कर्मचारी दीर्घ सेवा से सम्मानित

**भिलाईनगर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सेल की सभी इकाइयों में सेल स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करने वाले कुल 65 कार्मिकों और अधिकारियों को एक संयुक्त आयोजन में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रतिष्ठित लॉन्ग सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कार्मिकों और अधिकारियों को 25 वर्ष की कार्यसेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है। इस अवसर परए मुख्य अतिथि सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में बीएसपी के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति मेंए 65 कार्मिकों और अधिकारियों को पुरस्कार के रूप में प्रशंसा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन, पवन कुमार कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक खदान बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार उपस्थित थे। साथ ही ऑफिसर्स एसोसिएशन यूनियन एवं संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष कर्मी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि सेल के 52 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, इस लिहाज से आप लोगों ने अपने जीवन का लगभग आधा समय यहाँ योगदान दिया है। आने वाली पीढ़ी को अपना अनुभव और ज्ञान प्रदान करेंगे और सेल की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, और देश के विकास के लिए, इस्पात बहुत ज़रूरी है। इसलिए विकास में इस्पात उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आपसे अपेक्षा है कि आप अपने अनुभवों का लाभ संस्थान को दें। अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी के स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि आप स्वस्थ हैं तो संयंत्र भी स्वस्थ और सुरक्षित रहेगा। संयंत्र जितना सुरक्षित होगाए उतना उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने पुनः बधाई देते हुए सभी सम्मानितों के परिवारों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।



**कल से प्रारंभ होगा पंचायत चुनाव का नामांकन**

**बिलाईगढ़,** 25 जनवरी(देशबन्धु)। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत के सदस्य का नाम निर्देशन (नामांकन) की तैयारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में की गई है। इसके लिए कलेक्टर न्यायालय और अपर कलेक्टर न्यायालय कक्ष तक बेरिकेटिंग की जा चुकी है।



# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन : जनपद पंचायत बेमेतरा में नाम निर्देशन प्रक्रिया के विस्तार पर चर्चा



**बेमेतरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत के वार्ड पंच और सरपंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र लेने के लिए जनपद पंचायत बेमेतरा में व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए 10 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसके लिए 10 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (ए.ए.आर.ओ) की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक ए.ए.आर.ओ के सहयोग के लिए एक मास्टर ट्रेनर सहित तीन-तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आज जनपद पंचायत बेमेतरा की रिटर्निंग ऑफिसर, श्रीमती दिव्या पोटाई के मार्गदर्शन में सभी ए.ए.आर.ओ और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की हिदायत दी गई। नाम निर्देशन पत्र लेने से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत पत्रों की बारीकी से जांच करने पर जोर दिया गया ताकि किसी भी त्रुटि को तुरंत सुधारा जा सके।

नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया

वार्ड पंच पद- सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 4 क में भरना होगा, और इसके लिए 50 रुपए जमा करना होगा। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 25 रुपए निर्धारित किया गया है।

**सरपंच पद-** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रारूप 4 ख में नाम निर्देशन पत्र भरना होगा, जिसके लिए 1000 रुपए जमा करने होंगे। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और महिला अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 500 रुपए होगा। साथ ही, सरपंच पद के अभ्यर्थियों को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वार्ड पंच पद के लिए ग्राम पंचायत के किसी भी वार्ड का अभ्यर्थी प्रत्याशी हो सकता है, लेकिन प्रस्तावक का संबंधित वार्ड से होना अनिवार्य होगा।

नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु ग्राम पंचायत छिरहा, उमरिया, खंडसरा, झाल, बालसमुद, चंदनू, बावामोहतरा, जेवरा, बीपीआरसी भवन, और जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष को केंद्र बनाया गया है। जनपद पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु कार्यालय जनपद पंचायत के कक्ष क्रमांक 1 को केंद्र निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक, दोपहर 3 बजे तक। एवं संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बेमेतरा के सभा कक्ष में।

**नाम वापसी-** 6 फरवरी 2025 को संबंधित सेक्टर में नाम वापसी की जा सकेगी, जिसके बाद प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इस प्रशिक्षण सत्र में जनपद पंचायत बेमेतरा के ए.आर.ओ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नवीन कुमार और राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख भी उपस्थित थे।

# संस्थापक सदस्य राजकुमारी उषादेवी सिंह को विवि परिवार ने दी श्रद्धांजलि



**खैरागढ़,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की संस्थापक सदस्य राजकुमारी उषादेवी सिंह के निधन पर विश्वविद्यालय परिवार ने शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गुरूवार 23 जनवरी को विश्वविद्यालय के कैम्पस-01 स्थित ग्रंथालय के सामने विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन करते हुये श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, अधिष्ठातागण प्रो.डॉ.मृदुला शुक्ल, प्रो.डॉ.राजन यादव, प्रो.डॉ.नीता गहरवार, प्रो.डॉ.नमन दत्त, डॉ.योगेन्द्र चैबे, प्रो.डॉ.देवमाईत मिंज व सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्राध्यापकगण व कर्मचारीगण सहित विद्यार्थी-शोधार्थी उपस्थित रहे।

**राजकुमारी उषादेवी सिंह के नाम से है विवि का ग्रंथालय**

विश्वविद्यालय के संस्थापकद्वय राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी की ज्येष्ठ सुपुत्री राजकुमारी उषादेवी सिंह के योगदान को दृष्टित रखते हुये विश्वविद्यालय के ग्रंथालय का नामकरण उनके नाम पर किया गया राजकुमार उषादेवी सिंह का जन्म 1936 नागपुर में हुआ था वे स्व.वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं पद्मावती देवी की सबसे बड़ी पुत्री थी, उनके बाद स्व.राजकुमारी इंदिरा थी जिनके नाम से विश्वविद्यालय की स्थापना की गई उनके बाद राजकुमारी शारदा देवी एवं दो पुत्र राजकुमार रविन्द्र बहादुर सिंह एवं राजकुमार शिवेन्द्र बहादुर सिंह हुये राजकुमारी उषादेवी सिंह को संगीत, उपन्यास तथा धार्मिक पुस्तक पढ़ने में रूचि थी उन्होंने अपने पास मौजूद पुस्तकों में से अधिकांश पुस्तकें विश्वविद्यालय के ग्रंथालय के लिये दान कर दिया ताकि विद्यार्थियों को उसका लाभ मिल सके।

# नपं परपोड़ी में एक भी नामांकन जमा नहीं हुआ




**परपोड़ी,** 25 जनवरी। परपोड़ी नगर में नगर पंचायत चुनाव हेतु नाम निर्देशन फॉर्म 22 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है, 22 जनवरी से 25 जनवरी 3 बजे तक नगर के लिए अध्यक्ष पद हेतु केवल 7 फॉर्म अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं जिसमें अश्वनी गोस्वामी, मुस्ताक खान, विजय दुबे, समसू खान, नबी खान, संदीप सिंह राजपूत, चंद्र प्रकाश मिश्रा के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया है लेकिन जमा अभी तक नहीं किया गया। पार्षद के लिए कुल 25 फॉर्म लिए गए हैं पार्षद पद हेतु भी एक भी फॉर्म अभी तक जमा नहीं हुए है, नगर में रिटर्निंग ऑफिसर चांदनी देवांगन एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर रत्नेश ठाकुर जी है।

# अंग्रेजी शराब दुकान के पास ट्रक और ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत



**गुरुर,** 25 जनवरी (देशबन्धु) नेशनल हाईवे 930 गुरुर में अंग्रेजी शराब दुकान के पास ट्रक और ट्रैक्टर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में ट्रक का सामने वाला हिस्सा को क्षति पहुंचा है तो वही ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए हैं।

यह घटना शनिवार को दोपहर की बताई जा रही है। शाम 6-30 गुरूर थाना से जानकारी के मुताबिक इस घटना में अभी तक किसी भी पक्ष से मामला दर्ज नहीं कराया गया है। घटना स्थल से जानकारी के मुताबिक ट्रक धमतरी की ओर से बालोद की तरफ एवं तेज रफ्तार ट्रैक्टर बालोद से धमतरी की ओर जा रही थी तभी नेशनल हाईवे 930 गुरुर में अंग्रेजी शराब दुकान के पास पहुंचे थे कि दोनों वाहन आमने-सामने से टकरा गये।

बाल-बाल बचे वाहन चालक

इस घटना में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही बताई जा रही है। ट्रैक्टर के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को टक्कर मारने की जानकारी मिली है।

घटना के बाद मुख्य मार्ग में राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई थी, जहां दोनों वाहन चालक के सुरक्षित होने की जानकारी पर सभी ने राहत की सांस ली। बता दे कि यहां नेशनल हाईवे 930 मुख्य मार्ग किनारे अंग्रेजी शराब दुकान संचालित की जा रही है, जहां शराब खरीदने के लिए पहुंचने वाले लोग अपनी वाहनों को गलत तरीके से मुख्य मार्ग किनारे पार्किंग करने लगे हैं ऐसे में मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को आने-जाने में असुविधाएं होने लगी है। यहां हर पल अनहोनी की आशंका बढ़ती जा रही है, इसके पूर्व भी यहां कई बार इस तरह दुर्घटनाएं हो चुकी है ऐसे में अब अंग्रेजी शराब दुकान को अन्यत्र जगह शिफ्ट करने की मांग नगर वासियों ने स्थानीय प्रशासन से की है।

# भाजपा सरकार की रीति नीति से युवा वर्ग में निराश : अधिवक्ता सुरेश



**खैरागढ़,** 25 जनवरी। अधिवक्ता सुरेश साहू ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा एवं कांग्रेस के नीति रीति से युवा वर्ग काफी निराशा है सरकार की तमाम नीतियां, समाज के खिलाफ है, जिनके कारण युवा वर्ग बेरोजगार, बेबस और भारी निराश है. श्री साहू ने कांग्रेस एवं भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए सरकार को शिक्षा और रोजगार के प्रति दिशाहीन बताया साथ ही युवाओं को लघु व्यवसाय अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उपक्रम से ही पहचान, सुख-साधन और मजबूती आती है आदमी की पहचान उनके नाम से नही बल्कि काम से होती है शिक्षा और रोजगार न होने से युवा वर्ग मनोरंजन, नसाबाज, अवैध गतिविधि की तरफ जा रहा है, भविष्य में यह सबसे बड़ा सामाजिक संकट और अपराध का कारण बनेगा इस ज्वलंत विषय पर हमको आपको, समाज को और सरकार को ध्यान देना होगा।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ने की प्रत्याशी घोषित

**पिथौरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव हेतु अध्यक्ष सहित 15 वार्डो के लिये जिला भाजपा अध्यक्ष ऐतराम साहू ने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की जिसके अंतर्गत अध्यक्ष पद देवेश निषाद,पार्षद हेतु वार्ड 1खिरौद्र प्रसाद पटेल , वार्ड 2 ललिता डड़सेना , वार्ड3 पुष्पकान्त पटेल , वार्ड4 मन्नूलाल ठाकुर , वार्ड 5 प्रेम राजन रौतिया , वार्ड 6 संदीप सेन ,वार्ड7 शिल्पा सोनी ,वार्ड8 पीला बाई निषाद , वार्ड9 संतोष डड़सेना , वार्ड 10 ज्योति ळक्ष्मी डड़सेना ,वार्ड 11सरला बंसल , वार्ड 12 श्रीमती भुवनेश्वरी साहू , 13 वीरेंद्र तिवारी , 14सुरजीत जित्ती , 15 कौसल दास मानिकपुरी के नामों की घोषणा की । घोषणा के बाद भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड वासियों से जीत की अपील कर रहें हैं पर जीत किसकी होगी 15 फरवरी को मतों की गणना के बाद स्पष्ट होगा।

### रवेली, झीपन में कल से नि:शुल्क आयुष योग शिविर

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम रवेली में जिला आयुष विभाग द्वारा 27 से 31 जनवरी तक शासकीय प्राथमिक शाला में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं झीपन के प्राथमिक शाला प्रांगण में 1 से 5 फरवरी को शासकीय आयुर्वेद औषधालय आरोग्य मंदिर रावन के तत्वावधान में आयोजन होगा। समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी डा गोदावरी पैकरा और शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा रितु रानी वर्मा ने दी। उक्त योग प्रशिक्षण शिविर योग शिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में होगा।

# भाजपा ने किया पार्षद प्रत्याशियों के नामो की घोषणा



**डोंगरगढ़,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व महामंत्री सौरभ कोठारी द्वारा शहर के पूरे 24 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के नामो की घोषणा की है जिसमें वॉर्ड न 01 शारदा यादव , वॉर्ड न 02 देवेन्द्र साखरे , वॉर्ड न 03 अनिल पांडेय ,वॉर्ड न 04 डी. एकेश राव , वॉर्ड न 05 गीतांजलि कोचे ,वॉर्ड न 06 रतन कोसे , वॉर्ड न 07 भूपेन्द्र मरकाम ,वॉर्ड न 08 अल्का सहारे ,वॉर्ड न 09 लोकेश इंदुरकर, वॉर्ड न 10 अम्बर श्यामकर ,वार्ड न 11 उमा महेश वर्मा , वार्ड न 12 रश्मि भूत ,वार्ड न 13 गुरदीप सिंह कक्कड़ , वार्ड न 14 शिंवागी साखरे , वार्ड न 15 कमला साहू ,वार्ड न 16 अनीष निर्मलकर , वार्ड न 17 राकेश कुमार अग्रवाल , वार्ड न 18 रेखा राघौत्रे , वार्ड न 19 अमित जैन ,वार्ड न 20 हरीश मोटघरे , वार्ड न 21 मेनका राजेश कंडरा, वार्ड न 22 अक्षय यादव

वार्ड न 23 सुमित ताम्रकार, वार्ड न से 24 बबीता मलागार को प्रत्याशी बनाया है । पूरे 24 वार्डों के पार्षद पदों के लिए भाजपा द्वारा सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए प्रत्याशियों की घोषणा करने पर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है ।

# नपं बनी लाल बहादुर नगर में भी भाजपा के सभी प्रत्याशी घोषित

**डोंगरगढ़,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। लालबहादुरनगर डोंगरगढ़ विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जो कांग्रेस शासन काल में ही नगर पंचायत के रूप में घोषणा हो चुकी थी वहां भाजपा ने अपने अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर पहले प्रत्याशी घोषित करने में बाजी मार ली है अध्यक्ष पद के लिए पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाया गया है वहीं पार्षद पद के लिए वार्ड क्रमांक एक अन्य पिछड़ा वर्ग से जीवन साहू वार्ड क्रमांक 2 से रमेश कुमार यादव वार्ड क्रमांक 3 से सोनूराम साहू वार्ड क्रमांक 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला से विनती सिन्हा वार्ड क्रमांक 5 अनारक्षित से अवध राम साहू वार्ड क्रमांक 6 सामान्य महिला से श्रीमती पुष्पलता वैष्णव वार्ड क्रमांक 7 अन्य पिछड़ा वर्ग से राजेश देवांगन वार्ड नंबर 8 अनारक्षित से छबील साहू वार्ड नंबर 9 से टिकेश्वर साहू वार्ड नंबर 10 सामान्य महिला से प्रीति ताम्रकार वार्ड नंबर 11 अनुसूचित जाति से राजेश खोब्रागढे वार्ड नंबर 12 सामान्य महिला से श्रीमती किरण धनकर वार्ड नंबर 13 अनारक्षित से मृगलाल साहू वार्ड नंबर 14 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला से श्रीमती ममता निर्मलकर वार्ड नंबर 15 अनारक्षित से रामजी साहू को प्रत्याशी बनाया गया इस प्रकार भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा करने में बाजी मार ली है इस आशय की घोषणा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व महामंत्री सौरभ कोठारी ने की है ज्ञातव्य है कि लालबहादुरनगर नगर पंचायत में पहली बार नगर पंचायत के रूप में चुनाव हो रहे हैं यहां अध्यक्ष पद का प्रत्याशी अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षित है। भाजपा की घोषित प्रत्याशियों में सामान्य महिला सीट को छोड़कर एक भी प्रत्याशी सामान्य वर्ग से नहीं है सभी पिछड़ा वर्ग के लोगों को टिकट दी गई है चाहे वह सामान्य सीट हो या पिछड़ा वर्ग की हो। सामान्य वर्ग के एक भी प्रत्याशी का चयन नहीं किया गया है।



इसमें वार्ड क्रमांक 5 8 9 13 व 15 अनारक्षित सीट पर तथा वार्ड नंबर 10 व 12 सामान्य महिला सीट पर भी पिछला वर्ग से ही प्रत्याशी बनाया गया है।

# संगीतमय अखंड नवधा रामायण में भक्तों की भीड़

**सिमगा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 5 के निवासी पप्पू निषाद एवं मोहल्ले वासियों के द्वारा शंकर नगर सिमगा में तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण का आयोजन 23 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक किया जा रहा है । इस आयोजन में लगभग तीस मानस मंडली ने भाग लिया है । 26 जनवरी अखंड नवधा रामायण समापन के अवसर पर दोपहर में भव्य कलश यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी । इस संगीतमय में नवधा रामायण का रसपान करने के लिए मोहल्ले वासियों की भीड़ देखने को मिल रही है । वहीं कान्हा मानस परिवार छेरकाडीह के द्वारा सुमधुर स्वर के साथ श्री रामायण जी का पाठ कर भक्तों मन को मंत्रमुग्ध कर दिया । जंहा समिति के सदस्य मोहित साहू एवं पत्रकार सीटू जैन के द्वारा श्रीफल भेंटकर कान्हा मानस मंडली का सम्मान किया गया ।

## प्रादेशिकी का शेष...

**दवा विक्रेताओं ने ...**

शिविर को लेकर काफी उत्साहित है। यह शिविर सीएमएचओ डा.मनोज दानी व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.प्रवीण अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष वकार हसन कामदार, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जैन, कार्यकारिणी सदस्य चिरंजीवी राठी, प्रमोद बाघ, मंगल गुप्ता, हर्षित ताम्रकार, गौरव अग्रवाल, विजय गुप्ता, सनी अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, राहुल जैन, मंगल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजेश लोढा, जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, नवदृष्टि फाउंडेशन से रितेश जैन के अलावा अन्य दवा विक्रेताओं ने योगदान दिया।

**विधायक दीपेश साहू का...**

जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,बेरला मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत ,जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, पूर्व बेरला मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल , यशवंत साहू, पोषण वर्मा, भोजेंद्र वर्मा, तहसील साहू संघ बेरला अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, राजा गौकरण साहू ,अमृत महेशवरी ,कन्हैया सेन,पुरुषोत्तम यादव, खिल्लू साहू सहित भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्त्ता नगर वासी उपस्थित रहे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने...**

विशेष दिवस पर कहां गया कि मतदान करना अपना अधिकार है साथ ही साथ किसी प्रलोभन में ना आकर जनता के हित में कार्य करने वाले उम्मीद्वार का चयन करना हमारा कर्तव्य है। उक्त कार्यकम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. टी.डी. साहू, समस्त सहायक प्राध्यापक व छात्र-छात्राएँ एवं प्राधिकरण के पैरालिगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय मतदान दिवस प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार प्रयोग करने दिलाई शपथ



**दल्लीराजहरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागो वोटर जागो कार्यक्रम अंतर्गत कार्यालय अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर नगर पा स्नष्टलिका दल्ली राजहरा मे मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ कार्यक्रम किया गयाद्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर ने उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति , समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाईद्य इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र वारडेकर व मास्टर ट्रेनर वी के देशमुख ,राजस्व निरीक्षक रोहित शर्मा, राजस्व विभाग के पटवारी, वकील एवं नगर पालिका के समस्त अधिकारी व कर्मचारी अन्य उपस्थित रहे।

# मताधिकार प्रयोग करने दिलाई शपथ

**चिखलाकसा/दल्लीराजहरा,** 25 जनवरी। कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत चिखलाकसा में रिटर्निंग ऑफिसर शहेमंत कुमार पैकरा, ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई! रिटर्निंग ऑफिसर ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति , समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई! इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अश्वनी गावड़े व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद नाथ योगी, मास्टर ट्रेनर श्री आर. के. देवांगन सर आदि उपस्थित रहे।



# दिव्यांग तिलक ने भी सीखा प्लास्टर ऑफ पेरिस से प्रतिकृति कास्ट करना



**खरोरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संस्कृति विभाग के सौजन्य से स्व रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में आयोजित पुरातत्वीय प्रतिकृति कार्यशाला का समापन राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हुआ। प्राचार्य डॉ शम्पा चौबे ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने, उन्हें स्वरोजगारोन्मुख बनाने उक्त कार्यशाला का आयोजन किया। स्नातक द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में बेटियों ने अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला की सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि बी ए द्वितीय वर्ष का दिव्यांग छात्र तिलक ने भी लगनपूर्वक पी ओ पी कलाकृति सीखा। कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने सौ से अधिक पुरातत्वीय प्रतिकृतियों का निर्माण किया। संस्था प्रमुख ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया और उन्हें आगे इस तरह के आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने अपील की। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने प्राचार्य, संस्कृति विभाग छ.ग. शासन, पुरातत्वीय प्रतिकृति प्रशिक्षक संजय झरबड़े, संजय श्रीवास, प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टॉफ के प्रति कार्यशाला की सफलता हेतु आभार प्रकट किया।

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...










# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...












# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...



















# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...



























पिंटू साइकिल से बाजार जा रहा था, एक विदेशी आदमी आया और उसने पिंटू को रोका.
पिंटू-ऐसे अचानक से सामने आ गया, मरेगा क्या?
विदेशी- मुझे ताज महल जाना है.
पिंटू- तो जा ना. सबको बताता रहेगा तो पहुंचेगा कब?



# देशबन्धु का सर्वे निकला सच

## चुनावी घोषणा के बाद देशबन्धु ने उजागर किया था महेश यादव का नाम



**राजिम,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। देशबंधु का सर्वे निकला सच, चुनावी घोषणा के बाद देशबंधु ने उजागर किया था महेश यादव का नाम कि मतदाताओं के मध्य महेश यादव का नाम चर्चा में है और यह सही निकला और महेश यादव को नगर पंचायत राजिम से भाजपा की टिकट मिल गई ।

राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी महेश यादव हिंदूवादी नेता होने के साथ ही अधिवक्ता हैं और मौजूदा नगर पंचायत में वे पार्षद भी रहे हैं। श्री यादव को एक साफ सुथरा और निर्विवाद नेता के रूप में राजिम में जाना जाता है। इसके साथ ही वे काफी सीधे- सरल एवं व्यवहारकुशल भी है। प्रारंभ से ही उनके नाम की सुगबुगाहट राजिम में चलती रही है। वे विधानसभा चुनाव में विधायक रोहित साहू के साथ न केवल कदम से कदम मिलाकर चले बल्कि बढ़-चढ़कर सहयोग किया। लोकसभा चुनाव में भी सांसद रूपकुमारी चौधरी के लिए उन्होंने जीतोड़ मेहनत की। लिहाजा उन्हें अध्यक्ष पद के लिए बेहतर उम्मीदवार मानकर पार्टी ने बतौर पुरूस्कार के रूप में प्रस्तुत किया है।



आरक्षण प्रक्रिया के बाद राजिम नगर पंचायत में अध्यक्ष के लिए भाजपा से कमल सिन्हा एवं महेश यादव और कांग्रेस से पवन सोनकर के नामों की चर्चा

राजिम, 8 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत परिषद राजिम के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। इस बार अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। सामान्य वर्ग के आरक्षण की घोषणा के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियां भाजपा और कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर खींचतान बढ़ने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए इस बार लॉटरी के बाद सीट सामान्य (अनारक्षित) हो गई है, जिससे सभी वर्गों के दावेदारों के लिए अवसर खुल गए हैं। ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य वर्ग के उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए करीब मतदाताओं में चर्चा होने लगी है।

राजनीतिक समीकरण और दावेदारों की चर्चा: राजिम नगर पंचायत के लिए भाजपा और कांग्रेस, दोनों प्रमुख दलों के लिए यह चुनाव खासा महत्वपूर्ण है। भाजपा के प्रत्याशी चयन में राजिम विधायक रोहित साहू की सलाह अहम मानी जा सकती है।

इस बार सामान्य सीट होने के बावजूद अधिकतर दावेदार अन्य वर्ग से नाम सामने आ सकते हैं। वर्तमान में भाजपा से पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा और पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव एवं कांग्रेस से पवन सोनकर के नामों की चर्चा मतदाताओं के बीच में है।

लम्बी हो सकती है दावेदारों की सूची, नए चेहरे आ सकते हैं सामने: सामान्य वर्ग में आरक्षण के कारण अध्यक्ष पद के लिए कई नए और पुराने चेहरे अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं क्षेत्र में दोनों पार्टियों में पहले से ही अध्यक्ष पद के लिए कई इच्छुक उम्मीदवार थे, लेकिन सामान्य वर्ग का आरक्षण तय होने के बाद दावेदारों की सूची और भी लंबी हो गई है। यह स्थिति भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रत्याशी चयन में मुश्किलें खड़ी कर सकती है। चुनावी घमासान की तैयारी है।

सामान्य वर्ग के आरक्षण के बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। वोट बैंक मजबूत करने के लिए पार्टियां नई रणनीतियां बना रही हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की भी संभावना है।

- महेश यादव को नगर पंचायत राजिम से भाजपा की टिकट
- वकील, पार्षद के अलावा हिंदूवादी नेता की छवि, एवं सरल स्वभावी विधायक का करीबी होना आया काम

**यादव ने वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार :** अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बनाए जाने पर श्री यादव ने पार्टी के विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ लोगो के प्रति आभार जताया है। कहा कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास किया है सो पार्टी के अपेक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। राजिम में सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगा। जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की एकजुटता व मेहनत से हर हाल में राजिम नगर पंचायत में कमल का फुल खिलेगा और राजिम विकास के पथ पर तेजी से दौड़ेगा।

# जिले के समस्त थाना, चौकी में पेट्रोलिंग कार्य में संलग्न आरक्षकों का लिया गया बैठक



**बलौदाबाजार,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 25 जनवरी को पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में जिले के थाना, चौकी में पेट्रोलिंग कार्य निष्पादन करने वाले समस्त आरक्षकों का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से थाना क्षेत्र अंतर्गत किराएदार के रूप में रहने वाले व्यक्तियों एवं होटल, लॉज, धर्मशाला आदि में रुकने वाले व्यक्तियों का शत प्रतिशत जानकारी उपलब्ध कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। उक्त के संबंध में शासन द्वारा समाधान एप का निर्माण किया गया है, जिसकी सहायता से मकान मालिक अपने मकान में रहने वाले किरायेदारों का एवं होटल, धर्मशाला संचालक, मलिक वहां रुकने वाले लोगों की संपूर्ण जानकारी अपलोड कर सकता है।

बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाधान एप की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचानी है, इसलिए समाधान एप का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, इसके लिए क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोलिंग के दौरान मकान मालिकों को अधिक से अधिक समाधान एप की जानकारी देते हुए उनके मोबाइल में यह एप डाउनलोड करवाए। इसके अतिरिक्त क्षेत्र अंतर्गत होटल, लाज, धर्मशाला संचालकों मालिकों के मोबाइल में भी समाधान एप डाउनलोड कराया जाए तथा उन्हें निर्देशित करें कि इस ऐप के माध्यम से होटल धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों की प्रतिदिन जानकारी समाधान एप में अपलोड करें।

# यदि शरीर स्वस्थ है और रक्तदान करने में सक्षम हैं, तो तीन माह में एक बार अवश्य रक्तदान करें : कलेक्टर



जिला अस्पताल में आयोजित किया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एन्ड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन, जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा जिला अस्पताल धमतरी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में जैसे हम पुण्य के अन्य कार्य करते हैं, वैसे ही रक्तदान भी एक पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि हमें या किसी और को कब, कहां और कैसे रक्त की आवश्यकता पड़ जाती है, इसका किसी को पता नहीं होता। हम जो रक्तदान करते हैं, वह कहीं ना कहीं हमारे या हमारे किसी रिश्तेदार, परिवार अथवा जरूरतमंद के उपयोग में आता है। कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों से अपील की है कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिये लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि शरीर स्वस्थ है और रक्तदान करने में सक्षम हैं, तो तीन माह में अवश्य रक्तदान करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. ए.के. टोंडर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर सहित जिला अस्पताल का अमला और रक्तदाता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डाइट में शपथ ग्रहण



**महासमुंद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में विविध कार्यक्रमों के साथ शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही एवं सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुये कहा कि हम सभी को निर्भिकता के साथ मतदान करते हुये जनसमुदाय को अधिकाधिक मतदान के लिये प्रेरित करना चाहिये जिससे लोकतंत्र मजबूत हो सके। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि.स्तरीय पंचायत निर्वाचन में हिस्सा लेते हुये मतदान के लिये मतदाताओं को जागरुक करना होगा । उन्होंने कहा कि डाइट के छात्राध्यापक भविष्य के शिक्षक हैं । अतरू हमें लोकतंत्र में पूर्ण आस्था प्रकट करना चाहिये ।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती पाणिग्राही द्वारा छात्राध्यापकों सहित अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक के सिंग व्याख्यातागण. उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन सदस्य. सुनील साहू, सुक्षेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, राधा साहू, योगेन्द्र पांडे, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चन्द्राकर, छात्राध्यापक संघ अध्यक्ष जसवन्त सिदार, प्रियंका यादव, रेणुका, मोनिका, पदमिनी, अजय साहू, प्रीति सहित समस्त छात्राध्यापक उपस्थित थे । कार्क्रम की सफ्लता में अजय, उदित, हिरामन का विशेष योगदान रहा । संचालन कार्यक्रम प्रभारी टेकराम से ने किया ।

# गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी



**महासमुंद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। देश के 76वें गणतंत्र पर्व की पूर्व संध्या पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था के संयोजन में साहित्यकार डॉ साधना कसार के निवास में काव्यगोष्ठी हुई। जिसमें साहित्य शिल्पियों ने देशभक्ति के साथ सम.सामयिक कविताएं पढ़ीं। वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक एवं एस चन्द्रसेन ने मंगलदीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया । सुरेन्द्र अग्निहोत्री ने सुरीले स्वरों में राष्ट्र वन्दना व मां वाग्देवी की अभ्यर्थना की । बन्धु राजेश्वर खरे ने प्रगति पथ पर अग्रसर देश की स्थिति पर कहा. कल तक जो दबा कुचला था, वह आगे चल रहा है, देश बदल रहा है । सुरेन्द्र अग्निहोत्री ने कहा. हमर देस के सान हे, ये गणतंत्र महान हे । डॉ साधना कसार ने पंक्तियां दी. संविधान का नव सूर्य, नई रश्मियां बिखराता है । एस चन्द्रसेन ने जब भारत, वंदे मातरम . गीत प्रस्तुत कर भारतभूमि की प्रतिष्ठा को ऊंचाईयां दी । गजलकार अशोक शर्मा ने मां की वत्सलता व दुलार पर कहा. अम्मा, तेरी थाल से, दाल भात का ग्रास । आनंद तिवारी पौराणिक ने भारतीय लोकतंत्र की महानता पर कहा. नवल प्रभात रश्मि तेजोमय, जयतिए जयति गणपर्व जयति जय । कार्यक्रम में डॉ अनिरु कसार, श्वेत कसार व समृद्ध कसार का विशिष्ठ सहयोग रहा । वरिष्ठ अधिवक्ता भरत सिंह कसार ने इस साहित्यिक.जुड़ाव के लिये सभी आमंत्रितों का आभार माना ।

# 22 दुकानों पर ढाई हजार से अधिक का लगाया जुर्माना



**कुरूद के बस स्टैण्ड, कारगिल चौक, जनपद पंचायत, पुराना बाजार चौक, स्कूल के 100 मीटर क्षेत्र में तम्बाकू बेचने वाली दुकानों पर कार्रवाई**

**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में तम्बाकू नियंत्रण के लिए गठित दल द्वारा लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कुरूद स्थित बस स्टैंड, कारगिल चौक, जनपद पंचायत, पुराना बाजार चौक एवं स्कूल के आस-पास 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों मे गठित दल द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 3 व्यक्ति सहित नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल दुकान, टी स्टॉल, किराना दुकानों मे तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चो को गुटखा तम्बाकू न बेचने के निर्देश दिए गए, साथ ही सख्त चेतावनी जारी किया गया।

इस दौरान 22 दुकानों पर कार्रवाई कर दो हजार 850 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# गणतंत्र दिवस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे ध्वजारोहण



**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा समारोह स्थल में बतौर मुख्य अतिथि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और सुबह 9.02 बजे ध्वज सलामी एवं राष्ट्रगान होगा। इसके बाद 9.05 बजे राज्यगीत, 9.10 बजे परेड का निरीक्षण और 9.20 बजे मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। सुबह 9.35 बजे हर्षफायर, 9.40 बजे गुब्बारा उड़ान, 9.45 बजे मार्चपास्ट, 9.50 बजे परेड एवं प्लाटून कमांडर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सोनानी/परिजन से भेंट एवं शहीद परिवारों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.40 बजे विभिन्न विभागों की झांकी और 11.25 बजे विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण होगा। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के गरिमामय समारोह का समापन होगा।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया




**पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया**

**राजिम,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राजिम क्षेत्र में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। वहीं मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। पूरा मामला गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार राजिम थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 23 जनवरी की शाम करीब 7.30 बजे वह घर पर खाना बना रही थी। उसका पति किसी काम से दुकान गया था। इस बीच गांव का रहने वाला छबि भारती ऊर्फ सुमीत पिता पुनारद भारती जबरदस्ती घर के अंदर घुस गया और छेड़खानी करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया, तो जबरदस्ती दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। जिसके बाद महिला सुमीत को धक्का देकर दूर किया और भागकर चिल्लाने लगी। महिला के चिल्लाने से आरोपी फरार हो गया।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी जबरदस्ती करने की कोशिश कर चुका है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने आरोपी के धमकी और लोक लाज से घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। लेकिन आरोपी के हरकत से परेशान होकर हिम्मत जुटा कर घटना की जानकारी अपने पति को दी और थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छबि भारती ऊर्फ सुमीत के खिलाफ धारा 75, 331(2), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तरह अपराध दर्ज किया गया है। राजिम थाना प्रभारी अमृत लाल साहू ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बालिका दिवस का आयोजन



**महासमुंद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 24 जनवरी को आंगनबाड़ी केन्द्रों में बालिका दिवस का आयोजन किया गया। शहरी परियोजना अंतर्गत ईमली भाठा के यतियतन लाल वार्ड के सेन भवन में बालिका दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं एवं उनकी माताएं शामिल हुई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती शैल नाविक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समुदाय में बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, राष्ट्र एवं समाज की प्रगति में महिलाओं की सहभागिता को अधिक से अधिक बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्धता तथा जेण्डर संबंधी भेदभाव के विरुद्ध सकारात्मक सोच स्थापित करना है। इस वर्ष सेव द गर्ल चाइल्ड, शिशु बाल लिंगानुपात एवं बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षित वातावरण बनाने सहित समाज में जन जागरूकता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से जिले के आंगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बालिकाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए बेटियों एवं अभिभावकों ,माता.पिता, को आमंत्रित किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों पर माता.पिता के साथ संवाद कर बालिकाओं के सशक्तिकरण में माता.पिता की भूमिका, लैंगिक समानता पर चर्चा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बालिका शिक्षा के महत्व पर जागरूकता, बच्चों के लिए पोषण संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक कुंती यादव, नसीम कुरैशी, डिगेश्वरी साहू, खिलेश्वरी चक्रधारी, चित्रलेखा साहू, कुलेश्वर ध्रुव आदि मौजूद थे ।,कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के संबंध में शपथ दिलाई गई। उपस्थित महिलाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं, भारत का नागरिक, आज यह शपथ लेती हूं कि मैं लिंग भेद और लिंग चयन जो कि बालिकाओं के जन्म एवं उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है, उस मानसिकता का त्याग करूंगी। जिससे ये सुनिश्चित हो कि लड़कियां जन्म लें, उन्हें समान प्यार व शिक्षा मिले और देश का सशक्त नागरिक बनने का समान अवसर मिले। मैं यह भी संकल्प लेती हूं कि मैं अपने देश की महिलाओं एवं पुरुषों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश का प्रचार प्रसार करूंगी।

# दो अलग-अलग जगहों पर सट्टा खिला रहे सटोरियों को विरुद्ध की गई कार्यवाही



**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ,सट्टा,अवैध शराब अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये गए है। इसी तारतम्य में थाना सिटी कोतवाली द्वारा दो अलग-अलग जगहों पर सट्टा खेला रहे दो आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। आरोपी नरेश साहू पिता कांता उम्र 24 वर्ष साकिन राम सागर पारा धमतरी द्वारा आमातालाब रोड़ के पास आम जगह आम जगह पर अवैध रूप से अंको से रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नामक जुआ खेलाते मिला जिसके कब्जे से नगदी 550 रू., 01 नग मोबाईल, 3000 रूपये कुल 3550 रूपये एवं सट्टा पट्टी जप्त कर थाना सिटी कोतवाली में धारा 6 (क) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

इसी तरह आरोपी नवीन रजक पिता जगदीश उम्र 28 वर्ष सा0 राम सागर पारा गौरा चौक के पास धमतरी द्वारा कमल विहार कालोनी ओजस्वी अस्पताल के पास आम जगह पर अवैध रूप से अंको से रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नामक जुआ खेलाते मिला जिसके कब्जे से नगदी 1000 रू., 01 नग विवो कंपनी का मोबाईल, कीमती 5000 रूपये कुल 6000 रूपये एवं सट्टा पट्टी जप्त कर थाना सिटी कोतवाली में धारा 6 (क) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली धमतरी से प्र.आर. हरिशंकर सिंहा, सौरभ पटेल, आर. डायमंड यादव, मुकेश सिन्हा, चंदर जमदार सहित थाना कोतवाली का विशेष योगदान रहा।

**कल से प्रारंभ होगा पंचायत चुनाव का नामांकन**

**बिलाईगढ़**, 25 जनवरी(देशबन्धु)। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत के सदस्य का नाम निर्देशन (नामांकन) की तैयारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में की गई है। इसके लिए कलेक्टर न्यायालय और अपर कलेक्टर न्यायालय कक्ष तक बेरिकेटिंग की जा चुकी है।

# ननि चुनाव में उम्मीदवारों की घोषणा में भाजपा सबसे आगे



- गरियाबंद जिले के पांच नपं और एक नपा की घोषणा राजिम से
- नपा गरियाबंद से प्रशांत मानिकपुरी, नपं राजिम से महेश यादव, छुरा से लुकेश्वरी निषाद, कोपरा से रुपनारायण साहू, फिंगेश्वर से उत्तम राजवंशी और देवभोग पंचायत से अनीता विकास उपाध्याय

**राजिम**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। निकाय चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को गरियाबंद जिले के सभी निकायों में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की सबसे पहले सूची राजिम भाजपा कार्यालय से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जारी की ।।इस अवसर पर में राजिम विधायक रोहित साहू समेत भाजपा के गरियाबंद जिले के चुनाव प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार, मंडल अध्यक्ष चन्द्र शेखर साहू पूर्व जिला अध्यक्ष के सानिध्य में सुरेन्द पाटनी ने प्रेसवार्ता कर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। जिसमें गरियाबंद नगर पालिका से प्रशांत मानिकपुरी को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया गया।

इसी तरह राजिम नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए महेश यादव, कोपरा नगर पंचायत में रूपनारायण साहू, फिंगेश्वर से उत्तम राजवंशी, छुरा से श्रीमती लुकेश्वरी निषाद और देवभोग से श्रीमती अनिता विकास उपाध्याय को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

राजिम में पार्षद प्रत्याशियों की सूची

राजिम नगर पंचायत के सभी वार्डों में भाजपा से पार्षद प्रत्याशियों की सूची भी जारी किया हैं। जिसमें वार्ड क्र. 1 से श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर, 2 से संजीव साहू, 3 से श्रीमती जानकी पटेल, 4 से पूरनलाल यादव, 5 से भरत लाल यादव, 6 से श्रीमती अंजली निषाद, 7 से कुलेश्वर निषाद, 8 से आकाश सिंह राजपूत, 9 से सुरेश कुमार पटेल, 10 से टंकेश्वर सोनकर, 11 से अजय पटेल, 12 से श्रीमती मानकी देवी आडिल, 13 से मंशा कुर्रे, 14 से कुलेश्वर साहू और वार्ड क्र. 15 से श्रीमती डोमिन साहू को उम्मीदवार घोषित किया है।

प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब उम्मीदवार पूरी जोर-शोर से तैयारी में जुट गए हैं। प्रत्याशी अब डोर-टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा सरकार के विकास कार्यों और नगर के विकास को लेकर मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं।

# बरतोरी केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**तिल्दा नेवरा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। बरतोरी में केमिकल फैक्ट्री में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई है। आग बैकुंठ के औद्योगिक क्षेत्र बरतोरी में स्थित संजय केमिकल फैक्ट्री में लगी है। आग लगने से प्लांट में रुक रूककर ब्लास्टिंग होती रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत की जा रही है। आग की लपटें इतनी तेज हैं कि पूरे प्लांट को अपनी चपेट में ले लिया है। आग के साथ भारी ब्लास्ट की आवाजें भी सुनाई सुनी गई, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई है। हालांकि अभी तक की जन हानि की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, संजय केमिकल प्लांट में पेंट का निर्माण किया जाता था। आग की लपटें और ब्लास्ट के कारण क्षेत्रवासियों में डर का माहौल है। नेवरा पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई है और मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग लगने का कारण फैक्ट्री मैनेजर की लापरवाही बताई जा रही है यहां मैनेजर के द्वारा एक टैंकर थ्रिलर को अंदर रखा गया था जबकि नियम अनुसार थिनर टेंकर को अंदर खड़ा करने का प्रावधान नहीं है बावजूद टेंकर को अंदर खड़ाकिया गया और सुबह थिनर के टैंकर में आग लगी और थोड़ी देर में एक ज़बरदस्त धमाका हो गया और आग ने पूरे फैक्ट्री अपने चपेट में ले लिया आग इतनी भीषण थी कि बरतोरी, बहेसर, नकटी गांव में पूरी तरह से दहशत फैल गई उधर फैक्ट्री के अंदर हुए धमाके के बाद वहा काम कर रहे मजदूर फैक्ट्री से बाहर आ गए और उनकी जान बच गई लेकिन एक मजदूर आग की चपेट में आ गया जिसे गंभीर हालत में पास के ओम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है बताया जाता है कि फैक्ट्री के अंदर एंबुलेंस नहीं थी आग में झुलसा मजदूर जलन से तड़प रहा था आग लगने के बाद फैक्ट्री मैनेजर वहां से फरार हो गया बाद में आग में जले मजदूर को बाइक से अस्पताल पहुंचाया गया आग लगाने की खबर के बाद जिन मजदूरों की वहां काम करने की पारी थी उनके परिजन वहां पहुंच गए थे और अपने बच्चों को देखने के लिए अंदर जाने की कोशिश करते रहे लेकिन उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया फैक्ट्री प्रबंधन ने मात्र एक मजदूर के जलने की बात कही है।



**फैक्ट्री मैनेजर की लापरवाही के चलते हुआ हादसा, आग लगने के बाद फैक्ट्री मैनेजर फरार**

# भाजपा व कांग्रेस का फार्म नहीं हुआ जमा



**सिमगा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नामांकन पत्र जमा करने के चोथे दिवस अध्यक्ष पद के लिए रविशंकर यादव एवं पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 2 से सूरज सोनकर वार्ड क्रमांक 4 से मुकुंद रजक वार्ड क्रमांक 8 से मनीषा सलूजा वार्ड क्रमांक 10 से रोहित कुर्रे वार्ड क्रमांक 12 से ममता ताम्रकार वार्ड क्रमांक 13 से विष्णु जायसवाल व बदन देवांगन वार्ड क्रमांक 14 से नकुल रजक वार्ड क्रमांक 15 से विकास सोनकर सहित कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना अपना नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अंशुल वर्मा के कार्यालय पहुंचकर जमा किए । वहीं अध्यक्ष पद हेतु रमेश सोनी एवं पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से पीतांबर सोनकर वार्ड 4 राम जी देवांगन प्रशांत सेन वार्ड क्रमांक 6 से भारतीय पाटकर पूजा सिंह संतोषी निषाद वार्ड क्रमांक 7 से प्रियंका तिवारी वार्ड क्रमांक 8 से मीना शर्मा वार्ड क्रमांक 10 से कुंज बाई कोसले शत्रुघ्न मारकंडेय वार्ड क्रमांक 11 से टुकेश देवांगन वार्ड क्रमांक 12 से सुमन साहू वार्ड क्रमांक 15 से रविंद्र यादव ने नामांकन पत्र खरीदा है। नामांकन पत्र जमा करने के लिए मात्र दो दिवस ही बचा है। लेकिन भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा अभी तक नहीं कर पाई है । जो जन चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

# मुख्य समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी करेंगी ध्वजारोहण

**बलौदाबाजार**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन को लेकर जहां जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं समस्त शिक्षा विभाग के स्कूल एवं विद्यालय के अलावा शासकीय कार्यालयों में भी ध्वजारोहण करने की रूप रेखा भी बन गई है। जिला मुख्यालय के जिला खेल स्टेडियम के प्रांगण में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण समारोह होगा। वहीं कलेक्टर कार्यालय परिसर में कलेक्टर दीपक सोनी ध्वजारोहण करेंगे। जबकि एसपी कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक विजय अग्रवाल ध्वज फहराऐंगे। इसी प्रकार सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय कार्यालयों में संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में संस्था के अध्यक्ष विजय केसरवानी राष्ट्रीय ध्वज फहराऐंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से सचिव राजनारायण केसरवानी, उपाध्यक्ष खोडस कश्यप, सह सचिव नीलम सोनी, कोषाध्यक्ष लखेपाल जायसवाल, व्ही.के. मिश्रा, पुष्पा ठाकुर, अक्षर अग्रवाल, जामवंत वर्मा, दीपक पटेल, कौशल बंजारे, त्रिलोचन साहू उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में भारसाधक अधिकारी दीपक कुमार नायक ध्वजारोहण करेंगे। भाजपा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव करेंगे। जबकि जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ध्वजारोहण करेंगे। इसी प्रकार क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**फिंगेश्वर**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। मतदान दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय फिंगेश्वर मैं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी समस्त प्रशासनिक कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर में रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिका निर्वाचन नगर पंचयात फिंगेश्वर के द्वारा 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाया गया।




# अवैध शराब बेचने वाले पर पुलिस की कार्रवाई



**पलारी**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले अवैध शराब के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त निर्देशो के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बलौदाबाजार श्रीमति निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा दिनांक 25.01.2025 को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा हमराह प्रधान आरक्षक सुनिल वैष्णव आरक्षक मनोज वर्मा कमल कोसले की टीम गठित कर ग्राम अमेरा के निवासी अमन रात्रे पिता खेदू रात्रे उम्र 23 वर्ष द्वारा अपने घर परछी में अवैध शराब रखे होने कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जहां उक्त आरोपी के कब्जे से 02 पारदर्शी झिल्ली में कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 3000/-रू अवैध रूप से शराब रखे मिला उक्त शराब को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध सदर कायम किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा ने की प्रत्याशी घोषित

**पिथौरा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव हेतु अध्यक्ष सहित 15 वार्डो के लिये जिला भाजपा अध्यक्ष ऐतराम साहू ने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की जिसके अंतर्गत अध्यक्ष पद देवेश निषाद,पार्षद हेतु वार्ड 1खिरौद्र प्रसाद पटेल , वार्ड 2 ललिता डड़सेना , वार्ड3 पुष्पकान्त पटेल , वार्ड4 मन्नूलाल ठाकुर , वार्ड 5 प्रेम राजन रौतिया , वार्ड 6 संदीप सेन ,वार्ड7 शिल्पा सोनी ,वार्ड8 पीला बाई निषाद , वार्ड9 संतोष डड़सेना , वार्ड 10 ज्योति ळष्मी डड़सेना ,वार्ड 11सरला बंसल , वार्ड 12 श्रीमती भुवनेश्वरी साहू , 13 वीरेंद्र तिवारी , 14सुरजीत जित्ती , 15 कौसल दास मानिकपुरी के नामों की घोषणा की । घोषणा के बाद भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड वासियों से जीत की अपील कर रहें हैं पर जीत किसकी होगी 15 फरवरी को मतों की गणना के बाद स्पष्ट होगा।

### रवेली, झीपन में कल से नि:शुल्क आयुष योग शिविर

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को सिमगा विकासखंड के ग्राम रवेली में जिला आयुष विभाग द्वारा 27 से 31 जनवरी तक शासकीय प्राथमिक शाला में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं झीपन के प्राथमिक शाला प्रांगण में 1 से 5 फरवरी को शासकीय आयुर्वेद औषधालय आरोग्य मंदिर रावन के तत्वावधान में आयोजन होगा। समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी डा गोदावरी पैकरा और शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा रितु रानी वर्मा ने दी। उक्त योग प्रशिक्षण शिविर योग शिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में होगा।

# अंग्रेजी व देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



**बिलाईगढ़**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कामिल हक के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के पुलिस स्टाफ के द्वारा अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। अप0क्रं0 33/25 धारा. 34(2),59(क )आबकारी एक्ट में दिनांक 24.01.2025 को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम गुडिहारी के दो व्यक्ति पल्सर मोटर साइकिल से अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है कि सूचना पर घटना स्थल ग्राम भारत माता चौक सांरगढ के पास जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये जिसमे पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राजा साहू पिता रामरतन साहू साकिन गुडिहारीए 02. विजय पटेल पिता कार्तिकराम पटेल साकिन गुडिहारी थाना सांरगढ का होना बातये जिनके कब्जे से एक पान मसाला थैला के अंदर 50 पाव देशी प्लेन शराब एवं 20 पाव जम्मू अंग्रेजी शराब कुल 70 पाव शराब जुमला 12.600 लीटर कीमती 7100 रुपये को मोटर साईकल बजाज फ्लसर क्र ष्ट्त्र 13 8086 किमती 130000 रुपये मे परिवाहन करते पाये जाने से मुताबिक जप्ति पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कामिल हक, प्र0आर0 59 कैलाश जांगड़े, आरक्षक भुवनेश्वर चंद्रा, ओमचंद साहू, ज्वाला सिंह बंजारे, योगेश कुर्रे, अजय लहरे एवं समस्त स्टाफ का संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख भूमिका रही।

## टीना टप्पर का सरप्राइज पैकेज निकले ताबीर, बने मेन विलन, सतीश जैन ने भी की जमकर तारीफ




**नवापारा राजिम**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। इस शुक्रवार को रिलीज हुई छत्तीसगढ़ी फिल्म टीना टप्पर में नवापारा राजिम के ताबीर हुसैन सरप्राइज पैकेज निकले। वे फिल्म के विलन हैं। अब तक यही माना जा रहा था कि उन्होंने प्रोफेसर की भूमिका निभाई है। वे प्रोफेसर के साथ साथ फिल्म के विलन भी हैं। शुक्रवार को गैलेक्सी टॉकीज से फिल्म देखकर निकले कुछ लोगों ने बताया कि ताबीर की एंट्री पहले ही सीन में है और वे आखिर तक बने हुए हैं। दर्शक अजित चौधरी जो श्री कृष्णा टाकीज के ?प्रोपाइटर थे ने कहा, ताबीर ने एकदम डिफरेंट किरदार प्ले किया है। हमने कल्पना भी नहीं की थी कि उनका ऐसा रूप देखने को मिलेगा। सतीश जैन ने भी जमकर तारीफ की ।बता दें कि ताबीर को न तो टीजर में दिखाया गया और न ट्रेलर में। ऐसा एक स्ट्रेटजी के तहत किया गया ताकि दर्शकों का सरप्राइजिंग किरदार से सामना हो।

# सारंगढ़ में कल होगा खाद्य लाइसेंस शिविर

**बिलाईगढ़**, 25 जनवरी(देशबन्धु)। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशानुसार व उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन व सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफएसएसएआई की खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन शिविर का आयोजन सोमवार 27 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सारंगढ़ में किया जाएगा। पंजीयन का कार्य प्रात: 11 बजे से संध्या 4 बजे तक किया जाएगा । शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर, रीलेबरर, खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर , सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। पंजीयन, लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा, नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर ?100 पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर ?2000 है, जबकि उत्पादन कर्ता हेतु क्रमश: ?3000 व ?5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन की ओर से सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन, अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**बिना खाद्य लाइसेंस के व्यापार करने पर होगी सजा**

बिना खाद्य अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

# संगीतमय अखंड नवधा रामायण में भक्तों की भीड़



**सिमगा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 5 के निवासी पप्पू निषाद एवं मोहल्ले वासियों के द्वारा शंकर नगर सिमगा में तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण का आयोजन 23 जनवरी से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक किया जा रहा है ।इस आयोजन में लगभग तीस मानस मंडली ने भाग लिया है ।26 जनवरी अखंड नवधा रामायण समापन के अवसर पर दोपहर में भव्य कलश यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी । इस संगीतमय में नवधा रामायण का रसपान करने के लिए मोहल्ले वासियों की भीड़ देखने को मिल रही है । वहीं कान्हा मानस परिवार छेरकाडीह के द्वारा सुमधुर स्वर के साथ श्री रामायण जी का पाठ कर भक्तों मन को मंत्रमुग्ध कर दिया ।जंहा समिति के सदस्य मोहित साहू एवं पत्रकार सीटू जैन के द्वारा श्रीफल भेंटकर कान्हा मानस मंडली का सम्मान किया गया । इस अवसर पर दिनेश निषाद नारायण निषाद दीनू पाटकर लवकुश सेना सुनीता यादव अरूण गौतम सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बागबाहरा कॉलेज में मतदाता जागरूकता व शपथ ग्रहण

- मतदाताओं को जागरूक एवं मतदान करने के लिए प्रेरित किया
- एसडीएम साहू के नेतृत्व में कॉलेज में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बागबाहरा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय बागबाहरा में मतदाता जागरूकता अभियान

उत्साह एवं उमंग के साथ चलाया गया। इस जागरूकता अभियान में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, स्लोगन लेखन, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी रखा गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। इस कार्यक्रम में उमेश कुमार साहू एस डी एम बागबाहरा और राजेश कौशिक उपस्थिति थे। एस डी एम श्री साहू ने सभी को मतदान की आवश्यकता और महत्व पर विस्तार से चर्चा कर मतदाताओं को शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खिलावन पटेल ने किया। और इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग के उद्देश्य को बताया कि भारत देश आज 25 जनवरी 2025 को अपनी 15 वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। जो लोकतंत्र की मज़बूती में हर वोट की शक्ति और महत्व को सेलिब्रेट करता है। यह वार्षिक आयोजन चुनाव आयोग की स्थापना की याद में मनाया जाता है। तथा यह मतदाताओं की सराहनीय भूमिका को उजागर करता है। जो लोकतंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य राष्ट्रीय मतदाता दिवस की हर साल कोई विशेष थीम निर्धारित की जाती है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' है। यह मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के रूप में वोट करने पर गर्व करने के लिए प्रेरित करता है। यह विषय राष्ट्रीय, राज्य, जिला और स्थानीय स्तरों पर प्रसारित होता है। नागरिकों को उनके वोट की बदलने वाली शक्ति को पहचानने के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम के समापन में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने मतदाता जागरूकता के बारे में संक्षेप में बताया। और एस डी एम सर को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्यातागण, और राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# दिव्यांग तिलक ने भी सीखा प्लास्टर ऑफ पेरिस से प्रतिकृति कास्ट करना



**खरोरा**, 25 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संस्कृति विभाग के सौजन्य से स्व रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में आयोजित पुरातत्वीय प्रतिकृति कार्यशाला का समापन राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हुआ। प्राचार्य डॉ शम्पा चौबे ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने, उन्हें स्वरोजगारोन्मुख बनाने उक्त कार्यशाला का आयोजन किया। स्नातक द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों में बेटियों ने अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला की सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि बी ए द्वितीय वर्ष का दिव्यांग छात्र तिलक ने भी लगनपूर्वक पी ओ पी कलाकृति सीखा। कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने सौ से अधिक पुरातत्वीय प्रतिकृतियों का निर्माण किया। संस्था प्रमुख ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया और उन्हें आगे इस तरह के आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने अपील की। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू ने प्राचार्य, संस्कृति विभाग छ.ग. शासन, पुरातत्वीय प्रतिकृति प्रशिक्षक संजय झरबड़े, संजय श्रीवास, प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के स्टॉफ के प्रति कार्यशाला की सफलता हेतु आभार प्रकट किया।

# सुभाषचंद्र बोस की पेंशनरों द्वारा जयंती मनाई गई




**भाटापारा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के महान सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के पेंशनरों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि जे एल शुक्ला सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक रहे ।अध्यक्षता श्री कमल नारायण यदु ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश शर्मा प्राचार्य शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा ,श्रीमती लक्ष्मी गिरधर वर्मा पेंशनर ,आनंद शर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, प्रकाश जाधव ,संघ के संरक्षक पंडित राधा चरण शुक्ला एवं पूर्व सैनिक परिवार से श्रीमती रोहिणी मंडावी उपस्थित रहे। नेताजी की आदम कद प्रतिमा जो विद्यालय परिसर में स्थापित है वहां अध्यक्ष श्री आर पी पटेल के नेतृत्व में इकट्ठे हुए पेंशनर,प्राचार्य के साथ विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार कर पूजन एवं जय घोष के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्ष श्री रघुनाथ प्रसाद पटेल ने वहां पर संक्षिप्त में प्रतिमा स्थापना एवं सुभाष जी की जयंती पर उद्बोधन दिया ।पश्चात प्री बोर्ड की परीक्षा होने के कारण बाकी के सम्मान एवं जयंती के कार्यक्रम सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में आयोजित किया गया। इसके तहत प्रारंभ में मूर्ति निर्माण में सहयोगी अतिथियों का एवं पूर्व सैनिक परिवार से श्रीमती रोहिणी मंडावी का साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर के साहित्यकारों श्री अजय साहू अमृतांशु एवं श्री अनुपम कुमार सिंह शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा द्वारा सुभाष जी पर कविता पाठ ,विनोद कुमार जैन द्वारा- ए मेरे प्यारे वतन —— देशभक्ति पूर्ण मधुर गीत एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित मुकेश शर्मा संपादक चैनल इंडिया के द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। अजय साहू एवं मुकेश शर्मा ने कहा कि लगभग 50 वर्ष हो गए सुभाष बाजार के नामकरण को परंतु असली पहचान श्री आर पी पटेल सर एवं उनके पेंशनरों की सार्थक सोच से मिली जब सुभाष बाजार में उनकी मूर्ति स्थापना की गई इसके लिए समस्त पेंशनर बधाई एवं प्रशंसा तथा वंदन के पात्र हैं तथा हमें हर वर्ष सुभाष जयंती पर इन्हें सहयोग प्रदान कर पुण्य के भागीदार बनना चाहिए। संघ के द्वारा इनका भी साल एवं लेखनी भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कमल नारायण यदु ने कहा कि मुझे खुशी है हमारे पेंशनर परिवार ने अपने पूर्वजों की स्मृति में सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति बनवाई है यह आने वाली पीढियां के लिए प्रेरित करने वाली विरासत है। इसके लिए मैं श्री डीएस बिसेन, जे एल शुक्ला एवं रघुनाथ प्रसाद पटेल जी को बधाई के साथ प्रणाम करता हूं। कार्यक्रम में श्री मनीराम साहू, गिरधारी लाल वर्मा ,आसाराम अनंत ,दिलीप बिसेन ने गीतों एवं कविताओं के माध्यम से तथा दिनेश शर्मा ,जेएल शुक्ला, प्रकाश जाधव ने उद्बोधन के माध्यम से सुभाष जयंती पर अपने विचार रखें ।संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन अध्यक्ष श्री रघुनाथ प्रसाद पटेल ने किया ।इस अवसर पर श्री उमराव सिंह रात्रे परेटन लाल साहू ,रमेश कुमार वर्मा, अशोक पंत ,नारायण साहू, दीपक मिश्रा ,संतोष शर्मा, रामेश्वर पाठक ,कृष्ण कुमार वर्मा, शालिकराम साहू, एल एस नेताम, सुशीला वर्मा ,शांति मारकंडे ,महेश कुमार वर्मा ,सेवक दास मानिकपुरी, गणेशराम वर्मा ,पुनीतराम सेन, गोकरण वर्मा, एच एल महिपाल, गणपत वर्मा ,अनिल बेंजामिन, राजेश्वर वर्मा ,डीपी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

# भाजयुमो अध्यक्ष अनुराग चंद्राकर ने विशाल रैली के साथ खरीदा फार्म



**कुरूद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के तहत आज भाजयुमो अध्यक्ष ने अपने कोई सौ समर्थक युवाओं एवं महिला पुरुष भाजपा नेताओं के साथ विशाल रैली निकालकर फॉर्म लेते हुए ला दी कुरूद की राजनीति में भारी हलचल। दोपहर 12 बजे कारगिल चौक से एस डी एम कार्यालय कुरूद तक भारत माता की जयकारे और भारतीय जनता युवा मोर्चा का नारा लगाते हुए भाजयुमो अध्यक्ष अनुराग चंद्राकर के समर्थकों ने कुरूद नगर में जोरदार चुनावी माहौल बनाया।*

नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन पत्र प्रक्रिया के चौथे दिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनुराग चंद्राकर अपने कई युवा समर्थकों, महिलाओ और नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय कुरूद पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष का नामांकन फार्म खरीदा ।इस दौरान उत्साहित युवा मोर्चा ने अनुराग चंद्राकर को पुष्प माला पहनाते हुए अनु भैया जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। इस दौरान हरिशंकर सोनवानी ,मालक राम साहू,विकास चंद्राकार भूपेंद्र सिन्हा हिमांशु साहू लक्ष्मीकांत साहू विक्रम चंद्राकर,शुभम तिवारी जे एस नेताम खीरीराज साहू बिट्टू नागवानी टाजेनद चंद्राकार मुकेश सपरे सौरभ शर्मा अंगद चंद्राकार इरफान खान नवीन चंद्राकार ,नीरज यादव ,युवराज सोनकर ,कान्हा चंद्राकार, मुकेश स्प्रे ऋतुराज शर्मा, नीरज नागवानी, पारस निर्मलकर ,रिषभ सिन्हा ,अंकुश चंद्राकार ,याद राम यादव ,तरुण देवांगन हरि कोशरिया रोशन साहू ,विवेक वैष्णव ,दीपक साहू ,विक्रम साहू ,शुभम बैस ,हिमांशु बैस ,अभिषेक सादीजा ,हर्षित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ



**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में पुलिस कार्यालय धमतरी में उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव की उपस्थिति में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलायी गई।

शपथ में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी। पुलिस कार्यालय में अधिनस्थ समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। इसी तहत रक्षित केन्द्र धमतरी, यातायात एवं समस्त थान-चौकी प्रभारियों द्वारा समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

# सौगात अधूरे काम की, अवसर सिर्फ एक

**भाटापारा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। सौगात, अधूरा स्टेडियम, अहाता विहीन पशु आश्रय स्थल, बस स्टैंड, जहां-तहां लगते सब्जी बाजार और अधूरी नल-जल योजना। साथ में शाश्वत सफाई व्यवस्था। यह सब नई शहर सरकार को विरासत में मिलने वाली है।

यकीन मानिए, नई सरकार को विरासत के रूप में कई ऐसी समस्याएं मिलेंगी, जिनको खत्म करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। सफलता तो मिलेगी लेकिन सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी पक्ष और विपक्ष को। तब ही भरोसा जीत पाएंगे शहर का और समस्या मुक्त शहर की कल्पना पूरी की जा सकेगी।

**समस्या अनेक, अवसर एक**

खेल प्रेमियों को आस है सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम निर्माण की, जो अधूरा है। कई सरकारें आईं और गईं लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले। गर्मी, बारिश और शीत ऋतु में आसरा खोजते मवेशी सड़कों पर ही विचरण के लिए विवश हैं क्योंकि अहाता और भोजन व पानी की सुविधा नहीं है निर्धारित जगह पर। आगत नई शहर सरकार को पहली चुनौती पेय जल की समस्या से मिलने जा रही है। लगभग पूरा शहर पूरे साल सामना करता रहा है इस समस्या से।




**नजरअंदाज करना भारी भूल होगी**

रविवार और बुधवार ही नहीं, अब मंगलवार और शनिवार को भी लगने लगा है सब्जी बाजार। मुख्य मार्ग पर लग रहे यह दोनों, आवाजाही को बाधित कर रहे हैं। पूरे जिले का सबसे बड़ा यह शहर, सबसे ज्यादा अतिक्रमण वाला भी माना जा रहा है। समानांतर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उदासीनता भी बढ़ी हुई है। ऐसे में देखना होगा, नई शहर सरकार को कि कैसे स्थाई हो चुकी, इस समस्या का निदान किया जा सके?

**गंभीर प्रयास जरूरी**

बस स्टैंड और गार्डन। हालत पर चिंता जता रहे है शहरवासी। नई शहर सरकार को गंभीर पहल करनी होगी इन दोनों के लिए क्योंकि समय रहते कोशिश नहीं कि तो लचर सफाई व्यवस्था की तरह यह दोनों भी स्थायी समस्या बन सकते हैं। सबसे ज्यादा अहम है पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बनाना, तब ही कहीं जाकर सफलता मिलेगी।

# मतदान लोकतंत्र का आधार, मतदाता आधार स्तंभ : कलेक्टर




- हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने कलेक्टर की अपील
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न
- निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ हुए पुरस्कृत

**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान धमतरी में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने नये मतदाताओं का स्वागत किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है और मतदाता आधार स्तंभ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं को हर एक निर्वाचन में बढ़-चढ़कर वोट डालने चाहिए। हर एक मतदाता का वोट कीमती है और उसकी अपनी अहमियत है। उन्होंने नए मतदाताओं को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने पर बधाई दी।

कलेक्टर ने कहा कि बिना भेदभाव के मत देने का अधिकार देने वाले भारत देश और उसके संविधान पर हमें गर्व होना चाहिए। कलेक्टर सुश्री गांधी ने आगामी दिनों में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन सहित सभी निर्वाचनों में जिले के मतदाताओं से अपने-अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सेल्फी जोन में नए मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक सेल्फी भी ली।

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे देश में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नागरिकों को निर्वाचनों में मत देने का अधिकार मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति दुर्गम ने मतदान संबंधी रूपरेखा एवं मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिले में पहली बार वोट डालने के लिए नए मतदाताओं कों रंगीन मतदाता फोटो परिचय पत्रों का भी वितरण किया गया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को हर एक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के आकाश गिरी गोस्वामी एव दल द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधानसभा सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 216-जामपानी के बूथ लेबल अधिकारी चित्ररेखा नेताम, विधानसभा कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 159-नवागांव के बूथ लेबल अधिकारी खेमनसिंग कंवर और विधानसभा धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 47 परेवाडीह के बूथ लेबल अधिकारी उमेश कुमार जोशी को प्रशस्ति पत्र तथा नगद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह महाविद्यालय में स्वीप के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के प्रोफेसर और नोडल ऑफिसर (स्वीप) डॉ. यशोदा साहू को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# जिले में अब तक 6 लाख 17 हजार 637 मी. टन धान की हुई खरीदी



**धमतरी,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत 1 लाख 28 हजार 346 किसानों में से 1 लाख 23 हजार 625 किसानों का कुल 6 लाख 17 हजार 637 मी. टन धान की खरीदी की गई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी की गई धान का मूल्य 1422.25 करोड़ रूपये है, जिसका संबंधित कृषकों को प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण/परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका मद्देनजर जिले के प्रत्येक विकासखंड में ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। गठित ब्लाक स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा अवैध धान भण्डारण/परिवहन करने वालों के विरुद्ध दिनांक 14 नवम्बर 2024 से 23 जनवरी 2025 तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही की गई और 76 प्रकरण दर्ज कर कुल 5307 चिंटल अवैध धान जप्त किया गया है।

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार आज ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल धमतरी द्वारा बलराम ट्रेडिंग कंपनी ग्राम अरौद (ली) संचालक श्री बलराम सिन्हा एवं मां कर्मा माता किराना दुकान, संचालक श्री चन्द्र प्रकाश साहू के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। जांच में बलराम ट्रेडिंग कंपनी ग्राम अरौद (ली) में 125 कट्टा (50 चिंटल) एवं मां कर्मा माता किराना दुकान में 40 कट्टा (16 चिंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 165 कट्टा (66 चिंटल) अवैध धान जप्त किया गया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई




**खरोरा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में आज 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि ꖦहम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपनी मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शपथ उपरांत मतदान जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें मतदान जागरूकता संबंधी विभिन्न नारों जैसे जागरूक समाज की क्या पहचान शत प्रतिशत होगा मतदान, वोट हमारा है अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल, बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान, बहकावे में कभी न आना, सोच-समझ कर बटन दबाना, वोट डालने जाना हैं अपना फर्ज निभाना है, करें राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी का हम मतदान, देश की तरक्की का ध्यान करें, घर से निकलकर मतदान करें, चाहे नर हो या नारी मतदान है सबकी जिम्मेदारी, जागरूक मतदाता देश का भाग्यविधाता, नारों के साथ शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किए। मतदान दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य देश भर में सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्र में प्रतिवर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे, और उन्हें निर्वाचन फोटो पहचान पत्र सौंपे जाएंगे। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम हैं। इस दिन प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखती है। इसीलिए हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी बनता है।

इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, संगीता नायक, रजनी त्रिपाठी, चमेली खरे, जयंती साहू, तान्या भट्टाचार्य, मोगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बृजेश्वरी महिलांगे, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, शिवांगी निषाद, अमर बर्मन एवं समस्त छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

# भाजपा ने नए चेहरों पर खेला दांव, गरियाबंद नपा समेत पांच नपं अध्यक्ष व 90 पार्षदों की लिस्ट जारी की

- गरियाबंद ओर राजिम में निवर्तमान अध्यक्ष की कटी टिकट
- गरियाबंद पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन का टिकट कटा, नए चेहरे प्रशांत मानिकपुरी को मिला मौका
- राजिम में श्रीमती रेखा सोनकर के बदले महेश यादव बने प्रत्याशी




**गरियाबंद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। शनिवार को भाजपा ने गरियाबंद नगर पालिका गरियाबंद सहित जिले के पांच नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इसमें गरियाबंद में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन का टिकट कटकर भाजपा ने नए चेहरे प्रशांत मानिकपुरी को नगर पालिका अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा राजिम से भी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर का टिकट कटकर नए चेहरे महेश यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। पेशे से प्रशांत मानिकपुरी और महेश यादव दोनो अधिवक्ता हैं। इसके अलावा आरक्षण के कारण बदले समीकरण में फिंगेश्वर नगर पंचायत से उत्तम राजवंशी और छुरा नगर पंचायत से लुकेश्वरी निषाद को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। वही हाल में अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा में रूप नारायण साहू और देवभोग नगर पंचायत से अनिता विकास उपाध्याय को अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया है। इन दोनों निकाय में पहली बार चुनाव होना है। देखा जाए तो पूरे छः निकाय में भाजपा ने नए चेहरे पर दांव खेला है। टिकट घोषणा के बाद चुनाव में भाजपा अब कांग्रेस से एक कदम आगे निकल गई है। हालांकि बताया जा रहा है कि रविवार को कांग्रेस के भी प्रत्याशियों की घोषणा हो जाएगी। उनकी सूची भी फाइनल हो गई है।

इसके पहले राजिम में भाजपा के जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी ने पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू सहित भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस कर प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची जारी होते ही तुरंत लिए सोशल मीडिया में वायरल हो गई।

**दो टिकट काटकर भाजपा ने सबको चौंकाया :** भाजपा ने निकाय चुनाव में नगर पालिका गरियाबंद और नगर पंचायत राजिम में वर्तमान अध्यक्ष की टिकट काटकर सबको चौंका दिया है। निकाय चुनाव को लेकर पहले से ही इन दोनों के प्रबल और संभावित दावेदार होने की चर्चा चल रही थी माना भी जा रहा था कि पार्टी इन्हें फिर से रिपीट करेगी। लेकिन हमेशा अपने फैसले से लोगों को चौंकाने वाली भाजपा ने एक बार फिर गरियाबंद में नए चेहरे पर दावा खेलकर सभी को चौंका दिया है। विपक्ष में रहने के बाद भी नगर में भाजपा के सत्ता लाने में कामयाब रहे गफ्फू मेमन 5 साल लगातार नगर के विकास के लिए सक्रिय रहे। करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत कराए और अनेक विकास कार्य को सौगात दी। ऐसे में उनका टिकट कटने के बाद नगर में चर्चा का दौर तेज है। उनके अलावा पूर्व सभापति आसिफ मेमन, रिखीराम यादव, आशीष शर्मा के नाम करना भी किसी का आश्चर्य से कम नहीं है।

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
























# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...















# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...


















# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...















# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...


## प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जामगांव पं.क्र.595 तहसील कुरुद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़

क्षेत्र के समस्त किसान भाईयों को

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




प्राधिकृत- अधिकारी ढालचंद साहू


प्रबंधक-फर्नेंद्र साहू


कैशियर-यशवंत साहू


कम्पयुटर आपरेटर-द्रोण कुमार साहू


सहा.प्रबंधक- सेवक राम साहू


कलर्क- दिलीप कुमार चेलक


राम देव साहू


ओम प्रकाश

शुभेच्छु-प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जामगांव, जिला धमतरी

---

जिला एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



26 जनवरी गणतंत्र दिवस

## ललित सोनी

वरिष्ठ पत्रकार देशबन्धु प्रेस बागबाहरा
मो. 7724991007

---

मेरा भारत महान

जय जवान - जय किसान

26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की जय, तिरंगा झंडा की जय

हमारी संस्था की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सेवकराम चंद्राकर
शाखा प्रबंधक
चतुर्भज साहू
कम्प्यूटर ऑपरेटर
देवेन्द्र कुमार चंद्राकर
विक्रेता

मुकेश कुमार चंद्राकर
प्राधिकृत अध्यक्ष
उत्तम कुमार चंद्राकर
विक्रेता
योगेश कुमार चंद्राकर
विक्रेता

यशवंत कुमार चन्द्राकर
समिति प्रबंधक
कालूराम बरिहा
विक्रेता
रविन्द्र कुमार ठाकुर
भृत्य

दीनदयाल सेन
लिपिक
झनक राम चक्रधारी
विक्रेता
दुर्जन साहू
भृत्य

सौजन्य

## ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मुनगासेर

पंजीयन क्रमांक -981
धान खरीदी केंद्र मुनगासेर
विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद ( छत्तीसगढ़ )

---

मेरा भारत महान

जय जवान - जय किसान

26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की जय, तिरंगा झंडा की जय

हमारी संस्था की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेन्द्र सिंह ठाकुर
शाखा प्रबंधक
ओंकार सिंह पाड़े
कम्प्यूटर ऑपरेटर
नेहरू लाल चक्रधारी
विक्रेता

हिमांशु जायसवाल
पर्यवेक्षक
ललित कुमार ठाकुर
सहायक लिपिक
मोहन लाल साहू
विक्रेता

हलधर प्रसाद चंद्राकर
प्राधिकृत अध्यक्ष
मोहित कुमार ध्रुव
प्रोसेस सर्वर
धर्मेन्द्र कुमार साहू
चौकीदार

धनेश्वर साहू
समिति प्रबंधक
रमेश चन्द्राकर
विक्रेता

सौजन्य

## ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कछारडीह

पंजीयन क्रमांक -855
धान खरीदी केंद्र कछारडीह
विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद ( छत्तीसगढ़ )

---

मेरा भारत महान

जय जवान - जय किसान

26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की जय, तिरंगा झंडा की जय

हमारी संस्था की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नरेन्द्र सिह ठाकुर
शाखा प्रबंधक
पूरन सिंह ठाकुर
लिपिक
चंद्रकांत ठाकुर
प्रोसेस सर्वर

हिमांशु जायसवाल
पर्यवेक्षक
ओंकार सिंह ठाकुर
कम्प्यूटर ऑपरेटर
दुबसिंग ठाकुर
विक्रेता

तुलसी राम साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष
गोवर्धन ध्रुव
कम्प्यूटर ऑपरेटर
लेखराम यादव
विक्रेता

गीतेश कुमार साहू
समिति प्रबंधक
मयंक यादव
प्रोसेस सर्वर
नितिन यादव
विक्रेता

हलधर यादव
लिपिक
हरेन्द्र साहू
प्रोसेस सर्वर
छेदुराम यादव
भृत्य

सौजन्य

## ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कसेकेरा

पंजीयन क्रमांक -1080
धान खरीदी केंद्र कसेकेरा
विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद ( छत्तीसगढ़ )



भारतीय संविधान की महानतम लोकतंत्र की अजेयता
एवं देश की एकता और अखंडता को समर्पित
कसडोल नगर के प्रबुद्ध नागरिकगण, किसान भाईयों,
महिलाशक्ति एवं युवा साथियों को
76वां गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाईयाँ
शुभकामनाएं...
मां महामाया देवी
आपका अपना ही
प्रदीप मिश्रा
कसडोल नगर
प्रदीप मिश्रा




आपका अपना सशक्त, शिक्षित, लोकप्रिय, कर्मठ, जुझारू,
संघर्षशील जनपद पंचायत क्षेत्र क्र 15 के उम्मीदवार
सोनी रामचंद्र ध्रुव की ओर से आप सभी समस्त जिला
एवं क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं.....
जय हिन्द
श्रीमती सोनी बाई ध्रुव
ज.पं.सदस्य प्रत्याशी क्षे. क्र. 15
श्री रामचंद्र ध्रुव
पुर्व ज. सदस्य एवं वर्तमान सरपंच असनींद
एवं भाजपा महामंत्री कसडोल
सरपंच प्रत्याशी ग्राम पं. असनींद
विनीत: समस्त क्षेत्रवासी, जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 15
एवं ग्राम पंचायत-असनींद जिला-बलौदाबाजार (छग.)




समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान. श्री संदीप साहू जी
विधायक-विधानसभा कसडोल
गोपी साहू (पलारी)
नेता नहीं मितान




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोसमंदा (शाखा कोसमंदी)
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंदूलाल वर्मा - लिपिक सहायक, प्रकाश ध्रुव - ऑपरेटर
पिताम्बर कनौजे - विक्रेता, जीवनलाल कनौजे - चौकिदार
एवं समस्त कृषकगण
भरतलाल वर्मा
प्राधिकृत अध्यक्ष कोसमंदा
दुर्गा प्रसाद कनौजे
समिति प्रबंधक कोसमंदा




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सरसेनी (शाखा कोसमंदी)
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनूप साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष सरसेनी
विनीत : समस्त कर्मचारी एवं कृषकगण सरसेनी
परसराम साहू
समिति प्रबंधक सरसेनी




प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अमेरा (शाखा कोसमंदी)
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मनहरण फेकर
प्राधिकृत अध्यक्ष अमेरा
विनीत : समस्त कर्मचारी एवं कृषकगण अमेरा

# गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...













